सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-237 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 06 फरवरी 2024
25 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## योगी सरकार ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा बजट, विकास के लिए खर्च होंगे 7.3 लाख करोड़

# योगी सरकार का राम-राज वाला बजट

## महिलाओं, युवाओं और किसानों पर फोकस, 24 हजार करोड़ की नई परियोजनाएं

### सौगात

- 2023-24 की तुलना में बजट में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि
- इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर सबसे अधिक जोर
- पर्यटन भी रहा फोकस में
- निर्माण कार्यों के लिए बजट में व्यवस्था
- 120 नए वाहनों की होगी खरीद
- धार्मिक कॉरिडोर के लिए 1750 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा में अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए इसे भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। योगी सरकार अपने हर बजट की कोई ना कोई थीम रखती है। पिछले वर्ष के बजट की थीम त्वरित एवं सर्वसमावेशी विकास थी तो इस बार यानि 2024-25 का बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए लोक मंगल की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है।

हम आपको बता दें कि योगी सरकार के आठवें बजट में विकास और विरासत को समान महत्व देते हुए महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। विधानसभा में राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। उन्होंने बताया कि कि बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिला, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट को भगवान श्रीराम को समर्पित करते हुए कहा है कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है, जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्सव, उद्योग और उम्मीद को नये यूपी की तस्वीर बताया। वहीं योगी सरकार के बजट को केवल नाम का बताते हुए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विधानसभा में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि इस बजट से प्रदेश के लोगों को निराशा हुई है। बजट की बड़ी बातों पर गौर करें तो आपको बता दें कि योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (6,06,802.40 करोड़ रुपये) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपये (1,14,531.42 करोड़ रुपये) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।



### महिलाओं, पिछड़ों और वृद्धों का भी रखा गया ख्याल

राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं, पिछड़ों और दलितों की सेहत, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर खास ध्यान देते हुए धनराशि की व्यवस्था की है। महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए 5129 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी तरह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय के भुगतान के लिए 971 करोड़ रुपये और कन्या सुमंगला योजना के लिए 700 करोड़ रुपये दिए गये हैं। राज्य सरकार ने निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये की है। बता दें कि इस योजना में 2023-2024 में तृतीय तिमाही तक 31.28 लाख निराश्रित महिलाओं को लाभांवित किया गया है। इसी तरह वृद्धावस्था पेंशन हेतु 7377 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिलाओं के भरण पोषण अनुदान के लिए 4073 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को 6 विभिन्न श्रेणियों में कुल 15000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है।

### शिक्षा के लिए खोला खजाना

प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के लिए 1862 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों की पुत्रियों हेतु 600 करोड़ रुपये दिए गये हैं। पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा के लिए 35 करोड़ रुपये और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रावासों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपये दिए है।

### 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संत रविदास शिक्षा सहायता योजना एवं मेधावी छात्र पुरस्कार योजना को एकीकृत करते हुए नई योजना संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना कर दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत माह नवम्बर, 2023 तक 1,86,270 छात्र छात्राओं को लाभ हुआ तथा लगभग 58 करोड़ 46 लाख रुपये की धनराशि व्यय की गई। निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रत्येक मण्डल में एक-एक अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं जिसकी कुल निर्माण लागत 1267 करोड़ रुपये है। 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है। वर्तमान में कक्षा-6 हेतु शैक्षणिक सत्र 2023-24 प्रारम्भ हो चुका है।



### प्रदेश के लोकमंगल के लिये सरकार ने पेश किया बजट : योगी

उत्तर प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े बजट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट 2024-25 प्रस्तुत किये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज है, जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्सव, उद्योग और उम्मीद को नये यूपी की तस्वीर बताया। पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार का ये आठवां बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा 7,36,437.71 करोड़ का बजट है। सीएम योगी ने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है। सीएम ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को गिनाते हुए बताया कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो ना केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपए की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपए यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने ना केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गया, यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किये गये।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई: मोदी

## अब कितने टुकड़े करोगे, परिवारवाद का खामियाजा कांग्रेस ने भुगता

- एक प्रोडक्ट लॉन्च करने के चक्कर में दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गईः प्रधानमंत्री
- भाजपा ने सार्वजनिक रूप से 400 पार का ऐलान कर दिया है

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सार्वजनिक रूप से 400 पार का ऐलान कर दिया है। 17वीं लोकसभा के अंतिम सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद आगामी लोकसभा चुनाव में राजग के 400 से अधिक सीटें और अकेले भाजपा के 370 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया।

चर्चा के दौरान विपक्षी नेताओं के नकारात्मक रूख पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लंबे समय तक वहीं (विपक्ष की कुर्सी) पर रहने का संकल्प ले लिया है। लगभग 100 मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने और एक-एक पाई वसूलने के संकल्प के साथ ही महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों के लिए पिछले 10 सालों में किये गए कामों का हिसाब भी दिया। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च करने की कोशिश में न सिर्फ कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गई बल्कि आईएनडीआईए का एलानमेंट भी बिगड़ गया। लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत बताते हुए उन्होंने विपक्ष के ताजा हालात के लिए सीधे तौर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उनके अनुसार कांग्रेस के पास बेहतर विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए 10 साल का समय मिला था, लेकिन परिवारवाद के कारण कांग्रेस ने इस अवसर को गंवा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस ने विपक्ष में तेजस्वी नेताओं को उभरने नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हालात यह है कि विपक्ष के बहुत सारे सांसद चुनाव लड़ने का हौसला भी खो चुके हैं और जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उसकी वजह से %अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में ही दिखेंगे।% दक्षिण भारत को अलग देश बनाने के कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के बयान का प्रधानमंत्री ने तीखा प्रतिकार किया। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग देश में एक अलग देश बनाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के इतने टुकड़े करके भी समाधान नहीं हुआ और अब कितने टुकड़े करोगे। भाषण के दौरान विपक्ष की ओर से मुस्लिम समाज को अनदेखी करने के आरोप पर प्रधानमंत्री ने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि सरकार महिला, युवा, गरीब और किसान के कल्याण के लिए काम कर रही है, उसमें सभी समाहित हैं। विपक्षी सांसदों को आइना दिखाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कब तक टुकड़ों में सोचते रहोगे, समाज को बांटते रहोगे। प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे विपक्षी नेताओं की एकता पर करारा प्रहार किया।



# सीएम चंपई सोरेन फ्लोर टेस्ट में पास

- विश्वास मत के समर्थन में सोरेन को 47 वोट प्राप्त हुए, विरोध में 29 वोट पड़े

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को सीएम चंपई सोरेन ने आसानी से बहुमत साबित साबित कर दिया। विश्वास मत के पक्ष में 47 वोट पड़े, जबकि विरोध में सिर्फ 29 मत ही मिले।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पहली अग्निपरीक्षा में सफल रहे हैं और अब वे आगामी बजट सत्र की तैयारी में जुट गया। पक्ष-विपक्ष के कुल 77 विधायक सदन में मौजूद थे। जबकि जेएमएम के रामदास सोरेन, बीजेपी के इंद्रजीत महतो और निर्दलीय अमित महतो अनुपस्थित थे। रामदास सोरेन और इंद्रजीत महतो की तबीयत खराब हैं, इस बात की जानकारी सभी को पहले से थी। लेकिन बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित महतो ने वोटिंग के दौरान गायब रह कर सभी को चौंकाने काम किया। घाटशिला के जेएमएम विधायक रामदास सोरेन किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं और उनका दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं बीजेपी विधायक इंद्रजीत महतो कोरोना काल से ही बीमार चल रहे है, उनका इलाज हैदराबाद के एक निजी अस्पताल अस्पताल में चल रहा है। विश्वास मत के समर्थन में सीएम चंपई सोरेन को 47 वोट प्राप्त हुए। जबकि विश्वास मत के विरोध में 29 वोट पड़े।

### टीईटी 2021 के अभ्यर्थी याचियों को मिलेंगे दो सवालों के ग्रेस मार्क

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपीटीईटी परीक्षा 2021 के दो गलत सवालों के एवज में सभी 230 अभ्यर्थी याचियों को ग्रेस मार्क देकर एवं यूपी टीईटी 2019 के दो सवालों को लेकर 727 अभ्यर्थी याचियों को एक अंक देकर नए सिरे से परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अन्य सवालों को लेकर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याचियों ने उत्तर कुंजी पर आपत्ति की है या नहीं, इसके आधार पर विभेद नहीं किया जा सकता। सभी याचियों को राहत पाने का अधिकार है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने टीईटी 2021 के 230 अभ्यर्थी प्रगति अग्रवाल व 15 अन्य याचिकाओं व टीईटी 2019 के 727 अभ्यर्थी अखिलेश व 14 अन्य याचिकाओं को आंशिक मंजूर करते हुए दिया है।

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई




75वें गणतंत्र दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनायें



श्रीष प्रताप उर्फ सोनू यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- सोहास खास
विख. उसका बाज़ार, सिद्धार्थनगर

75वें गणतंत्र दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनायें



महबूब चौधरी
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-सोहास सुमाली
विख. उसका बाज़ार, सिद्धार्थनगर

कार्यालय नगर पंचायत भाटपार रानी, जनपद देवरिया



मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री - उ.प्र. सरकार

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत भाटपार रानी की सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं



मा. अरविन्द कुमार शर्मा
नगर विकास मंत्री, उ.प्र.

1. ये नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में हमारा सहयोग प्रदान करें। 2. अपने समस्त करों की अदायगी समय से करें। 3. निकाय क्षेत्र में लगें डस्टबिन, लाईट आदि क्षतिग्रस्त न करें, यह राष्ट्र की सम्पति हैं। 4. पथ प्रकाश को क्षतिग्रस्त न करें, ये रात्रि में आपके मार्गदर्शक है। 5. पॉलिथिन बैग का प्रयोग न करें, जूट एवं कागज से बने थैलों का प्रयोग करें। 6. नालों में घर का कूडा-कचरा न डालें, नगर पंचायत द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही डालें। 7. पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड लगाये एवं जल संसाधन का अपव्यय न करें। 8. सड़े गले पदार्थों का सेवन न करें एवं इण्डिया मार्का हैडपम्प का शुद्ध पेयजल का प्रयोग करें। 9. अपने घर के आस-पास जल जमाव न होने दें एवं जल जमाव वाले स्थानों पर मिट्टी तेल/एण्टीलार्वा का छिड़काव करें। 10. खुलें में शौच न जायें, शासन द्वारा निर्मित घरेलू / सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालय का प्रयोग करें। 11. जन्म/मृत्यु का पंजीकरण जन्म / मृत्यु के 21 दिनों के अन्दर अवश्य करा लें। 12. साम्प्रदायिक सौहार्द बनायें रखें। 13. भवन निमार्ण करने के पूर्व नगर पंचायत से भवन मानचित्र की स्वीकृति अवश्य करा लें।



अमित कुमार सिंह
अधिशासी
नगर पंचायत भाटपार रानी, जनपद देवरिया



प्रेमलता अध्यक्ष
नगर पंचायत भाटपार रानी, जनपद देवरिया

नव निर्वाचित सदस्यगण

वार्ड नं.-1. आदित्य सिंह मोनू, वार्ड नं.-2. अनित देवी, वार्ड नं.-3.स्मिता वर्मा, वार्ड नं.-4. सुरेन्द्र चौहान, वार्ड नं.-5. कैलाश यादव, वार्ड नं.-6. पंकज यादव, वार्ड नं.-7. किरन मद्धेशिया, वार्ड नं.-8. सुमन यादव, वार्ड नं.-9. राजेश गुप्ता, वार्ड नं.-10. सलीम अली, वार्ड नं.-11. पुष्पा देवी, वार्ड नं.-12. दुर्गेश्वर सोनी

# उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव लिया बेटियों को बचाने, पढ़ाने का संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना पखवाड़ा के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग




अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला। जिला महिला चिकित्सालय में एसडीएम रेणु मिश्रा ने सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा, डीपीओ संजय कुमार निगम के साथ नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। वही नव जन्मी कन्याओं के अभिभावकों से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया गया।एसडीएम रेणु मिश्रा ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योति मेहरोत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए।

जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता-पिता का ज्यादा ख्याल रखती है।जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने कहा कि बेटियां लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा मां का स्वरूप होती हैं। उनके होने भर से घर की शोभा बढ़ जाती है। बेटियों के जन्म पर बेटों के जन्म जैसा ही उत्सव मनाना चाहिए। रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए।

# कोर्ट के आदेश के उपरान्त पुलिस ने पांच लोगो के विरुद्ध मुकदमा किया दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** कोर्ट के आदेश पर घर में घुसकर मारपीट कर जान से मार डालने की धमकी के साथ जाति सूचक गालियां देने के आरोप में पुलिस ने पांच माह पूर्व पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बैदा निवासी सूबेदार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह गांव के ही साजिद के घर मजदूरी करता है। मालिक ने अपनी बेटी शीबा का निकाह बरबर कस्बे के मोहल्ला रोशन नगर निवासी रियाजुल्ला के साथ किया था। कुछ समय बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता के चलते ससुराल वालो ने शीबा को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तबसे शीबा अपने मायके में ही रह रही थी। 27 जुलाई 2023 को परिवार के सभी लोग बाहर गए थे वह घर में अकेले रखवाली कर रहा था। इसी बीच एक गाड़ी में सवार बरबर निवासी मसीउल्ला और उनके दो पुत्र जियाउल्ला, रियाजुल्ला और अजमल खां गांव पंडरवा, आसिफ नवासी गांव लाल पुरवा जनपद हरदोई आदि घर में घुस पड़े। सभी हमलावरो ने एक राय होकर उसकी लात घूसों से पिटाई कर दी तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां भी दी। पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली पुसिल सहित आला अधिकारियों को देने के बाद भी कार्यवाही न होने पर कोर्ट कर दरवाजा खटखटाया। जिस पर कोर्ट के आदेश के उपरान्त पुलिस ने पांच लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किराने की दुकान में आग लगने से दुकान में रखा सामान और नगदी जली

**लखीमपुर खीरी।** ढखेरवा चौराहे की धौरहरा रोड पर एक किराने की दुकान में आग लगने से दुकान में रखा सामान और नगदी जल गई। बताया जाता है कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली के दुकान से टकराने की वजह से बिजली के तारों में स्पार्किंग हुई और दुकान में आग लग गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है।बढ़हिनपुरवा गांव निवासी अनुज जायसवाल की ढखेरवा में किराने की दुकान है। अलसुबह लोगों ने देखा कि दुकान में आग लगी है। फोन कर अनुज को बुलाया गया और शटर खुलवाया गया। अंदर आग धधक रही थी और सारा सामान जल चुका था। आसपास के लोगों ने मिलकर किसी तरह आग बुझाई। इससे पहले आधी रात में एक गज्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर इसी दुकान से टकरा गई थी। अशंका है कि हादसे की वजह से बिजली के तारों में स्पार्किंग हुई और आग लग गई। ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने बुद्धापुरवा क्रेशर से अपने कब्जे में ले ली है। दुकानदार के मुताबिक आग लगने से नगदी सहित क़रीब साढ़े तीन लाख का नुकसान हुआ है।

## 5 फरवरी से 11 फरवरी तक शहर के कई मोहल्लों में बिजली कटौती का विभाग निर्धारित शेड्यूल जारी

**लखीमपुर खीरी।** शहर के क्रासिंग पार मौहल्लों मे रात 10 बजे से बिजली गायब है राजगढ़ , पंजाबी कालोनी, बरखेरवा, शिवकालोनी, मोतीनगर, बुद्ध विहार कालोनी, पटेल नगर, सुंदर पुरम समेत कई इलाकों की बिजली बीती रात से कटी हुई। घरों मे बिजली पानी नही। जबकि शादी बारातों की बड़ी सहालग। जिन घरों में वैवाहिक कार्यक्रमों की तिथि आज, वो परेशानी में फंसे। घरों के इन्वर्टर बैटरा ठप्प हुए लोगों के फोन नही उठा रहे बिजली कर्मी। इस बार छाउछ पावर हाउस 10 द्व1ड्ड ट्रांसफार्मर फुंकने से आई खराबी। कल भी 6 से 8 घण्टे गायब रही थी शहर के कई मोहल्लों में बिजली। जबकि 5 फरवरी से 11 फरवरी तक शहर के कई मोहल्लों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पहले से ही बिजली कटौती का विभाग निर्धारित शेड्यूल जारी 4 फरवरी को ही जारी कर चुका है।

## संविधान बचाओ और पीडीए जन संवाद किया गया




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** हमारे राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर महिला सभा की राष्टीय अध्यक्ष जूही सिंह दीदी के निर्देशानुसार संविधान बचाओ और पीडीए जन संवाद किया गया जिसमे बड़ी संख्याओं में महिलाओं ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया इस अवसर पर महिला सभा की राष्टीय महा सचिव रुही अंजुम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा देश खतरे मे है सभी को अपनी अपनी भागीदारी निभाते हुए देश को एक नई दिशा देनी होगी जिससे देश सुरक्षित हाथों में रहे, नफ़रत और धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले लोगों पर नकेल कसी जाए और हर तरह से देश के संविधान की रक्षा और सुरक्ष की जाए यही हम सभी को मूल मंत्र होना चाहिए हम देश को धार्मिक उन्माद में बटने नहीं देंगे सही मायनों में यही समाजवाद का जन मानस से असल संवाद है आइये साथ साथ मिलकर दलित मुस्लिम समुदाय को साथ लेकर देश हित मैं अपने संस्कारों और संविधान की रक्षा की शपथ उठाएं यही सबसे बड़ा धर्म है राष्टीय महा सचिव रुही अंजुम ने अपने खिताब मैं आगे कहा कि देश अब बलिदान मांग रहा है जिसमें हम सभी को मिल जुल कर तैयारी करनी है सभा में सभी लोगों ने हाथ उठा कर राष्टीय सचिव का रूही अंजुम का समर्थन किया। आगे उन्होंने कहा सपा सरकार में महिलाओ के लिए किए गए काम जन संवाद के माध्यम से समाजवादी पार्टी करती रहेगी।

# सरकार की प्राथमिकता ही मेरी प्राथमिकताः नगरायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवागत नगरायुक्त संजय चौहान ने सोमवार की सुबह नगर निगम पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने नगर निगम के सभी विभागों तथा आईसीसीसी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह कार्यभार संभालते ही नगर निगम के सभी विभागों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने टैक्स जमा करने वाले कैश काउंटर और हाउस टैक्स विभाग का निरीक्षण किया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता से उन्होंने जानना चाहा कि जीआईएस सर्वे में कितनी ऐसी नई सम्पत्तियां प्राप्त हुई हैं जिन पर टैक्स नहीं लगा है। उन्होंने ऐसे सभी सम्पत्ति स्वामियों को नोटिस भेजने और समयावधि में आपत्ति निस्तारण कर फाइनल बिल सम्पत्ति स्वामियों को प्राप्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा टैक्स की वसूली ऑन लाइन माध्यम से कराने के साथ ही यह भी निर्देश दिए कि मैनुअल जमा किये गए टैक्स की रसीदों की प्रतिदिन शत प्रतिशत कम्पयूटर में पोस्टिंग की जाए ताकि भवन स्वामियों के बिलों में गलत बकाया मांग लगकर न जा सके।



सम्पत्ति विभाग का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सम्पत्तियों और उनके रजिस्टर तथा नजूल सम्पत्तियों व उनके मिलान के सम्बंध में जानकारी ली। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि नजूल का सभी रिकॉर्ड निगम में ही है। उन्होंने नजूल की अवैध कब्जे वाली सम्पत्तियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। नगरायुक्त ने रिकॉर्ड रुम, निर्माण विभाग, लेखा विभाग, कोषागार तथा जन्म मृत्यु विभाग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जानना चाहा कि जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सम्बंधी कोई आवेदन तीन दिन से ज्यादा तो लंबित नहीं है। अपर नगरायुक्त ने बताया कि कोई आवेदन लंबित नहीं है। नगरायुक्त ने निगम के कंट्रोल रुम का निरीक्षण करते हुए प्राप्त शिकायतों की संख्या और उनके निस्तारण की भी विस्तार से जानकारी ली। नगरायुक्त ने कूड़ा निस्तारण, एमआरएफ सेंटर, सी एण्ड डी वेस्ट प्लांट, सोलिड वेस्ट प्लांट, वाहनों की संख्या, सफाई निरीक्षकों की संख्या, फॉगिंग मशीनों व जीपीएस युक्त वाहनों की संख्या तथा एसटीपी प्लांट व सीवरेज प्रबंधन आदि की जानकारी ली। उन्होंने सहायक नगरायुक्त को सुबह पांच बजे से नौ बजे तक की जाने वाली शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने प्रवर्तनदल प्रभारी ले.कर्नल गुरुंग से प्रवर्तनदल की जानकारी लेते हुए उसे और सशक्त बनाने के निर्देश के साथ ही अनेक सुझाव दिए।

बाद में उन्होंने आईसीसीसी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जानना चाहा कि आईसीसीसी से निगम को क्या लाभ हो रहा है, आईसीसीसी के साथ क्या-क्या इंटीग्रेट किया गया है। महानगर में कितने जंक्शन बनाये गए हैं। सेफसिटी के अंतर्गत कितने कैमरे इंटीग्रेट हो चुके हैं। शराब की दुकानों, पैट्रोल पंप, बैंक, स्कूल आदि की अलग अलग कैटेगरी बनाकर स्क्रीन पर देखने का भी उन्होंने सुझाव दिया। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि आईसीसीसी के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कितने वाहनों के चालान किये गए है और औसतन एक माह में कितना रेवेन्यू प्राप्त हुआ है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 24/2024 धारा 363/366 भादवि में वांछित अभियुक्त रजनीश पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम सांभर चौरा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को ग्राम राजापुर से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

## विधि विधान से स्थापित की गई दूसरी मूर्तियां

**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला गोटय्याबाग अजय मोटर्स के पास घर के बाहर बने एक मंदिर में एक नशेड़ी अराजक तत्व द्वारा मूर्तियां खंडित कर दी गई थी सोमवार को जिला प्रशासन ने पुजारी पंकज कृष्ण शास्त्री के द्वारा दूसरी मूर्तियां विधि विधान से स्थापित कर दी गई है।

## बाग में अधेड़ का शव लटका मिलने से फैली सनसनी

**सहारनपुर।** थाना नानौता क्षेत्र के ग्राम बूंदुगढ़ में सोमवार की सुबह एक बाग़ में एक अधेड का शव लटका मिला, जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार पुलिस फ़ोर्स को साथ लेकर घटना स्थल पर पहुंचे और मौक़े का मुआयना कीया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पेड़ पर लटका शव नगर के मोहल्ला क़ानून गौयान निवासी गुलफाम खान पुत्र सुलेमान खान का है। सूचना पर क्षेत्रधिकारी गंगोह मुनिश चंद्र एवम नगर पंचायत चेयरमैन पति अफ़ज़ाल खान भी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक युवक के परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरी और जैसे ही फांसी पर लटके अधेड़ की सूचना परिवार जनों को लगी तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के फ़ुरकान भाई ने बताया कि सोमवार अल सुबह फज्र की नमाज़ पढ़ने के लिए उसका भाई गुलफाम घर से निकला था नमाज़ पढ़ने के बाद वापस घर आकर चाय नाश्ता के बाद सब अपने काम पर चले गए। मृतक के भाई ने बताया कि परिवार में सब लोग मेहनत मज़दूरी कर अपना परिवार पालते है।

# राजस्व परिषद अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट कार्यालय और तहसील सदर के अभिलेखों का किया गहन निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** राजस्व परिषद अध्यक्ष हेमंत राव का एक दिवसीय दौरा जनपद में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित पटलों पर अभिलेखों की जांच की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके निरीक्षण का उद्देश्य अभिलेखों का डिजिटलीकरण करना है जिससे कि लोगों को त्वरित न्याय मिल सके व कार्य में तेजी आए और कार्यों में पारदर्शिता दिखाई दे। इस दौरान उन्होंने भू-लेख अभिलेखागार,कृषि सांख्यिकीय अभिलेखागार, शस्त्र अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग एवं जनसंपर्क काउंटर के अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत परिषद अध्यक्ष ने सदर तहसील के खतौनी काउंटर का अवलोकन किया और वहां पर आए हुए आम जन लोगों से बातचीत की। तदुपरांत उन्होंने तहसील के सभी पटलों पर अभिलेखो की जांच की और तहसीलदार सदर को आवश्यक निर्देश दिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जनपद में राजस्व संबंधी कार्यों में काफी अच्छी प्रगति देखने को मिली है। साथ ही काश्तकारों को भूमि आवंटन और राजस्व से संबंधी मामलो में कार्य प्रगति पर है। कार्यालय में स्टाफ की कमी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इसके लिए आयोग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फुर्सतगंज एयरपोर्ट को उडान स्कीम में सम्मिलित किया जाये ड्ड अजय अग्रवाल



**रायबरेली।** भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराजे सिंधिया को पत्र लिख कर फुर्सतगंज एयरपोर्ट को उड़ान स्कीम में सम्मिलित कर टैक्स फ्री किए जाने का अनुरोध किया है, जिससे प्राइवेट एयरलाइन यहां पर व्यावसायिक उड़ाने जल्द शुरू कर सकें 7 भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि उनकी एक प्राइवेट एयरलाइन के अध्यक्ष से बात हुई है तथा वह फुर्सतगंज के लिए जल्द उड़ान शुरू करना चाहते हैं 7 परन्तु कोई भी व्यावसायिक फ्लाइट न होने के वावजूद उसको 'उड़ान' स्कीम में सम्मिलित नहीं किया गया है जिससे कि हवाई जहाजों को लैंडिंग टेकआफ के चार्ज न देने पड़े 7 भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने नागरिक उड्डयन मंत्री से आग्रह किया है कि फुर्सतगंज एयरपोर्ट को अविलम्ब 'उड़ान' योजना में सम्मिलित कर इसे पूरी तरह टैक्स फ्री किया जाये ताकि यहाँ से प्राइवेट एयरलाइन उड़ान शुरू कर सकें तथा यात्री कम किराये में यात्रा कर सकें ।

## अगर गांव की समस्याएं नहीं सुनी गई तो करेंगे मतदान बहिष्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**सरेनी, रायबरेली।** रायबरेली जनपद के सरेनी विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेमौरा के ग्रामीणों ने सड़क और पेय जल की समस्या को लेकर मतदान बहिष्कार का ऐलान किया है।

बीते दिन मीडिया से बातचीत करते हुए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शासन प्रशासन पर गांव की उपेक्षा का आरोप लगाया। बीते कुछ वर्ष पूर्व गांव के ही सुरेश सिंह सियाचीन में हो गए थे। जिसके बाद शहीद के नाम पर सड़क और द्वार बनाए जाने का आश्वासन सरकार की ओर से मिला था शहीद के भाई बीरेंद्र सिंह और नरेंद्र सिंह ने बताया कि आज तक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने के पानी का संकट है आने जाने का मार्ग खस्ताहाल है। लेकिन कोई प्रयास न तो कोई नेता की ओर से किया गया और न ही अधिकारियों की ओर से। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी लोक सभा चुनाव में पूरे गांव के लोग



मतदान बहिष्कार करेंगे।भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए और बहिष्कार का एक स्वर में समर्थन किया।इस मौके पर मुख्य रूप से सरोज सिंह,हरिनाम सिंह,राजेश सिंह, मन बोध सिंह, भाना सिंह एवम मनोज सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी के पिछडा दलित अल्पसंख्यक जन पंचायत (पी डी ए) पखवाड़ा कार्यक्रम घुरवारा रायबरेली

**रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र की सरेनी विधानसभा 182 के घुरवारा में चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया कि आप सभी पार्टी को मजबूत करे ताकि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी फिर से आ सके.और सपा नेता हाजी मो. शगीर ऊर्फ जनता विधायक ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि ये सरकार केवल दलितो व पिछडों को गुमराह करकर रही है ताकि अपने मनमाने तरीके से सत्ता का निर्वाहन करती रहे और दलित भाइयों का शोषण करती रहे फिर इ वी एम मशीन में गलत तरीके से वोटिंग को लेकर भी वार्ता की और सभी दलित व पिछडों को विश्वास दिलाया कि अब हमें बैलेट पेपर में चुनाव कराये सरकार अब इ वी एम मशीन में धांधली होती है नही तो हमारे दलित व पिछडों की जनता चुनाव बहिष्कार करेगी।

## कर अधिवक्ता के अधिवेशन में विक्रम चावला सम्मानित

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन में जनपद के कर अधिवक्ता विक्रम चावला को अच्छे विधिक कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

प्रयागराज में आयोजित अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य कर अधिवक्ताओं के बीच ज्ञान-विनिमय और विचार-विमर्श को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ कर अधिवक्ता विक्रम चावला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री चावला के विधि व्यवसाय एवं प्रांतीय बार संघ में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। श्री चावला ने 40 वर्षो से अधिक समय तक कर कानून के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। वे प्रांतीय बार संघ के सक्रिय सदस्य रहे हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## गोण्डा के तीन युवकों की मुंबई में गैस रिसाव से हुई मौत




*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** करनैलगंज नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के तीन युवकों की रविवार को मुंबई में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की वजह गैस रिसाव बतायी जा रही है।? पुलिस का मानना है कि गैस रिसाव के चलते तीनों युवकों की दम घुटने से मौत हुई है। युवकों की मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। करनैलगंज नगर के मोहल्ला भैरवनाथ पुरवा के निवासी आजम (30 वर्ष) पुत्र मोहम्मद सलीम राइनी, सफी अहमद उर्फ छोटकऊ (32 वर्ष) पुत्र रशीद व सईद अली (35 वर्ष) पुत्र अमजद अली मुंबई के वसई रोड इलाके में फल बेचने का कारोबार करते थे और वसई पश्चिम के मानिकनगर क्षेत्र के नौपाड़ा मोहल्ले में स्थित आशा सदन में किराए का कमरा लेकर साथ में रहते थे। शनिवार की रात तीनों ने एक साथ खाना खाया और फिर सो गए थे। रविवार को जब पड़ोस के लोगों ने उनके कमरे से गैस की गंध महसूस की तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो तीनों के शव कमरे में पड़े थे। एक का शव किचन में जबकि दो युवकों का शव हॉल में पड़ा था। पुलिस का कहना है कि तीनों युवकों की मौत गैस रिसाव के चलते हुई है।

# लोकसभा संयोजक का हुआ अभिनंदन

*अवधनामा संवाददाता*

**बेलसर (गोंडा)।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी को कैसरगंज लोकसभा का संयोजक बनाए जाने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बेलसर अजीत सिंह की अध्यक्षता में महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के प्रांगण में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल के दर्जनों पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा संयोजक कैसरगंज अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि उन्हें संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी के बलबूते पर लोकसभा कैसरगंज जीत का रिकॉर्ड बनाएगी तथा 2024 में नरेंद्र मोदी पुनः तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम के आयोजक एवं बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास तथा सबका विश्वास के नारे को चरितार्थ किया है। पेयजल व्यवस्था, आवास व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, संपर्क मार्ग व्यवस्था, स्वास्थ्य के देखभाल के लिए आयुष्मान कार्ड व्यवस्था, निशुल्क राशन व्यवस्था, किसान सम्मान निधि व्यवस्था साहित अन्य योजनाएं चलाकर उन्होंने लोगों का दिल जीता है। आप सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में उन योजनाओं के बल पर मोदी जी के जीत की हैट्रिक लगवाएंगे। हरिश्चंद्र सिंह क्षेत्रीय संयोजक व्यापार मंडल, विष्णु प्रताप नारायण सिंह जिला महामंत्री भाजपा, शैलेंद्र प्रताप सिंह मोनू अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत बेलसर अशोक सिंह पूर्व जिला मंत्री, केपी सिंह , राजेश सिंह मन्नू सभासद, राजेश सिंह संयुक्त मंत्री शिक्षक संघ, राकेश भारती भाजपा महामंत्री बेलसर , विजय शुक्ला, योगेंद्र पांडेय, शैलेंद्र सिंह राजेश वर्मा आशीष पांडेय उपाध्यक्ष एबीवीपी आदि उपस्थित रहे।



## अखिलेश यादव ने 50-50 हजार रुपए की मदद भेजी

**गोंडा।** सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 3 फरवरी को गुब्बारा फटने से जले हुए 10 युवकों इलाज हेतु 50-50 हजार रुपए की मदद भेजी, उक्त धनराशि युवा इस सपा नेता सूरज सिंह ने अस्पताल जाकर धनराशि सोमवार को परिजनो को सौपा। बताते चलें की जनपद मे घटी इस घटना को युवा सपा नेता सूरज सिंह ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को फोन पर गुब्बारा फटने से 10 लोगों के जलने की खबर दी खबर की जानकारी होने पर उन्होंने जहा पीडितों के लिए संवेदना प्रकट की वही तत्पश्चात तत्काल प्रत्येक 10 युवकों के लिए इलाज हेतु 50-50 हज़ार रुपए भेजने का काम किया।इसके बाबत युवा सपा नेता सूरज सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहले भी ऐसे कई मौके पर जनपद के लोगों की मदद की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने तरबगंज में विश्वकर्मा समाज के लड़के की हत्या पर 2 लाख, बेलावाँ में यादव समाज के बच्चे की हत्या पर 1 लाख, ब्राह्मण परिवार के दो बच्चों के एक्सीडेंट होने पर 2 लाख, धानेपुर नवजात शिशु को जानवर काटने से मृत्यु पर 1 लाख, इमिलया में सर्पदंश से मरे युवक को 1 लाख, सुभागपुर में किडनी ट्रांसप्लांट हेतु ढाई लाख रुपए, कस्टोडियल डेथ में मरे युवक को 2 लाख जैसी आर्थिक मदद के साथ-साथ न्याय दिलाने का भी काम किया है।

## आस्था स्पेशल ट्रेन 6 फरवरी को श्रीराम के भक्तो को लेकर पहुंचेगी कटरा रेलवे स्टेशन

**गोण्डा।** आस्था स्पेशल ट्रेन छ फरवरी को श्रीराम के भक्तो को लेकर पहुंचेगी कटरा रेलवे स्टेशन तैयारी पुरी डीआर एम सहित अन्य रेलवे के अधिकारियों ने कटरा रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्याओं का समाना ना करना पडे ध्यान रखे रेलवे के कर्माचारी सीनियर डीसीआई आशुतोष ने रविवार को दी जानकारी। जैसा कि मालूम है कि अयोध्या धाम श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से भारत के तमाम श्रद्धालुओं का श्रीराम के दर्शन के लिए लगातार आवागमन हो रहा है रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन चालू किया है आस्था की पहली ट्रेन अपने यात्रियों को लेकर छ फरवरी को सुबह आठ बजे मुंगेर से चलकर कटराशिवदयालगंज रेलवे स्टेशन पर आयेगी इस ट्रेन मे कुल बीस डिब्बे लगे होगे करीब 1500 यात्रियों का पहला जत्था इस ट्रेन से सफर करेगा यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसके रेलवे के तमाम आला अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमों को लगा दिया गया है इस ट्रेन के सफल संचालन के लिए रेलवे डीआरएम अनूप कुमार सिंह ने कटराशिवदयालगंज के रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण कर अपने मताहतो को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं इस ट्रेन के संचालन के साथ यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को भी समस्याओं का सामना करना पडे इसका विशेष निर्देश दिया गया है इसके बाबत सीनियर डीसीएम आशुतोष ने कहा कि मुंगेर बिहार से यह आस्था स्पेशल ट्रेन पर जो भी श्रद्धालुओं ने टिकट बुक कराया है उन्हे लेकर ट्रेन 6 फरवरी को कटरा रेलवे स्टेशन तक आयेगी यहा से श्रद्धालुओं को बस द्वारा श्रीराम जन्मभूमि दर्शन के लिए लेकर जाएगी तथा दुसरे दिन इन सभी को लेकर पुन अपने गंतव को वापस होगी। इस ट्रेन का ट्रायल किया गया है जो सफल रहा है इसका संचालन के लिए सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है। इस मौके पर रेलवे स्टेशन मास्टर रामदयाल यादव राकेश राय मनोज कुमार राय स्थानीय समाजसेवी पप्पू सागर विनीत गुप्ता बनारसी मौर्या अविनाश चंद्र श्रीवास्तव राजेश गुप्ता सहित रेलवे के तमाम आला अधिकारी व कर्मचारी व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए संकल्पितः सरोज यादव

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रुदौली के भेलसार चौराहा पर पीडीए पखवाड़ा एवं संविधान बचाओ देश बचाओ बैठक



की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव ने की एवं संचालन रुदौली विधानसभा महासचिव मंजू रावत ने की। जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने बताया कि पीडीए बैठक से लोगो में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।समाजवादी पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित हैं। साथ बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और लाचार स्वास्थ्य व्यवस्था, महिलाओं के साथ हो रहें अन्याय को सपा गठबंधन की सरकार बनने पर दूर किया जाएगा। सभी लोग सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को एकजुट होकर मतदान करें। और सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का काम करें।जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि पीडीए यह एक ऐसा जन आंदोलन है जो हर वर्ग को एक साथ लाने का काम कर रही है। सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जाति जनगणना का होना बहुत आवश्यक है। जातियों की संख्या बल के आधार पर ही उन्हें समानुपातिक हक और सम्मान मिलना है। सामाजिक और संविधान में जो आरक्षण की व्यवस्था है उसे भी समाप्त करने का खतरा है। भाजपा सरकार में किसान नौजवान महिलाएं व्यापारी अधिवक्ता शिक्षक और हर समाज पीड़ित है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों और नेताजी मुलायम सिंह यादव जी के संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी समाजवाद लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखती है। भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित रही डा. निषात अख्तर, रीता निषाद, कमला देवी, विमला कोरी, कल्पना, संजना, कमलेश कुमारी, आंचल, प्रेमा देवी, श्यामा, आदि लोग मौजूद रही।

# पीएम मोदी ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिलाओं को आरक्षण देते हुए विशेष कानून पास कियाः रोली सिंह

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** महिलाओं से संवाद के लिए पार्टी ने शक्ति वंदन अभियान की शुरूवात की गई है। जिसकी कार्यशाला सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला को महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवस्तव, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, ने सम्बोधित किया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा गौड़ ने किया।महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़े तथा उन्हे पार्टी की विचारधारा के साथ जोड़ा जाए इसके लिए तेजी से कार्य करना है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शक्ति वंदन अभियान के अर्न्तगत 10 फरवरी को स्वंय सहायता समूह व महिला कल्याण के लिए चलाए जा रहे एनजीओ के पदाधिकारियों के साथ लोक सभा केन्द्रीय कार्यालय पर चाय पर चर्चा की जाएगी। 12 फरवरी को स्वंय सहायता समूह की प्रमुख महिलाओं को सम्मान पार्टी कार्यालय सहादतगंज पर होगा। अभियान में समूह की महिलाओं के घर पर सम्पर्क कर उन्हें सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों के बारे में बताया जाएगा। 25 फरवरी को मंडल स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसे पीएम वर्चुअली सम्बोधित करेंगे। जिपंअ रोली सिंह ने कहा कि पीएम मोदी ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिलाओं को आरक्षण देते हुए विशेष कानून पास किया है। महिलाओं को केन्द्र में रखकर कई प्रकार की महत्वाकांक्षी योजना लेकर देश की महिलाओं को लाभान्वित किया है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा नारी शक्ति के सम्मान व स्वालंबन के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रृंखला प्रदान की है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु थाने स्तर पर एंटी रोमयो स्क्वायड का गठन किया गया है।कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रतिमा शुक्ला, नीलम जायसवाल, गीता, मंजू गुप्ता यमुनोत्री केसरवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन प्रतीक श्रीवास्तव ने किया।



## तीन घण्टे के अंदर सकुशल बरामद हुए 2 बच्चे

**बाराबंकी।** थाना मसौली पुलिस ने गुमशुदा 02 बच्चों को मात्र 03 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

चन्दन पाल पुत्र भगत पाल निवासी ग्राम व पोस्ट बांसा थाना मसौली ने थाना मसौली पर सूचना दी कि उनकी पुत्री श्रद्धा उम्र 08 वर्ष तथा पुत्र कार्तिक उम्र 11 वर्ष को मां द्वारा डांटा-फटकारा गया था जिसके बाद दोनों बच्चे बिना बताए घर से कहीं चले गए। आस-पास काफी खोजबीन की किन्तु दोनों का पता नहीं चला। उक्त सूचना पर थाना मसौली पुलिस द्वारा रिपोर्ट पंजीकृत कर बरामदगी हेतु 03 टीमों का गठन कर त्वरित कार्यवाही की गई जिसके परिणामस्वरूप मात्र 03 घण्टे के अन्दर दोनों बच्चों को हनुमान मंदिर ग्राम चक थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## सीसीटीवी की निगरानी में बैक पेपर के साथ बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए की परीक्षाएं शुरू

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर के साथ बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सोमवार को दो पालियों में शुरू हुई। बैक पेपर की परीक्षा सात जनपदों में कुल 18 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। वहीं बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए की विषम सेमेस्टर की परीक्षा पांच जनपदों के 10 केन्द्रों शुरू हुई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि विश्वविद्यालय की दो पालियों में स्नातक एवं परास्नातक बैक पेपर व बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमबीए की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हुई। जिनमें 30950 परीक्षार्थी के सापेक्ष 249 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल की सघन तलाशी में दो छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# नगर पालिका रूदौली में बांटा गया कंबल

अवधनामा संवाददाता

**रूदौली- अयोध्या।** नगर पालिका के हनुमान किला, स्वामी ब्रह्मानन्द, बाबू कल्याण सिंह, गुरु महाराज नंद नगर व अवंतीबाई लोधी में समारोहपूर्वक कंबल वितरण का आयोजन हुआ।पांचों वार्डो में 200- पालिका में सभी जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण हर वार्ड में किया जा रहा है। हनुमान किला वार्ड के सभासद आशीष वैश्य ने कहा कि वार्ड की जनता ने लगातार दूसरी बार आशीर्वाद देकर नगर पालिका भेजा है। जनता के भरोसे पर खरा उतरने का भरसक



200 जरूरतमंदों को मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव व पालिकाध्यक्ष जब्बार अली ने सभासद गणों की मौजूदगी में कंबल वितरण किया। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कहा कि निराश्रितों व जरूरतमंदों के लिए सरकार की तमाम योजनाएं संचालित है। यादव ने कहा कि योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिला है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर प्रयास जारी है। जिला पंचायत सदस्य राम नेवल लोधी ने अतिथियों को बुके भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, सभासद महेश कश्यप, आशीष वैश्य, उमाशंकर, ज्ञानचंद्र मिश्र, पंकज शर्मा, रामराज लोधी, लालचंद्र लोधी, गुफरान अहमद, मुमताज राईन, मो. फैसल, वैश्य मुन्ना, मालिकराम लोधी, मनीष वैश्य, शचींद्र शास्त्री, राजकिशोर सिंह, राम जी अग्रवाल, दुर्गेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन अयोध्या में रहने वाले लोगों की समस्याओं का करें निराकरणः पूर्व मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद से एक विज्ञप्ति में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि अयोध्या में रहने वाले लोगों की समस्याओं पर प्रमुखता से ध्यान दें उत्तर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन और वहां के रहने वाले लोगों की समस्याओं का निराकरण करें पूर्व मंत्री ने कहा की अयोध्या में रहने वाले लोगों को आने-जाने में किसी भी तरह की दिक्कतों का सामने न करना पड़े पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि अयोध्या में रहने वाले व्यक्ति को आने जाने में इतना परेशानी होता है कि जिला प्रशासन उनको फैजाबाद से लौटते समय उनको उनके आवास तक नहीं जाने देता उन सभी को चक्कर लगा कर जाना पड़ता है श्री पांडेय ने कहा कि प्रशासन को ऐसी व्यवस्था



करनी चाहिए जिससे अयोध्या में आए हुए यात्री को तथा वहां के निवासी को किसी भी प्रकार की समस्याएं न हो श्री पांडेय ने कहा इस समय शादी विवाह का माहौल चल रहा है सभी को आना-जाना पड़ता है यहां तक कि उनके रिश्तेदारों को भी आने जाने के लिए परेशान होना पड़ता है श्री पांडेय ने अयोध्या वासियों की समस्या का तत्काल समाधान की मांग की है इस अवसर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव जिला सचिव गौरव पांडे अंसार अहमद बबन चौधरी बलराम यादव वीरेंद्र कुमार गौतम जगन्नाथ यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## कांग्रेस ने संजय और अम्बरीष को बनाया लोकसभा कोआर्डिनेटर ,समर्थकों में खुशी की लहर

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते कांग्रेस पार्टी विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के लिए अपने कोआर्डिनेटरों की नियुक्ति कर रही है, बीते शनिवार को भी 46 लोकसभा क्षेत्रों में नियुक्ति की गई है। जिसमें नगर पंचायत कुमारगंज जनपद अयोध्या निवासी युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तिवारी को प्रतापगढ़ लोकसभा तो वहीं नागीपुर निवासी अम्बरीष पाण्डेय को मोहनलालगंज (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र का कोआर्डिनेटर बनाया गया है।गौरतलब है कि संजय तिवारी और अम्बरीष पाण्डेय लगातार कांग्रेस पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। संजय तिवारी वर्ष 2003 से कांग्रेस में सक्रिय रहते हुए ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस के पद पर कार्यरत रहते हुए कांग्रेस पार्टी को अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। श्री तिवारी की सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने पिछले वर्ष उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य भी नामित किया है और अब प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के कोआर्डिनेटर का दायित्व सौंपा है। वहीं अम्बरीष पाण्डेय भी 90 के दशक से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रहते हुए विभिन्न पदों पर कार्यरत रहते हुए पार्टी को अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं और अब कांग्रेस ने उन्हें मोहनलालगंज (सुरक्षित) लोकसभा क्षेत्र के कोआर्डिनेटर का दायित्व दिया है।

# पोस्टर, फेस पेंटिंग, निबन्ध एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर बाराबंकी।** फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद में प्राचार्य की अध्यक्षता में पोस्टर, फेस पेंटिंग, निबंध एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में शीतल वर्मा एवं शहला खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कहकशां यासमीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं शिवी जैन एवं वैभव श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फेस पेंटिंग में हर्षल वर्षा ने प्रथम, वैभव श्रीवास्तव ने द्वितीय एवं शमशेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में शीतल वर्मा ने प्रथम, कहकशां यासमीन ने द्वितीय एवं वैभव श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में वैभव श्रीवास्तव ने प्रथमस्थान, शमशेर ने द्वितीय स्थान एवं सावित्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉक्टर रवीश सिंह डॉक्टर मुंतज़िर कायम, डॉ प्रार्थना सिंह, डॉक्टर जेबा खान, डॉक्टर सना परवीन अंसारी, डॉक्टर दाऊद अहमद, डॉक्टर वंदना मिश्रा एवं डॉक्टर विशाल वर्मा रहे।

इस अवसर पर डॉक्टर सीमा सिंह ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है तथा उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर प्रोफेसर ज्योति शाह, डॉक्टर बृज किशोर राठौर, डॉ मनोज कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार सोनकर, डॉक्टर योगेंद्र कुमार एवं डॉक्टर अनिरुद्ध दिवाकर उपस्थित रहे।

# मेहंदी लगाएंगे खुशियां मनाएंगे राम आए हैं



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** योगी द्वारा राम लला के आगमन को लेकर अयोध्या में विभिन्न सरकारी विभागों व संस्थाओं की ओर से अपने तरीके से रामोत्सव 24 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की तरफ से महिलाओं को निशुल्क मेहंदी लगाई जा रही।

निःशुल्क मेंहदी लगाने का कार्यक्रम अयोध्या मे 14 जनवरी से प्रारंभ है जो 23 मार्च तक किया जाएगा। यह आयोजन, राम पथ, भक्ति पथ, राम की पैड़ी, तुलसी उद्यान सहित 10 जगह चल रहा है। यह कार्य मे लगभग 250 लोग कर रहे हैं। अब तक यहां आने वाली एक लाख से अधिक महिलाओं ने मेहंदी लगवायी है। अधिकतर महिलाएं राम व जय श्री राम के नाम से हाथों में मेहंदी लगवा रही हैं। मेहंदी लगाने वाले स्थानीय लोगों के माध्यम से मेहंदी लगाया जा रहा है। ललित कला अकादमी की ओर से लगभग चार लाख महिलाओं को मेंहदी लगाने का लक्ष्य है।

## एकेडमिक क्रियाकलापों के लिए अवध विवि का दुबई के साथ समझौता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं इंडो गल्फ मैनेजमेंट एसोसिएशन, दुबई के मध्य एकेडमिक क्रियाकलापों के लिये अनुबंध किया गया। सोमवार को विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट लंदन, यूएई कैम्पस के डिप्टी एकेडमिक डीन प्रो0 मोहन लाल अग्रवाल के बीच अनुबंध-पत्र का आदान-प्रदान किया गया। समझौता पत्र से पहले विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने के लिए दुबई के साथ एमओयू किया गया है। इससे इन्हें सीखने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कुलपति ने कहा कि निश्चित ही इस एमओयू से भविष्य में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। यूएई कैम्पस के डिप्टी एकेडमिक डीन प्रो0 मोहन लाल अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि दोनों संस्थानों के बीच एकेडमिक क्रियाकलापों में तेजी लाई जायेगी। इन्हें रोजगारन्मुख बनाया जायेगा।

# कल्याण ज्वेलर्स ने की अयोध्या में अपने प्रवेश की घोषणा

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** भारत की सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने आज घोषणा की कि वह 09 फरवरी (शुक्रवार) को अयोध्या में अपना पहला शोरूम खोलेगी। कंपनी के ब्रांड एंबेसडर श्री अमिताभ बच्चन, सिविल लाइंसस्थित इस नए शोरूम का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन, शुक्रवार (09 फरवरी) को शाम 05ः00 बजे किया जाएगा। इस लॉन्च के साथ, कंपनी न केवल अयोध्या में प्रवेश करेगी बल्कि वैश्विक स्तर पर अपना 250वांशोरूम खोलने की महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल करेगी। फिलहाल,यह आभूषण ब्रांड, देश के 23 राज्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया के 4 देशों में उपस्थित है। अपने 250वें शोरूम के लॉन्च के अवसर पर, कल्याण ज्वेलर्स एक अनोखी पेशकश कर रही है जिसके तहत न्यूनतम 1 लाख* रुपये कीखरीद में से आधे पर 0त्न मेकिंग चार्ज लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड दर, जो बाज़ार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूमों में मानकीकृत है, वह भी लागू होगी। ये ऑफर केवल सीमित अवधि के लिए वैध हैं। इसके अलावा, कल्याण ज्वेलर्स ने घोषणा की है कि वह आगामीअक्षय तृतीया के अवसर पर आभूषण खरीदने की योजना बना रहेग्राहकों के लिए प्री-बुकिंग ऑफर शुरू करेगी। यह अनूठी अक्षयतृतीया प्री-बुकिंग सुविधा 9 फरवरी से उपलब्ध होगी। नए शोरूम के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में, कल्याण ज्वेलर्स केकार्यकारी निदेशक, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, एक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहक के खरीदारी केअनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक समग्र परितंत्र बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हमें अयोध्या में अपने प्रवेश की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जहां जबरदस्त अप्रयुक्त संभावनाएं हैं और इस शहर हमें विकास की गति को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस क्षेत्र में नए निवेश, कंपनी की उत्तर भारत में उपस्थिति को मज़बूत करने के साथ-साथ ग्राहकों के लिए ब्रांड को और अधिक सुलभ बनाने के प्रतिप्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। अयोध्या में शोरूम का लॉन्च, कंपनी की इस क्षेत्र में अपने खुदरा पदचिह्न और परिचालन का विस्तार करने, ब्रांड को ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ बनाने और वृद्धि की गति को बढ़ाने की रणनीति का अंग है। शोरूम में कल्याण ज्वेलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिज़ाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की जाएगी। ग्राहक यहां विश्व स्तरीय माहौल के साथ-साथखरीदारी का अनोखा अनुभव प्रदान करने वाली अत्याधुनिक सुविधाओंकी उम्मीद कर सकते हैं। कल्याण ज्वेलर्स में बिकने वाले सभी आभूषण, बीआईएस हॉलमार्क वाले होते हैं और कई शुद्धता परीक्षणों से गुजरते हैं। ग्राहकों को कल्याण ज्वेलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा, जो शुद्धता, गहनों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देगा। यह प्रमाणन, अपने वफादार ग्राहकों को बेहतरीन पेशकश करने के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

## पहली बार जिला स्तरीय वॉटलिंग पंजाकुशती का आयोजन

**बाराबंकी।** जनपद में पहली बार जिला स्तरीय आर्म वार्टलिंग (पंजा कुश्ती) का आयोजन उत्तर प्रदेश आर्म वार्टलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में सागर इंस्टिट्यूट में किया गया। प्रतिभाग कर तनिष्क शर्मा, यमान, हर्ष ठाकुर, जीशान, अनमोल, रौनक ने अपनी वेट कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्रशांत, अनुज, मसब, आकाश, देव ने रजत पदक और जितेंद्र, विकाश, राहुल, अनुज, अफ़्ताब गुरकीरत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। तनिष्क शर्मा ने सभी खिलाडियों को टक्कर देते हुए चैंपियन ऑफ चैंपियन का ख़िताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के आयोजन को बाराबंकी आर्म वार्टलिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ऋषि शर्मा और ऋचा सिंह %गुंजन% के कुशल नेतृत्व में संपन्न किया गया। जिनका पुत्र तनिष्क शर्मा स्वयं पिछले वर्ष पंजा कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी आयु और वेट कैटेगरी में स्वर्ण पदक विजेता रह चुका है।

# सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी, केन्द्रीय बजट ने भी युवाओं को किया निराशः पुनिया

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** भाजपा की इमारत झूठ और जुमले के ताने बाने पर बनी है। कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में अन्तर नही है हम झूठ फरेब की राजनीति नही करते आज देश की सबसे बडी समस्या बेरोजगारी है लेकिन अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि केन्द्रीय अन्तरिम बजट ने भी युवाओं को निराश किया है। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के ग्राम बरौलिया स्थित हाजी वारिस अली शाह महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित न्याय पंचायत स्तर के संवाद कार्यक्रम में कांग्रेसजनो के बीच व्यक्त किये। अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा तथा संचालन महासचिव नेकचन्द्र त्रिपाठी ने किया। पूर्व सांसद डा पीएल पुनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मो मोहसिन के साथ न्याय पंचायत स्तर की संवाद कार्यशाला में विकासखण्ड हरख के ग्राम इब्राहिमाबाद में सहभागिता निभाई। लोकसभा 2024 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतो से जिताने की अपील की। डा पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीब, किसान, मजदूर से कोई लेनो देना नही है वह सिर्फ आवाम की भावनाओ को भडकाकर उनका वोट लेना जानती है और बाद में अपना काम बनने के बाद उन्हे उनके हाल पर छोड देती है क्योकि भाजपा किसानो का कर्ज माफ करने के बजाय कारपोरेट का कर्ज माफ करने में विश्वास करती है। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस देश के संविधान की और आपके अधिकारो के रक्षा की लडाई लड रही है।

विकास खण्ड हरख के ग्राम इब्राहिमाबाद में आयोजित न्याय पंचायत स्तर की संवाद कार्यशाला को मुख्यरूप से रामहरख रावत, ब्लाक अध्यक्ष संतशरण वर्मा ने सम्बोधित किया।

# क्लस्टरों में ग्राम पंचायत की नियुक्ति के लिए हुआ साक्षात्कार



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा रिक्त ग्राम पंचायत क्लस्टरों में ग्राम सचिवों की नियुक्ति हेतु 05 ब्लॉक के सचिवों का साक्षात्कार लिया गया।द्वएडीपीआरओ नित्यानंद ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अधिकतम 01 क्लस्टर के प्रभारी सचिवों को क्लस्टर आवंटन के निर्देश के क्रम में 05 ब्लाकों बृजमनगंज, परतावल, फरेंदा, सिसवा और निचलौल के कुल 31 सचिवों को बुलाया गया था, जिनके पास अधिकतम 01 क्लस्टर की जिम्मेदारी थी। जिलाधिकारी द्वारा सचिवों से ग्रामीण विकास और निर्माण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सचिवों को ग्राम पंचायत क्लस्टर का आवंटन योग्यता और नियमानुसार आवंटित किया जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि एक सचिव को 01 ही क्लस्टर का आवंटन किया जाए, ताकि कार्य सुचारू ढंग से संपादित हों और ग्राम पंचायत सचिवों पर कार्य का अनावश्यक दबाव न रहे। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि सचिव सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार और ससमय पूर्ण हों। निर्माण कार्यों में अनियमितता मिलने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साक्षात्कार के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा और एडीपीआरओ नित्यानंद भी उपस्थित रहे।

## बिना पंजीकरण के चल रहे पैथोलाजी और अस्पताल को नोटिस

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्साधिकारी महाराजगंज के निर्देश पर उप मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ राजेश द्विवेदी और आदित्य पांडे जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी द्वारा मेट्रो लाइफ केयर महादेव चौक परतावल और आयुष पैथोलॉजी बसडीला, पनियरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पाया कि दोनो संस्थान बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहे थे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर कारण बताओ नोटिस को तामील कराते हुए तीन दिवस के भीतर पंजीकरण करने का निर्देश दिया गया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गैर पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों और पैथोलॉजी केंद्रो के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

दोनो केंद्रों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि 03 कार्यदिवस के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित करें। ऐसा नहीं करने पर केंद्र को सील कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही बिना पंजीकरण किसी भी दशा में केंद्र को संचालित करने के विरुद्ध कठोर चेतावनी दी गई है।

# मासिक तरही नशिस्त का आयोजन, शायरों के कलाम ने जमा दी महफ़िल

**बाराबंकी।** बज़्म अफ़्कर बाराबंकी की मासिक तरही नशिस्त गुलिस्तान शेर के कशाना ताज में आयोजित की गई। अध्यक्षता जाबिर एडवोकेट व निज़ामत फ़ज़ील इस्लाही ने की। इस अवसर पर शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम प्रस्तुत किए। दर हक़ीक़त दर्द इस्लामी हमारे पास है इसलिए अब भी रवादारी हमारे पास है। जाबिर एडवोकेट, कुछ खुशी दे दे हे हमें भी ऐ खुदावंदे करीम। मुद्दतों से तंग दामानी हमारे पास है। अमीर हमज़ा आज़मी, प्यार हमसे करती है सोती हमारे पास है। एक गुड़िया जैसी जो पोती हमारे पास है।।
डॉक्टर रेहान अलवी, कर रहे हैं फूलों की कांटे निगहबानी यहां। और कांटों की निगहबानी हमारे पास है।

इरशाद बाराबंकवी, तजुरुबों की तल्ख़ सामानी हमारे पास है। दर्द आंसू खून और पानी हमारे पास है।।अदील मंसूरी, दौलत -ए कुरआन रब्बानी हमारे पास है। ये अमानत एक लासानी हमारे पास है। बशर मसौलवी, उससे मिलने की जब आसानी हमारे पास है। फिर भला कैसी परेशानी हमारे पास है। फ़ज़ील इस्लाही, इब्ने आदम को ये है सौग़ात दुनिया में नज़र। हर क़दम पर ही परेशानी हमारे पास है।
नज़र मसौलवी, जिस तरफ़ जाते हैं अपना नूर फैलाते हैं हम, चांद की मानिंद ताबानी हमारे पास है। नफ़ीस बाराबंकवी, दौरे हाज़िर की हर आसानी हमारे पास है। यानि दौलत की फ़रावानी हमारे पास है।। ताबिश बाराबंकवी, हुक्मराने वक्त से सुफ़यान ये कह दे कोई। शहरे दिल की अब भी सुल्तानी हमारे पास है।।सुफ़ियान बाराबंकवी, ख़्वाब में कल तक जिसे हम सिर्फ़ देखा ही किए। रब की रहमत से वो अब रानी हमारे पास है।

सुभाष यादव जवाहरी, बज़्म के जनरल सेक्रेटरी इरशाद बाराबंकवी ने सभी शायरों और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अगली नशिस्त इत्साल जामो मीना देर पा होता नहीं मिसरा तरह पर मार्च के पहले इतवार को होगी।

# जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, वे सभी तैयारियां समय से कर लें पूर्ण : डीएम

■ डीएम की अध्यक्षता में हुई निर्वाचन के सम्बंध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने संबधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, अपनी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ले। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि सभी कार्मिको की फीडिंग हो गयी है। स्वीप का प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शनिवार को वृहद रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जाये। जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन/वीवीपैट का प्रशिक्षण समय से करा लिया जाये। सभी अधिकारीगण अपनी-अपनी तैयारी पूर्ण कर ले इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कन्ट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया। समस्त संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदेय स्थलो पर सी.सी.टी.वी. कैमरो की व्यवस्था एवं मतदेय स्थलो की कार्यवाही को देखने हेतु सर्वर, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि डाक्टरो की टीम तैयार कर ले। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री पवन अग्रवाल ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं नोडल ऑफिसर को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग मतदेय स्थलो का निरीक्षण कर ले। बूथो पर पीने के पानी की व्यवस्था, फर्नीचर, विद्युत व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, बरामदा, मतदेय स्थल पर बाउन्ड्री वाल, बूथ संख्या अंकित है या नही, इन्टरनेट कनेक्टिविटी तथा मतदेय स्थत भवन की स्थिति आदि के बारे में निरीक्षण कर ले। जो भी कमियां है उन्हे समय से ठीक करा ले। इसके अलावा बूथ तक जाने के लिए सड़क ठीक होनी चाहिए इसको भी देख ले। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आप लोग निरीक्षण समय से सभी कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 19 अपात्रों ने नहीं किए आवास खाली

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के नवदिया स्थित काशीराम कॉलोनी में पानी और बिजली की समस्या से नागरिक जूझ रहे हैं। सोमवार को एसडीएम गजराज सिंह और ईओ ने नवदिया कॉलोनी का निरीक्षण किया। नगर पंचायत मोहम्मदाबाद में स्थित काशीराम कॉलोनी में अपात्रों के ताले लटक रहे हैं जबकि कालोनी आवंटित लाभार्थी आवास के लिए भटक रहे हैं। इसी तरह काशीराम कॉलोनी बंधऊआ में 19 आवंटियों को निवर्तमान जिलाधिकारी द्वारा आवास खाली कराए जाने के संबंध में नोटिस दिए गए थे लेकिन उन पर अभी तक किसी भी तरीके की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। एसडीएम ने नवदिया कॉलोनी का कॉलोनी का निरीक्षण करने के बाद पाया कि पानी और बिजली की समस्या बहुत ज्यादा है जिसमें पानी वहां सभी कॉलोनी में रहने वालों को पानी नहीं पहुंता है पानी पहुंचाने के लिए उसमें 5 एचपी की समरसबल से सप्लाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार समाज के निचले पायदान के उत्थान को दे रही प्राथमिकता : सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने सोमवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव में भाग लिया। सांसद ने पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों पर बात की और बताया कि सरकार किस तरह से समाज के निचले पायदान के उत्थान को प्राथमिकता दे रही है। चाहे वह हर घर में बिजली का प्रावधान हो, पीएम-आवास योजना के तहत नागरिकों को 4 करोड़ पक्के घर उपलब्ध कराना हो, या यह सुनिश्चित करना हो कि किसानों को उर्वरक की बढ़ी हुई अंतरराष्ट्रीय कीमतों का खामियाजा न भुगतना पड़े। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि यूरिया की कीमतें सीमांत किसानों के लिए किफायती कीमतों पर बनी रहें।

उन्होंने कोविड के समय भारत की आर्थिक वृद्धि का भी उल्लेख किया। वर्तमान में ऐसे समय में जब दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय विकास रुका हुआ है, भारत पिछली 2 तिमाहियों से 7.5 फीसदी की निरंतर विकास दर के साथ दुनिया के लिए आशा की किरण बना हुआ है। कहा कि एनडीए सरकार के तहत देश ने सभी क्षेत्रों में शीर्ष रैंकिंग देखी है, जिसमें दूध, जैविक खेती, मोटे अनाज सहित अन्य क्षेत्रों में शीर्ष उत्पादन शामिल है।

सांसद जगदम्बिका पाल ने सदन में कहा कि दुनिया भर के बड़े आर्थिक संस्थान जैसे आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक ने भी भारत के विकास पर भरोसा जताया है। कहा कि आर्थिक परिपेक्ष में भारत निवेश करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान के रुप में उभरा है, दुनिया की सभी बड़े निवेशक आज भारत की ओर देख रहे है।

# नौ दिवसीय रामकथा में उमड़े श्रोता



अवधनामा संवाददाता

**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** भगवान भक्त का भाव देखता है बिना भाव की भक्ति से भगवान खुश नहीं होता है इसलिए भक्ति भाव मे डूबा भक्त भवसागर पार करते हैं। उक्त बातें विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम देवरिया पंडित मे स्थित श्री हनुमान जी मन्दिर पर नौ दिवसीय श्री राम कथा में भक्त श्रोताओं को सुनाते हुए पंडित ज्ञानानंद शास्त्री जी ने कही।

मालूम हो अयोध्या से कथा वाचक पंडित ज्ञानानंद शास्त्री जी भक्त श्रोताओं को संगीतमई राम कथा सुना रहे हैं जहां क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों के साथ महिला पुरुष कथा का आनन्द ले रहे हैं। कथा सेवा समिति के अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं संरक्षक दयाशंकर यादव ने बताया कि कथा वाचक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक श्रोताओं को भगवान राम की कथा सुना रहे हैं। तीन फरवरी से आरम्भ हुई कथा की 11फरवरी को पूर्णाहुति होगी आज श्री राधा गोविन्द जी का भव्य अभिषेक सम्पन्न हुआ। इस दौरान आयोजक मण्डल के अध्यक्ष डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, संरक्षक दयाशंकर यादव, अजय यादव, ओरीलाल अग्रहरि, जितेन्द्र सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, आचार्य राममणि शुक्ला सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि 11फरवरी को शाम पांच बजे से रात तक भव्य भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# डीएम का प्रयास लाया रंग : मछली पालन के लिए 1085 गांवों में बने तालाब

■ बागवानी हेतु लगाया गया 42493 केले के पौधे
■ मछली व केले के उत्पादन से होगा लोगों का भला

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** जिलाधिकारी आन्द्रा वामसी की अनूठे प्रयास से जल संरक्षण, मत्स्य पालन व केले की खेती के मामले में समूचे उत्तर प्रदेश में बस्ती नजीर बनने वाला है। इसके लिए मनरेगा के अंतर्गत केवल चार माह में ही जनपद के 1085 गांवों में मत्स्य पालन हेतु तालाबों की खुदाई की गई है तो बागवानी हेतु 42493 केले के पौधे लगाया गया है। इस कार्य से जहां एक ओर मत्स्य पालक किसानों व व्यापारियों की जेबें भरेंगी तो वहीं दूसरी ओर राजस्व के तहत सरकार का खजाना भी पैसों से भरेगा।

बताते चलें कि एक माह पूर्व जिलाधिकारी आन्द्रा वामसी द्वारा बस्ती जनपद के विभिन्न मामलों में 42000 मामलों का निस्तारण कर आम लोगों की वाहवाही लूटी गई थी तो एक बार फिर उनका शानदार प्रयास रंग लाया है, जिसमें उनके द्वारा जल संरक्षण करने का निश्चय किया गया था और इसके लिए जनपद के 1085 गांवों में मनरेगा के तहत तालाबों की खुदाई कराई गई। जिसमें मछली पालन शुरू किया गया है। जबकि दूसरी ओर इन्हीं गांवों में 42453 केले के पौधे बागवानी हेतु लगाए गए हैं। इन दोनों कार्यों में 9150 नरेगा मजदूरों को 547129 कार्य दिवस का मानव कार्य सृजित कर भुगतान किया गया। अब प्रति तालाब पर 1. 28 लाख से 6 लाख रुपए तक के कार्य हुए हैं। यही नहीं प्रति तालाब में 642 किलो मछलियों के बच्चे छोड़े गए हैं जो प्रतिवर्ष 1364 किलो के आसपास मछली के मुनाफे देंगे। जबकि लगाए गए 22493 केले के पौधों से भी लाखों रुपए का मुनाफा होगा।

इस प्रकार देखा जाए तो मछली व केले के उत्पादन से मत्स्य पालक किसानों व व्यापारियों की जेबें तो भरेंगी ही सरकार का भी खजाना भरेगा। यही नहीं इस क्षेत्र में खुदाई किए गए पोखरों में जल संरक्षण किया जाएगा, जो आसपास के गांवों में आग लगने पर आग बुझाने के लिए उपयोग में लिए जाएंगे। फिलहाल जिलाधिकारी आन्द्रा वामसी की इस सोच और कार्य को सभी ने सराहा है जबकि जिलाधिकारी द्वारा इस कार्य में शामिल मुख्य विकास अधिकारी, डीडीयो, वीडियो, ग्राम सचिवों और ग्राम प्रधानों का आभार जताते हुए आम लोगों से भी बस्ती जनपद के विकास के लिए उल्लेखनीय प्रयास करने की अपेक्षा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बजट से जनता का बढ़ा विश्वास



**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** सदस्य स्टेशन सलाहकार समिति पूर्वोत्तर रेलवे नितेश पाण्डेय ने बताया कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार का बजट। जनता का बढ़ा विश्वास, भाजपा सरकार में हर क्षेत्र में हो रहा विकास। उत्तर प्रदेश के इतिहास के सबसे बड़े बजट में महिला एवं बाल विकास समेत चिकित्सा स्वास्थ्य को प्रमुखता से रखा गया है।

### राज्य कर्मचारी हाथ खाली रह गये



**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि उम्मीद थी कि इस बार कर्मचारियों के हाथ मे बहुत कुछ न सही कुछ तो आयेगा ही लेकिन हाथ खाली रह गय। पुरानी पेंशन बहाली पर हम सब को निराश किया है। कर्मचारी हितों को ध्यान देना चाहिए था।

### यह बजट कर्मचारी वर्ग को हतास करने वाला

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा, सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता ने बजट को लेकर कहा कि यह बजट कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को हतास करने वाला है। आज के बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में बड़ी निराशा हुई है। कर्मचारी एवं शिक्षक पुरानी पेंशन की आशा कर रहे थे जिसमे सरकार ने कोई सकारात्मक विचार नही किया। कर्मचारियों एवं शिक्षकों को बजट में कुछ नही मिला।

### रक्तदान का आयोजन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** नगर पंचायत सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल के आदेशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया और लोगों ने इस रक्तदान के शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया, रक्तदान में विक्की कसौधन,विकास कुमार,अजय अग्रहरि, गौरव कसौधन,राजेश जायसवाल,वकील खान(सभा सद),विवेक पांडे, अशरफ अंसारी(सभासद), विक्रांत सिंह, सिद्धार्थ गौतम,मनीष श्रीवास्तव आदि लोगों ने रक्तदान में जागरूकता दिखाकर रक्तदान किया शिविर में चिकित्सक डॉ राघवेन्द्र वर्मा, लैब टेक्नीशियन यल के पांडे व शंभू नाथ त्रिपाठी, स्टाफ पंकज मिश्रा, वार्ड बॉय दिनेश मिश्रा, लैब अटेंडेंट राजकुमार त्रिपाठी व ड्राइवर शिव प्रताप विश्वकर्मा तथा नगर पंचायत के राजेश त्रिपाठी, कमलेश कुमार गुप्ता, बी डी कसौधन, अंकित गुप्ता, अक्षय गुप्ता, राहुल भारती, सूरज निगम आदि लोग मौजूद रहे

### मजलिसे इसाले सवाब का आयोजन सात को

**जलालपुर अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** शायर-ए-अहलेबैत मेंहदी रज़ा शम्स के ईसाल-ए-सवाब की मजलिस सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रोजा हज़रत कासिम में आगामी सात फरवरी को बाद नमाज़ मगरिब आयोजित होगी। मजलिस को इमाम-ए-जुमा मौलाना रहबर सुल्तानी खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व शायर कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी अहसन रज़ा मीसम ने दी है।

### आपरेशन क्लीनः 12 वाहनो की नीलामी, 1,29,800/- के राजस्व की प्राप्ति

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन क्लीन के तहत सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को अरुण कान्त सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी, श्यामनरायण राजस्व निरीक्षक एवं बृजेश पाठक आरआई सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थनगर की गठित कमेटी द्वारा 11 मोटरसाइकिल तथा 1 जीप कुल 12 वाहनो की नीलामी थाना जोगिया उदयपुर परिसर में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी। जिससे कुल नीलामी की धनराशि मय त्रस्ज्ञ कुल 1,29,800/- का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसको राजकीय कोषागार में जमा कराया जायेगा।

### चोरों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**भीटी अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** महरुआ थाना क्षेत्र के राजन सिंह उर्फ कुंवर नवीन सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह निवासी सेहरा जलालपुर जिनकी आरा मशीन चौराहे पर गल्ले की आढत की दुकान चलाते हैं। गोदाम से चार बोरी धान चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था और दुकान से थोड़ी दूर पर सरसों के खेत में चुरा कर रखे थे। सुबह 7-00 बजे उक्त चोर रोहित विशाल दोनों सरसों के खेत से धान की बोरी सड़क पर ला रहे थे कि अचानक राजन सिंह उर्फ कुंवर नवीन सिंह देख लिए और देखने पर हल्ला गुहार पर पड़ोसियों की मदद से दोनों को पकड़ कर थाने पुलिस के हवाले कर दिए। जिस पर नवागत थाना अध्यक्ष अभय कुमार मौर्य द्वारा चोरी की चार बोरी धान के साथ दोनों युवकों को मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया गया।

### बारिश के चलते बत्ती हुई गुल, ग्रामीण परेशान

**अमृतपुर फर्रुखाबाद (अवधनामा संवाददाता)।** बारिश जहां गेहूं किसान के चेहरे पर खुशी लाकर आई है वहीं बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी लेकर आई। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के तहसील विद्युत उपकेंद्र अमृतपुर प्रथम के पैनल में नमी आने के कारण बीती रात से सप्लाई बंद हो गई । अवर अभियंता सहित विद्युतकर्मचारी विद्युत आपूर्ति चालू करने के लिए मरम्मत कार्य मे लगे हैं। मरम्मत कार्य मे लगे कर्मचारियों ने बताया कि जांच के दौरान ट्रांसफार्मर सही पाया गया परंतु पैनल के अंदर काफी नमी पाई गई। जिसे खोलकर सफाई की जा रही है। कर्मचारी कार्य में लगे हुए हैं। लगभग 20 घंटे का समय बीत जाने के उपरांत बिजली न आने के कारण उप केंद्र से सप्लाई लेने वाले उपभोक्ता परेशान हैं।

# बस्ती के किसानों को क्षेत्रीय किसान मेला वाराणसी में मिला सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** खेती में नवाचार अपना कर आय में इजाफा करने वाले जिले के किसानों को सोमवार को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान शाहंशाहपुर वाराणसी में तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले के अंतिम दिन नवाचारी किसान सम्मान से नवाजा गया।

सम्मानित होने वाले किसानों में बस्ती सदर ब्लाक के नेशनल अवार्डी किसान राममूर्ति मिश्र, पंकज मिश्र, और सुरेश पाण्डेय तथा दुबौलिया के अहमद अली को खेती में नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान सिद्धार्थ एफपीसी द्वारा प्रदान किया गया।



### पुरस्कार पाने वालों में दो नेशनल अवार्डी किसान

वाराणसी मेले में जिन किसानों को सम्मानित किया गया है उसमें से राममूर्ति मिश्र और अहमद अली को नेशनल लेवल पर आईएआरआई भारत सरकार द्वारा इनोवेटिव फार्मर अवार्ड प्रदान किया जा चुका है. राम मूर्ति मिश्र को जहाँ जैविक खेती, सुगन्धित धान की खेती, मोटे अनाज की खेती सहित परिशुद्ध खेती, गेहूँ, फल, सब्जी, फूल, विभिन्न कृषि प्रौद्योगिकियों के मॉडल एवं कृषि परामर्श में विशिष्ट योगदान के लिए जाना जाता है वहीँ अहमद अली सब्जी, बागवानी, मधुमक्खी पालन, मछली पालन सहित एकीकृत खेती में विशेष पहचान है। राम मूर्ति मिश्र नें स्मार्ट कृषि, एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ के जरिये आय बढ़ाने में कामयाबी पाई है। इसके अलावा जिन अन्य दो किसानों को सम्मान प्रदान किया गया है उसमें मोटे खेती में आधुनिक तरीके से अपनाने के लिए पंकज मिश्र को और तकनीकों का लाभ उठाकर खेती में सफलता पाने वाले किसान सुरेश पाण्डेय का नाम शामिल हैं।

## डीएम ने मंडी पहुंच कर लिया जायजा

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत तैयारी के संबंध में मंडी सातनपुर का निरीक्षण किया जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी मंडी सचिव से साफ सफाई की व्यवस्था खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी द्वारा कार्उटिंग के शेडो की मरम्मत के निर्देश दिए गए मंडी सचिव ने बताया की 31 लाख का बजट स्वीकृत है 20 तारीख तक टेंडर कर लिए जाएंगे जिलाधिकारी द्वारा मंडी में आलू की आवाक की जानकारी मंडी सचिव से ली गई प्रभारी मंडी सचिव ने बताया की प्रतिदिन 90 से 110 ट्रको की लोडिंग बाहर के लिए होती है।

जिलाधिकारी द्वारा शैडो,दुकानों का ट्रीटमेंट फर्श की रिपेयरिंग नालियों की सफाई आदि का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश एडीएम को दिए गए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया की मंडी की रोड का कार्य 20 तारीख तक पूर्ण कर लिया जाये अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 64 दुकानों में ईवीएम रखी जाती है।

# मानक के विपरीत हो रहा है नाली का निर्माण

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत हंसवर मुहल्ला मिल्लतनगर प्रधान कन्हैयालाल मनाली निर्माण कराया जा रहा है नाली निर्माण में दोयम दर्ज की ईट एवं घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है गौरतलब है कि सरकार के मंसूबे पर पानी फेरने का काम ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान कर रहे हैं विकासखंड बसखारी के अधिकारियों की दृष्टि अभी उस घटिया निर्माण पर नहीं पड़ी सरकार की मंशा है गांव शहर जैसा दिखे लेकिन नाली निर्माण में जमकर सरकारी धन का पलीता लगाया जा रहा है वहीं पर जब ग्रामीणों से बात की गई कि यह नाली कितने वर्षो तक चलेगी तो उन्होंने बताया कि यह निर्माण जो घटिया कराया जा रहा है यह चंद दोनों का मेहमान है। जबकि सरकार की मंशा है गांव को स्वच्छ बनाया जाए और पानी की निकास के लिए नालियां भी बनवा जाए जिससे गांव स्वच्छ बना रहे लेकिन ऐसे घटिया निर्माण से कैसे स्वच्छ बना रहेगा यह प्रश्न जनता उठा रही है आखिर कैसे विकास की प्रगति धरातल पर उतरेगा यह कहना मुश्किल हो रहा है जिस तरीके नाली निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चल रहा है उसे साफ है की धरातल पर विकास कोसों दूर नजर आ रहा है जिला अधिकारी अविनाश सिंह के कार्रवाई को देखते हुए जनता में खुशी का माहौल भी है लेकिन कहीं ना कहीं जिला अधिकारी की छवि खराब करने में विकासखंड बसखारी के कर्मचारी बिल्कुल कोर कसर नहीं छोड़ा है।

आखिर ऐसे अधिकारियों के ऊपर जब तक कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा तब तक यह भ्रष्टाचार लगाम नहीं लग पाएगा आखिर देखना यह होगा कि यह नाली निर्माण रुकवाया जाता है या फिर ऐसे ही दबंगई के बल पर भ्रष्टाचार होता रहेगा यह तो आने वाला समय ही बताएं।

# कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में उन्होने कहा कि स्टाम्प कर वसूली के बढोत्तरी के लिए सर्किल रेट के अनुसार गॉव चिन्हित करें। मुख्य रूप से तहसील हर्रैया व सदर के लिए निर्देशित किया है। इस कार्य में विकास प्राधिकरण को भी शामिल किया है। उन्होने आबकारी, विद्युत, वाणिज्यकर, परिवहन, पूर्ति, अवस्थापना औद्योगिक विकास, मण्डी, औषधि, खाद्य एवं रसद, खनन, सड़क परिवहन सहित अन्य विभागों की समीक्षा किया और पाया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की प्रगति कम है। इस संबंध में उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले की रैंकिंग अच्छी हो सकें। उन्होने यह भी कहा कि यह वित्तीय वर्ष खतम होने वाला है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाय। अगली बैठक में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति नही पायी जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में राजस्व मुकदमों का नियमानुसार, ससमय निस्तारण किया जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी, उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र, विनोद पाण्डेय, शत्रुहन पाठक, शाहिद अहमद, मनोज प्रकाश, आबकारी अधिकारी राजेश तिवारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, एआरएम आयुष भट्नागर, समस्त तहसीलदार सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अक्षय धागा प्रोजेक्टः निःशुल्क सिलाई सीखेंगी युवतियां

अवधनामा संवाददाता





**बस्ती।** ग्रामीण क्षेत्र के युवतियों को हुनरमंद बनाने के लिये सोमवार को विकास खंड बनकटी के थरौली ग्राम पंचायत के बोकनार में अक्षय धागा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ युवा विकास समिति के स्थानीय संयोजन में अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसियेशन मुंबई के सहयोग से किया गया। केंद्र का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील पाण्डेय नें पूजन अर्चन के साथ फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने युवतियों से कहा कि वे मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा की ग्रामीण युवतियां और महिलायें अगर अक्षय धागा के तहत रेडीमेड गारमेंट और सिलाई कटाई का प्रशिक्षण लें तो इससे व्यक्ति-व्यक्ति, परिवार-परिवार होते हुए पूरा देश सशक्त हो सकेगा।

समाजसेवी सुरेश पाण्डेय नें कहा की गंवई युवतियां सिलाई का कौशल सीख गांव वालों के कपड़े सिल कर तो आय अर्जित कर ही सकती, बल्कि उनके लिए रेडीमेड सेक्टर में नौकरी के अवसर भी मुहैया होंगे और आत्मनिर्भर बनेंगी।

युवा विकास समिति के सचिव बृहस्पति कुमार पाण्डेय ने बताया कि अक्षय धागा केंद्र पर दो बैच में 60 युवतियों को निशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां आर्थिक रूप से सबल हो सकेगी और उन्हें रोजगार मिलेगा। केंद्र में स्कूल की ड्रेस, कार्पोरेट सेक्टर की यूनिफार्म के अलावा आदि कपड़ों की सिलाई का कार्य सिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद युवतियों कपड़ा फैक्ट्री में नौकरी दिलाई जाएगी।

प्रशिक्षिका सुनीता यादव नें बताया की जिन जो युवतियों को घर की परिस्थिति के कारण उन्हें आगे पढ़ने का मौका नहीं मिला। वह युवतियां भी सिलाई कार्य को अपना व्यवसाय बनाकर परिवार की आय बढ़ाने में सहयोग कर पाएंगी। उन्होंने कहा की अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोशियेशन के अक्षय धागा प्रोजेक्ट के माध्यम से इन युवतियों के सपने साकार होने जा रहा हैं। इस मौके पर प्रेम नारायण उपाध्याय, माधुरी, हर्ष देव, तुलिका, सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## जनादेश का वंशवाद

झारखंड से शुरुआत करते हैं। वहां चुनावी जनादेश झामुमो गठबंधन को मिला था, जिसने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री चुना। अब वह कई गंभीर घोटालों में आरोपित हैं। क्या ऐसा होना चाहिए कि यदि उनकी गिरफ्तारी होती है, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया जाए? क्या चुने हुए विधायकों को एक ऐसे चेहरे को अपना मुख्यमंत्री मान लेना चाहिए, जो विधायक भी नहीं है? चूंकि हेमंत सोरेन झामुमो के 'आलाकमानी नेता' हैं, लिहाजा जो उनका आदेश या आग्रह होगा, उसे स्वीकार कर लिया जाए? जनादेश सोरेन के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन को मिला था। क्या वह जनादेश भी पत्नी, बेटा-बेटी अथवा वंश के किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरित किया जा सकता है? आम आदमी के संदर्भ में लें, तो क्या एक व्यक्ति को मिली नौकरी को परिवार में ही स्थानांतरित किया जा सकता है? क्या आप कह सकते हैं कि मैं अपना नियुक्ति-पत्र अपने परिजन को सौंप रहा हूं, कल से वही काम पर आएगा? आपकी नौकरी तुरंत खारिज हो जाएगी। दरअसल ये सवाल हमारे संविधान और लोकतंत्र के संदर्भ में बेहद गंभीर हैं और हमारी व्यवस्था पर ही सवाल करते हैं। संविधान में व्यवस्था की गई कि बहुमत वाले पक्ष के विधायक अपना नेता चुनेंगे। राज्यपाल उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। इसी तरह संसद में सांसद अपना प्रधानमंत्री चुनते हैं। चूंकि हेमंत सोरेन पर घोटालों के गंभीर आरोप हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी जांच कर रहा है। वह मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करे या पूछताछ कर आरोप-पत्र तैयार कर अदालत में दाखिल करे, यह ईडी अथवा किसी भी जांच एजेंसी का विशेषाधिकार है। इधर के दौर में ऐसे ही चारा घोटाले में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को जेल भेजा गया था, तो उन्होंने पार्टी विधायकों से अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री चुनवा दिया था।

राबड़ी विधायक भी नहीं थीं और प्रशासनिक दृष्टि से भी निरक्षर थीं, फिर वह करीब 8 साल तक मुख्यमंत्री के पद पर रहीं। पार्टी लोकतंत्र और संविधान पर इससे क्रूर मजाक नहीं हो सकता। काफी पुरानी बात हो गई, जब देवीलाल को केंद्र में उपप्रधानमंत्री बनाया गया था, तो उनके ज्येष्ठ पुत्र ओमप्रकाश चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया गया था। उनके चुनाव को लेकर उस दौर में कई 'महम' हुए। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी की हत्या की गई, तो तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। वह सांसद भी नहीं थे। हालांकि कुछ माह बाद लोकसभा चुनाव हुए, तो राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 414 सीटें जीतीं। बहरहाल हेमंत सोरेन के संदर्भ में उनकी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो वह जनादेश का एक और वंशवाद होगा।

## आडवाणी ने राष्ट्रीयता बचायी!


के. विक्रम राव

भारत रत्न मिल जाना चाहिए था आडवाणी जी को 20 वर्ष पूर्व ही (अप्रैल 1999 पर)। तब दिल्ली के तख्त पर लालचंद्र किशनचंद्र आडवाणी ने एक विदेशी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने और तीन मूर्ति भवन पर कब्जा करने से रोका था। आडवाणी जी के साथ समाजवादी विपक्ष के पुरोधा, लोहियावादी, मुलायम सिंह यादव को भी तभी पद्म विभूषण मिलना चाहिए था। सैफई (इटावा) के इस पहलवान ने कुश्ती वाले दांव धोबी पाटा से ही सोनिया गांधी को पटखनी दी। उनके अरमान दिल में मर गए। वर्ना इतिहास लिखता कि लॉर्ड माउंटबेटन के बाद दूसरा यूरोपीय राष्ट्राध्यक्ष इटली से आया था। यह घटना अप्रैल 1999 की है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार, अटल बिहारी वाजपेई वाली, बस एक वोट से गिर गई थी। उड़ीसा के कांग्रेसी मुख्यमंत्री गिरधर गोमांग द्वारा भुवनेश्वर से दिल्ली लाकर वोट डलवाया गया। उन्हीं का एक वोट था। राष्ट्रपति के. आर. नारायण ने अटलजी से लोकसभा में बहुमत सिद्ध करने का आदेश दिया था। कारण था कि अन्नाद्रमुक नेता की जे. जयललिता ने राजग सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। बहुमत नहीं रहा।

मगर ऐसी स्थिति आई कैसे? धोखा देने के खेल में सरकार के चेहरे पर वक्त से पहले ही मुस्कान आ गई थी। लेकिन कुछ लोगों ने नोट किया कि किसी ने लोकसभा के सेक्रेट्री जनरल एस गोपालन की तरफ़ एक चिट बढ़ाई है। गोपालन ने उस पर कुछ लिखा और उसे टाइप कराने के लिए भेज दिया। उस कागज़ में लोकसभाध्यक्ष जीएमसी बालयोगी द्वारा दी गई रूलिंग थी जिसमें कॉंग्रेस सॉंसद गिरधर गोमॉंग को अपने विवेक के आधार पर वोट देने की अनुमति प्रदान की गई थी। गोमॉंग फ़रवरी में ही ओडिशा के मुख्यमंत्री बन गए थे लेकिन उन्होंने अपनी लोकसभा की सदस्यता से तब तक इस्तीफ़ा नहीं दिया था। अटलजी की सरकार गिरने के पीछे एक नारी का हाथ था। राजग सरकार को समर्थन देने के ऐवज में अन्ना द्रमुक के नेता जे. जयललिता ने संकट पैदा कर रखा था। जयललिता चाहती थीं कि उनके ख़िलाफ़ सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। तमिलनाडु की करुणानिधि सरकार को बर्ख़ास्त किया जाए। इसके अलावा वे सुब्रमण्यम स्वामी को वित्त मंत्री बनवाने पर भी ज़ोर दे रही थीं। वाजपेयी इसके लिए तैयार नहीं हुए। जयललिता चाहती थीं कि उनके ख़िलाफ़ चल रहे इन्कम टैक्स केसों में उन्हें मदद मिले। इतना सारा नाटक होने के बाद 21 अप्रैल को सोनिया गाँधी ने राष्ट्रपति नारायणन से मिलकर दावा किया कि उन्हें 272 सॉंसदों का समर्थन प्राप्त है। लगभग उसी समय मुलायम सिंह यादव ने एक बार फिर ज्योति बसु को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव आगे किया। सीपीएम 1996 के विपरीत इसके लिए तैयार भी दिखी लेकिन कॉंग्रेस इस बार किसी दूसरी पार्टी को नेतृत्व देने के लिए राज़ी नहीं हुई। बाद में मुलायम सिंह ने कॉंग्रेस का साथ देने से साफ़ इंकार कर दिया। इस फैसले में बहुत बड़ी भूमिका रक्षा मंत्री जॉर्ज फ़र्नांडिस की रही। लालकृष्ण आडवाणी ने अपनी किताब माई कंट्री, माई लाइफ़ में इसका ब्योरा देते हुए लिखा है 21 या 22 अप्रैल को देर रात मेरे पास जॉर्ज फ़र्नांडिस का फ़ोन आया। उन्होंने कहा लालजी मेरे पास आपके लिए अच्छी ख़बर है। सोनिया गाँधी अगली सरकार नहीं बना सकतीं। विपक्ष के एक बड़े नेता आपसे मिलना चाहते हैं। लेकिन ये बैठक न तो आपके घर पर हो सकती है और न ही मेरे घर पर। आडवाणीजी ने लिखा तय हुआ कि ये मुलाकात जया जेटली के सुजान सिंह पार्क वाले घर में होगी। जब मैं जया जेटली के घर पहुंचा तो वहाँ मैंने मुलायम सिंह यादव और जॉर्ज फ़र्नांडिस को बैठे हुए पाया। फ़र्नांडिस ने मुझसे कहा कि मेरे दोस्त ने मुझे आश्वस्त किया है कि उनके 20 सॉंसद किसी भी हालत में सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने के प्रयास को समर्थन नहीं देंगे। मुलायम सिंह यादव ने भी ये बात मेरे सामने दोहराई। लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि आडवाणी जी इसके लिए मेरी एक शर्त है। मेरी इस घोषणा के बाद कि हमारी पार्टी सोनिया गांधी को सरकार बनाने में मदद नहीं करेगी, आपको ये वादा करना होगा कि आप दोबारा सरकार बनाने का दावा पेश नहीं करेंगे। मैं चाहता हूँ कि अब नए चुनाव करवाएं जाएं। तब तक एनडीए के घटक दलों का भी मन बन चुका था कि फिर से सरकार बनाने के बजाए मध्यावधि चुनाव का सामना किया जाए। राष्ट्रपति नारायणन ने वाजपेयी को राष्ट्रपति भवन तलब किया और उनको सलाह दी कि वो लोकसभा भंग करने की सिफ़ारिश करें। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा भंग करने की सिफ़ारिश की लेकिन इस सिफ़ारिश में साफ़ लिखा गया कि वो ऐसा राष्ट्रपति नारायणन की सलाह पर कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन इससे खुश नहीं नज़र आया लेकिन तब तक वाजपेयी को इस बात की फ़िक्र नहीं रह गई थी कि राष्ट्रपति इस बारे में क्या सोच रहे हैं। इस सारी उठापटक के दौरान सोनिया गांधी के मैके से सारे कुटुंब जन 10 जनपथ, नई दिल्ली आ गए थे। कहावत है कि प्याले और ओंठ के दरम्यान फासला होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। प्रोजेक्ट नहीं मिलने की दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली बॉलीवुड में नूर जहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर सशधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को पतली आवाज कहकर अपनी फिल्म शहीद में गाने से मना कर दिया था।

# सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर


हर्षवर्धन पाण्डे

लता की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चाँद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता दीदी की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता दीदी की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चाँद लगा देती है। एक ऐसी आवाज हिन्दी फ़िल्म संगीत में हमेशा के लिए अमर रहेगी।

लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर का जन्म के वक्त नाम हेमा रखा गया था लेकिन कुछ साल बाद अपने थिएटर के एक पात्र लतिका के नाम पर, दीनानाथ जी ने उनका नाम लता रखा। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता जी ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता जी को अपनी बहन आशा को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। प्रोजेक्ट नहीं मिलने की दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली बॉलीवुड में नूर जहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर सशधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को पतली आवाज कहकर अपनी फिल्म शहीद में गाने से मना कर दिया था। फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता मंगेशकर को फिल्म मजबूर में दिल मेरा तोडा, कहीं का ना छोड़ा गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया। लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिये गाने गाये लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायक बनना चाहती थीं। लता ने वसंग जोगलेकर द्वारा निर्देशित एक फ़िल्म कीर्ती हसाल के लिये पहली बार गाना गाया था लेकिन उनके पिता नहीं चाहते थे कि लता फ़िल्मों के लिये गाये इसलिये इस गाने को फ़िल्म से निकाल दिया गया लेकिन वसंत जोगलेकर लता की प्रतिभा से काफी प्रभावित हुए। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई।



पिता की मौत के बाद लता को पैसों की बहुत किल्लत झेलनी पड़ी और काफी संघर्ष करना पड़ा। इसी वज़ह से लता मंगेशकर ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 40 के दशक में लता मंगेशकर जब फिल्मों में गाना शुरू किया तो वो लोकल पकड़कर अपने घर मलाड जाती थी। वहां से उतरकर पैदल स्टूडियो बॉम्बे टॉकीज जाती। रास्ते में किशोर दा भी मिलते लेकिन वो एक दूसरे को नहीं पहचानते थे। किशोर कुमार लता मंगेशकर की ओर देखते रहते। कभी हंसते। कभी अपने हाथ में पकड़ी छड़ी घुमाते रहते। लता मंगेशकर को किशोर कुमार की ये हरकत अजीब लगती थी। हिंदी सिनेमा में उन्होंने पहला गाना साल 1943 में गाया। ये गाना था फिल्म गजाभाऊ का और इसके बोले थे माता एक सपूत की दुनिया बदल दे तू। हालांकि इस गाने से लता को कुछ खास पहचान नहीं मिल सकी। लता मंगेशकर खेमचंद प्रकाश की एक फिल्म में गाना गा रही थी। एक दिन किशोर दा भी उनके पीछे-पीछे स्टूडियो पहुंच गए। लता मंगेशकर ने किशोर कुमार की खेमचंद से शिकायत की। तब खेमचंद ने लता को बताया कि किशोर कुमार अशोक कुमार के छोटे भाई हैं। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता के बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। आज भी लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन में चार चाँद लगा देती है। फिल्म मजबूर में लता मंगेशकर ने दिल मेरा तोड़ा मुझे कहीं का न छोड़ा गाना गया। 1949 में उन्होंने फिल्म महल में गाया उनका गाना आएगा आनेवाला बेहद पसंद किया गया। इसके बाद उन्होंने दुलारी, बरसात और अंदाज़ में अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया।

1942 से अब तक वो 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लता मंगेशकर ने 1950 के दौर में कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी रूहानी आवाज़ का जादू बिखेरकर सुनने वालों को सुकून पहुंचाया। लता मंगेशकर ने 1950 के दौर में कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी रूहानी आवाज़ का जादू बिखेरकर सुनने वालों को सुकून पहुंचाया। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए. फिल्म मधुमति के गाने आजा रे परदेसी के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला।

60, 70 और 80 के दशक में गाए गए लता मंगेशकर के ज्यादातर गाने ऑल टाइम हिट्स की कैटगरी में आते हैं। कहा जाता है कि बड़े-बड़े प्रोड्यूसर्स, म्यूज़िक डायरेक्टर्स और एक्टर्स उनके साथ काम करने के लिए होड़ लगाया करते थे। साल 1977 में आई फिल्म किनारा में लता मंगेशकर नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। लता मंगेशकर ने 1950 के दौर में कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी रूहानी आवाज़ का जादू बिखेरकर सुनने वालों को सुकून पहुंचाया। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए।फिल्म मधुमति के गाने आजा रे परदेसी के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। 60, 70 और 80 के दशक में गाए गए लता मंगेशकर के ज्यादातर गाने ऑल टाइम हिट्स की कैटगरी में आते हैं। कहा जाता है कि बड़े-बड़े प्रोड्यूसर्स, म्यूज़िक डायरेक्टर्स और एक्टर्स उनके साथ काम करने के लिए होड़ लगाया करते थे। साल 1977 में आई फिल्म किनारा में लता मंगेशकर नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी।

# भ्रष्टता निवारण है सशक्त लोकतंत्र का आधार

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है।


ललित गर्ग

झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े भारत लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खिंचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इनदिनों गैरभाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं, इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का



पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा।

बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजन पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भ्भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं है, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दे।

# पानी के लिए तरसते इंसान और जानवर

**कोमल/अंजू कुमारी**

कहते हैं कि जल ही जीवन है। इंसान कुछ दिन खाना के बिना रह सकता है लेकिन पानी के बिना उसका जीवन संभव नहीं है। पानी की कमी अगर रेगिस्तानी क्षेत्र में हो तो यह और भी गंभीर प्रश्न बन जाता है। लेकिन यही हकीकत है कि आज भी देश के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की तरह राजस्थान के दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्र भी पीने के पानी के लिए तरसते हैं। इनके लिए अन्य क्षेत्रों की तुलना में दोहरी मुसीबत है क्योंकि जाड़े के दिनों में इनका किसी तरह गुज़ारा तो चल जाता है लेकिन गर्मी के दिनों में गर्म थपेड़ों के साथ साथ पानी की कमी की दोहरी मार झेलनी पड़ती है। पानी की इसी कमी से राज्य के एक दूर दराज़ गांव ढाणी भोपालराम गांव के लोगों को भी जूझना पड़ता है। बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 15 किमी दूर इस गांव में पानी आज भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। यह समस्या केवल इंसानों तक ही सीमित नहीं है बल्कि जानवरों विशेषकर पालतू मवेशियों को भी इस प्रकार की समस्या से गुज़रना पड़ता है। जिसकी कमी की वजह से कई बार इन जानवरों की मौत तक हो जाती है। स्थानीय लोगों को आज भी इस समस्या के स्थाई समाधान की तलाश है।

इस संबंध में गांव के एक 45 वर्षीय तारु राम कहते हैं कि ÷गांव के लोग प्रति सप्ताह ब्लॉक लूणकरणसर से पानी का एक टैंकर मंगवाते हैं। जिससे करीब पांच हज़ार लीटर पानी मिलता है और एक बार टैंकर मंगवाने पर एक हज़ार से पंद्रह सौ रूपए तक खर्च आते हैं। गांव के अधिकतर लोग बहुत गरीब हैं और खेती अथवा दैनिक मज़दूरी करते हैं। ऐसे में आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि केवल पानी के लिए टैंकर मंगवाने के लिए उन्हें कितना खर्च करनी पड़ती है? गांव में यह समस्या आज की नहीं है बल्कि पिछले कई दशकों से गांव वाले पानी




की इस समस्या से जूझ रहे हैं। पहले घर की महिलाएं पानी की खातिर करीब के गांव 9 किमी दूर सेजरासर अथवा सुरनाणा जाती थी और सर पर पानी ढोकर लाती थीं। जिससे एक तरफ जहां उनके समय की बर्बादी होती थी तो वहीं दूसरी ओर इससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता था। जिसके बाद गांव वाले टैंकर मंगवाने लगे इससे महिलाओं को आसानी तो हो गई लेकिन उनके घर का बजट बिगड़ गया। यही कारण है कि कई परिवार की महिलाएं पैसे बचाने के लिए अब फिर से सर पर पानी ढोने का काम करने लगी हैं।

तारु राम कहते हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए गांव वालों ने सरपंच से भी बात की लेकिन वह इसके समाधान के लिए बहुत अधिक गंभीर प्रयास करते नज़र नहीं आये। जिसकी वजह से गांव वाले आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव में पानी की पाइपलाइन तो कई बरस पूर्व बिछा दी गई थी लेकिन आज तक उसमें कभी पानी नहीं आया है। इसलिए गांव की महिलाएं कभी कभी कुओं से पानी भरते हैं और अपने घर की आवश्यकता को पूरा करते हैं। वहीं एक जोहट (पानी का स्रोत) है जो करीब 85 वर्ष पुराना है लेकिन अब उसमें पानी पीने लायक नहीं है, अब गांव वाले उसका प्रयोग केवल जानवर को पानी पिलाने के लिए करते हैं। तारु राम कहते हैं कि गांव के लोग काफी गरीब हैं। ऐसे में वह मवेशी पालते हैं जिनके दूध से वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। लेकिन इन जानवरों को चारा के साथ साथ पानी की भी ज़रूरत होती है। राजस्थान ऊंटों का राज्य कहलाता है और इस जानवर को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। लेकिन गांव वालों के पास खुद ही पानी की समस्या है तो वह इन जानवरों के लिए कहाँ से व्यवस्था करेंगे? यही कारण है कि कई गांव वालों के पालतू मवेशी केवल पानी की कमी के कारण मर जाते हैं। कुछ ग्रामीण पैसों के लिए इन मवेशियों को बेच देते हैं ताकि उन्हें पानी मिल सके।

वहीं 35 वर्षीय एक अन्य ग्रामीण उमेश बताते हैं कि गांव में उच्च और निम्न समुदायों की संख्या लगभग बराबर है। इसके बावजूद जाति भेदभाव अपनी गहरी जड़े जमाये हुए है। जिसका प्रभाव सामाजिक जनजीवन और गतिविधियों पर नज़र आता है। यह भेदभाव पानी की समस्या पर भी नज़र आता है। इसकी वजह से निम्न जाति के कुछ परिवारों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। गांव में कुंड या कुओं की संख्या नाममात्र की है। जिसमें से अधिकतर पर उच्च जातियों का कब्ज़ा है और वह उस पर निम्न जाति की महिलाओं को पानी नहीं भरने देते हैं। ऐसे में इस समुदाय के लोगों को गरीबी के बावजूद टैंकर से पानी मंगवा कर काम चलाना पड़ता है। वह बताते हैं कि जाति आधारित भेदभाव की यह समस्या राजस्थान के तक़रीबन सभी गांवों में देखने को मिल जाती है। लेकिन ढाणी भोपालराम गांव के निम्न जाति के लोगों के लिए यह दोहरी समस्या बन कर आती है। जिसका नकारात्मक प्रभाव उनके जीवन पड़ता है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या से केवल पशुपालक ही परेशान नहीं हैं बल्कि किसानों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्हें खेत में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसका प्रभाव उनकी खेती पर पड़ता है। समय पर पानी नहीं मिलने से उनकी फसल बेकार हो जाती है।

# प्रदेश में धार्मिक पर्यटन बढ़ने से प्रदेश की आय काफ़ी बढ़ रही


बृजलाल

आज 5-2-24 को राज्य सभा में धार्मिक पर्यटन के महत्व के मामले को मैंने जीरो ऑवर में उठाया। अयोध्या में प्रभु राम के भव्य मंदिर का शुभारंभ 22 जनवरी 24 को हो चुका है। रोज़ाना 3-5 लाख लोग वहाँ दर्शन के लिए पहुँच रहे है। काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर का भव्य कॉरिडोर निर्माण के बाद वहाँ भी लाखों श्रद्धालु रोज़ाना पहुँच रहे हैं। इसी प्रकार मथुरा- वृंदावन में श्री कृष्ण जी के दर्शन में भी रोज़ाना लाखों श्रद्धालुवों का फुट- फाल हो रहा है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन बढ़ने से प्रदेश की आय काफ़ी बढ़ रही है।



अयोध्या और काशी के नज़दीक बुद्धिष्ट तीर्थ स्थल सारनाथ, कुशीनगर, कापिलवस्तु और श्रावस्ती है, जहां बौद्ध धर्म के मानने वाले काफ़ी संख्या में पहुँचते है। कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जिससे विदेशी श्रद्धालुओं को काफ़ी सुविधा मिल गई है।

कापिलवस्तु भगवान बुद्ध की जन्मस्थली है। 1972 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वहाँ उत्खनन किया। वहाँ शुद्दोधन महाराज का महल मिला और स्तूप भी मिला जिसमें भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थियाँ भी मिली जो दिल्ली में सुरक्षित रखी है।

कपिलवस्तु वैज्ञानिक रूप से बुद्ध भगवान की जन्मस्थली सिद्ध हो चुकी है। वहाँ सिद्धार्थ विश्वविद्यालय भी कार्यरत है, लेकिन वहाँ सुविधावों का नितांत अभाव है। वहाँ न तो रुकने की सुविधा है और न ही रेस्टोरेंट। कपिलवस्तु के विकास से पूरे बुद्धिष्ट सर्किट का विकास होगा। पर्यटन के विकास से अति पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश भी पूरी तरह विकसित हो सकेगा और पर्यटन विकास से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर पहुँचेगी। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने में उत्तरप्रदेश की अहम भूमिका होगी।

# गांधीजी कैसे बने राष्ट्रपिता

30 जनवरी को भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनायी जाती है। महात्मा गांधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी है। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक रहे। देश गांधी जी की 76 वीं पुण्यतिथि मना रहा है। मोहनदास करमचंद गांधी, जिन्हें देश-विदेश तक लोग बापू, महात्मा, और भारत के राष्ट्रपिता के तौर पर जानते हैं, को सदियों तक याद रखा जाएगा। गांधी जी के आदर्श, अहिंसा की प्रेरणा, सत्य की ताकत के सामने अंग्रेजों को भी झुकना पड़ गया था। उनके सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा को आज भी लोगों को अपनाने की सलाह दी जाती है। गुजरात के पोरबंद में जन्में मोहनदास ने वकालत की शिक्षा हासिल की लेकिन बाद में आजादी की लड़ाई के लिए सब त्याग स्वतंत्रता संग्राम के पथ पर चलने का फैसला लिया। हालांकि उन्हें खुद नहीं पता होगा कि भविष्य में देश की यह बेटा आजाद भारत का पिता बन जाएगा। आखिर महात्मा गांधी भारत के राष्ट्रपिता कैसे बन गए? उन्हें पहली बार राष्ट्रपिता कहकर किसने पुकारा? महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जानें मोहनदास करमचंद गांधी के राष्ट्रपिता बनने की कहानी।



### गांधी जी का जीवन परिचय

2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में पुतलीबाई और करमचंद गांधी के घर में एक बालक का जन्म हुआ, जिसे मोहनदास करमचंद नाम मिला। मोहनदास ने बचपन में ही मां के धार्मिक व्यवहार और संस्कारों को ग्रहण किया। वह पढ़ाई में अधिक होनहान नहीं थे। गणित में मध्यम दर्जे के विद्यार्थी और भूगोल में काफी कमजोर हुआ करते थे। उनकी लिखावट भी सुंदर नहीं थी लेकिन वह अंग्रेजी में निपुण थे। अंग्रेजी के कारण उन्हें बचपन में कई पुरस्कार और छात्रवृत्तियां मिला करती थीं।

### गांधी जी का विवाह और परिवार

जब गांधी जी महज 13 साल के थे, तभी उनका विवाह पोरबंदर के एक व्यापारी की बेटी कस्तूरबा से कर दिया गया था। कस्तूरबा गांधी से कुछ माह बड़ी उम्र की थीं। 15 साल की उम्र में गांधी जी पिता बन गए, हालांकि उनका यह पुत्र जीवित नहीं रहा। बाद में कस्तूरबा और गांधी जी के चार बेटे हुए, जिनका नाम हरिलाल, मणिलाल, रामलाल और देवदास था।

### गांधी जी के आंदोलन

गांधी जी ने वकालत की पढ़ाई की। कस्तूरबा ने एक आदर्श पत्नी बन हमेशा उनका साथ दिया। गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने का फैसला लिया और 1919 में रोलेट एक्ट कानून का विरोध शुरु कर दिया। इस एक्ट के तहत बिना मुकदमा चलाए किसी भी व्यक्ति को जेल भेजने का प्रावधान था। गांधी जी ने सत्याग्रह की घोषणा की। पूरे देश को एकजुट कर आंदोलन किया। उन्होंने असहयोग आंदोलन, नागरिक अवज्ञा आंदोलन, दांडी यात्रा और भारत छोड़ो आंदोलन किए।

### महात्मा गांधी कैसे बने राष्ट्रपिता

इतिहास के कुछ किस्से बताते हैं कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी के बीच वैचारिक मतभेद थे। लेकिन नेताजी हमेशा ही महात्मा गांधी का सम्मान करते थे। सबसे पहली बार नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया था।

6 जुलाई 1944 को रंगून रेडियो स्टेशन से दिए गए अपने भाषण में नेता जी ने गांधी जी को राष्ट्रपिता कहा। अपने भाषण में सुभाष चंद्र बोस ने कहा, हमारे राष्ट्रपिता, भारत की आजादी की पवित्र लड़ाई में मैं आपके आशीर्वाद और शुभकामनाओं की कामना करता हूं।

## 30 जनवरी का भारत इतिहास

भारत में 30 जनवरी का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक आधार पर महत्वपूर्ण है। इस दिन भारत ने कई महान शख्सियत का निधन हुआ है। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का निधन 30 जनवरी 1948 को हुआ। 30 जनवरी 1530 को मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन। 1960 में प्रसिद्ध लेखक, कवि, भाषाविद और सम्पादक नाथूराम प्रेमी का निधन। 1960 में ही भारत के एक अर्थशास्त्री जे.सी. कुमारप्पा का निधन। 1968 को हिन्दी साहित्यकार माखनलाल चतुर्वेदी का निधन।

**30 जनवरी विशेष दिवस**

महात्मा गांधी स्मृति दिवस
शहीद दिवस
राष्ट्रीय सर्वोदय दिवस
अंतरराष्ट्रीय सर्वोदय दिवस
नशा मुक्ति संकल्प और शपथ दिवस
कुष्ठ निवारण दिवस

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को देश शहीद दिवस के तौर पर मनाता है। इस दिन दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी जी की समाधि स्थल पर भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री पहुंचते हैं और स्वतंत्रता संग्राम में गांधी जी के योगदान की स्मृति में श्रद्धांजलि देते हैं। साथ ही देश के सशस्त्र बलों के शहीदों को भी इस दिन सलामी दी जाती है। देशभर में बापू की स्मृति और शहीदों के योगदान के लिए दो मिनट का मौन रखा जाता है।

### 23 मार्च के शहीद दिवस से अंतर

भारत में दो दिन शहीद दिवस के तौर पर मनाते हैं। 23 मार्च को भी शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है और 30 जनवरी को भी।

हालांकि दोनों ही दिनों को शहीद दिवस मनाने का एक बड़ा अंतर है। 30 जनवरी को बापू की हत्या की गई थी।

वहीं 23 मार्च 1931 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। इसलिए 23 मार्च को अमर शहीदों को नमन करते हुए अमर शहीद दिवस मनाते हैं।

# हेयरफॉल से हैं परेशान तो गुड़हल के फूल में छिपा है इसका इलाज



बदलते मौसम के साथ-साथ खान पान में बदलाव का सबसे ज्यादा असर लोगों के शरीर पर पड़ता है। ऐसे में शारीरिक बदलाव भी होते हैं। सबसे ज्यादा तो लोगों के बालों पर इनका प्रभाव पड़ता है। बालों को मजबूत और शाइनी बनाने के लिए लोग कई तरह के घरेलु उपाए करते हैं। आपने भी कई तरह के घरेलु नुस्खे अपनाए होंगे, पर आज हम आपको बालों में गुड़हल के फूल का इस्तेमाल करना सिखाएंगे। जी हां, आपने अभी तक गुड़हल के फूल का इस्तेमाल पूजा में और घर सजाने में किया होगा पर, आज हम आपको गुड़हल के फूल के कुछ ऐसे फायदे बताएंगे जिससे आपके बालों के जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती है।

गुड़हल का फूल बालों का टूटना कम करता है। इसके इस्तेमाल से बालों में मजबूती आती है। आइए अब देर ना करते हुए आपको गुड़हल के फूल को इस्तेमाल करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आपके बाल चमकदार बनने के साथ-साथ मजबूत भी बने रहें।

### हेयर फॉल होगा कम

अगर आपके साथ हेयर फॉल की समस्या काफी बढ़ गई है तो गुड़हल के फूल का इस्तेमाल कीजिए। इससे बालों में पोषण की कमी पूरी होगी, जिससे बाल मजबूत बनेंगे।

### बाल होंगे हेल्दी

गुड़हल के फूल में विटामिन सी मौजूद होता है, ऐसे में अगर आप इसका हेयर पेक बना कर लगाएंगे तो बालों की कई समस्याएं दूर होंगी।

### डैंड्रफ की समस्या होगी कम

सर्दियों के समय लगभग सभी के बालों में डैंड्रफ की समस्या का सामना करना पड़ता है। गुड़हल में एंटी-फंगल तत्व पाए जाते हैं। अगर आप इसका हेयर मास्क लगाते हैं तो इससे स्कैल्प की सभी परेशानियां दूर होती हैं। इससे सिर की खुजली भी खत्म हो जाती है।

### शाइनी बनेंगे बाल

अगर आप बाल काफी रूखे हैं तो गुड़हल के फूल का इस्तेमाल कीजिए। इसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जिनकी मदद से बाल शाइनी और काले होते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

अगर आप भी गुड़हल के फूल का हेयर मास्क बनाने का सोच रही हैं तो सहसे पहले गुड़हल के फूल, पत्ते और दही को अच्छे से पीस कर इसका पेस्ट बना लें। इसे बालों में लगाने से काफी लाभ होगा। इसके अलावा फूल को पीसकर इसमें अंडे का सफेद भाग मिलाकर अच्छी तरह से फेंट लें। इस पेस्ट को बालों में लगाने से काफी फायदा देखने को मिलेगा।

# ब्लोटिंग की समस्या से बचाव के लिए खाना खाने से पहले रोजाना पीएं ये ड्रिंक



गलत खानपान और खराब दिनचर्या की वजह से सेहत संबंधी परेशानी हो सकती है। खासकर, खराब खानपान से ब्लोटिंग की समस्या होती है। आसान शब्दों में पेट संबंधी विकार होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो पेट की अंदरूनी परत म्यूकोसा के भीतर छोटी-छोटी कई ग्रंथियां होती हैं। ये ग्रंथियां भोजन को पचाने के लिए स्टमक एसिड और पेप्सिन नामक एंजाइम का उत्सर्जन करती हैं। इसी परत में सूजन आने या गैस बनने से पेट फूलने की समस्या होती है। यह समस्या बासी भोजन, जंक फूड, तली भुनी चीजें और हार्मोन असंतुलन आदि वजहों से होती है। अगर आप भी ब्लोटिंग की समस्या से परेशान हैं और निजात पाना चाहते हैं, तो रोजाना खाना खाने से पहले ये ड्रिंक जरूर पिएं।

### इसबगोल

आयुर्वेद में इसबगोल को औषधि माना जाता है। इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर रिच फूड्स खाने से हाजमा दुरुस्त रहता है। वहीं, फाइबर बढ़ते वजन और शुगर को भी कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसके सेवन से पेट संबंधी विकार दूर होते हैं। खासकर, कब्ज, बदहजमी और अपच की समस्या को दूर करने के लिए इसबगोल किसी दवा से कम नहीं है। इसके सेवन से ब्लोटिंग की समस्या भी दूर होती है। इसबगोल भोजन से प्रोटीन और बैक्टीरिया को तोड़ने में मदद करता है। यह आंतों के लिए भी फायदेमंद है।

### सामग्री

-1 चम्मच इसबगोल
-1 गिलास पान
-2 चम्मच सेब का सिरका

### कैसे करें सेवन

इसके लिए एक गिलास पानी में इसबगोल की भूसी और सेब के सिरके को अच्छी तरह से मिक्स करें। अगर टेस्ट कड़वा लगे, तो 2 चम्मच के बदले 1 चम्मच सेब के सिरके का इस्तेमाल करें। इस ड्रिंक का सेवन खाना खाने से 20 मिनट पहले करें। इस ड्रिंक के सेवन से मोटापा और मधुमेह में भी फायदा मिलता है। आप दिन में दो बार इसबगोल का सेवन कर सकते हैं।

# बिस्तर पर सोने के तरीके से जानें पति-पत्नी के रिश्ते की गहराई

व्यक्ति का तौर तरीका, चाल-ढाल और बात कहने का अंदाज उनके व्यक्तित्व के बारे में बताता है। अगर आप किसी कि पर्सनालिटी के बारे में जानना चाहते हैं, तो उसके आचरण पर गौर करें। ऐसे ही व्यक्ति के सोने के तरीके भी कई राज खोलते हैं। यह राज व्यक्ति की लव लाइफ से जुड़े हैं। किसी व्यक्ति का अपने पार्टनर के साथ स्लीपिंग पोजिशन कैसा है, यह उनके रिश्ते की गहराई बता सकता है। जब दो लोगों की नई शादी होती है, तो पति-पत्नी को एक दूसरे को समझने में कुछ वक्त लगता है। नई शादी में अक्सर कपल अपने पार्टनर का व्यवहार और पसंद नापसंद तो जानना ही चाहते हैं, साथ ही ये भी जानना चाहते कि इस रिश्ते को लेकर पार्टनर कितना गंभीर है या क्या सोचता है। अगर आपकी हाल फिलहाल शादी हुई है और आप ये जानना चाहते हैं कि पार्टनर इस रिश्ते में कितना इन्वॉल्व है तो उनके सोने के तरीके से पता लगा सकते हैं। अगली स्लाइड्स में आपको पार्टनर के सोने के पोजीशन के खास मतलब के बारे में बताया जा रहा है, जिससे आप अपने रिश्ते की गहराई के बारे में जान सकेंगे।




### स्पूनिंग पोजीशन

इस तरह की पोजीशन में सोते समय पति पत्नी को बैक साइड से हग करता है। यानी पत्नी के पीठ की तरफ से लिपटकर सोता है। यह स्थिति बताती है कि पार्टनर आपको बहुत प्यार करता है। वहीं आप अपने पार्टनर के साथ कितना सहज है, यह भी पता चलता है। यह कपल के बीच के रोमांटिक रिश्ते को जाहिर करता है।

### रोलिंग बैक पोजिशन

जब बिस्तर पर पति और पत्नी एक दूसरे की ओर पीठ करके दूर दूर सोते हैं, तो इसे रोलिंग बैक पोजिशन कहते हैं। सोने की इस स्थिति से पता चलता है कि पति और पत्नी के रिश्ते में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। उनके रिश्ते में प्यार का अभाव होता है। कई बार पार्टनर दिनभर की काम की थकान के बाद इस तरह की पोजिशन में सोते हैं।

### सिंगल्स पोजिशन

सोने की इस स्थिति में महिलाएं अपने पार्टनर के कंधों पर सिर रखकर सोती हैं। इस पोजिशन का मतलब होता है कि पत्नी अपने पार्टनर पर काफी भरोसा और प्यार करती हैं। वहीं अगर पति भी पत्नी के सोने के इस तरीके में सहज महसूस करते हैं तो इसका मतलब है कि वह अपनी पत्नी का काफी ध्यान रखते हैं और उनकी सुरक्षा के बारे में सोचते हैं।

### एक दूसरे से विपरीत सटकर सोना

यह पोजिशन कुछ कुछ रोलिंग बैक जैसी ही होती है। इस तरह की पोजिशन में कपल एक दूसरे की ओर पीठ करके सोते हैं लेकिन उनकी बैक साइड एक दूसरे को टच कर रही होती है। इस स्थिति का मतल है कि कपल एक दूसरे के प्रति आकर्षित हैं और रिश्ते को काफी सुरक्षित मानते हैं, लेकिन कपल एक दूसरे के पर्सनल स्पेस का ख्याल रखना चाहते हैं।

### प्रेट्सल पोजीशन

जब पति पत्नी को बाहों में लेकर सोता है तो इसे प्रेट्सल पोजिशन कहते हैं। सोने का यह तरीका आमतौर पर नए शादीशुदा जोड़े अपनाते हैं। ये रोमांटिक रिश्ते को दर्शाता है। लेकिन शादी के कई सालों बाद भी अगर पति पत्नी इस पोजिशन में सोते हैं तो उस कपल के बीच काफी प्यार होता है।

## वैलेंटाइन डे के लिए करनी है शॉपिंग, 1000 से भी कम रुपये में खरीदें इस तरह की ड्रेसेस

वैलेंटाइन डे आने में अब कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में लड़कियां इसकी तैयारी काफी पहले से करने लगती हैं। वैलेंटाइन वीक में हर रोज अलग-अलग दिन होता है, जिसे सभी अपने पार्टनर के साथ सेलिब्रेट करते हैं। वैलेंटाइन डे पर हर कोई कुछ इस तरह से तैयार होना चाहता है, कि उनके पार्टनर की नजरें उन पर से ना हटें। ऐसे में कई बार कुछ लोग काफी महंगी ड्रेसेस खरीद लेते हैं जिनका बाद में कोई इस्तेमाल नहीं होता। इसी के चलते आज की खबर में हम आपको कुछ ऐसी ड्रेसेस के बारे में बताएंगे जिन्हें आप महज 1000 रुपये तक में खरीद सकते हैं। इस तरह की ड्रेसेस आपको आसानी से ऑनलाइन के साथ-साथ बाजार में मिल जाएगी। जिसे पहन कर आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। इस प्राइज में अगर आप ड्रेस खरीद कर उसे बस एक बार पहनेंगी तो आपको ज्यादा रुपये खर्च करने का दुख भी नहीं होगा।



### बलून स्लीव की ड्रेस

बलून स्लीव की ड्रेस आज-कल काफी चलन में है। वैसे तो इस तरह की ड्रेसेस काफी महंगी आती है लेकिन आप ऑनलाइन इसे आराम से 1000 के अंदर खरीद सकते हैं। बाजार में भी इसे खरीद पाना बेहद आसान है।

### ऑफ शोल्डर ड्रेस

अगर आप स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ऑफ शोल्डर ड्रेस एक बेहतर ऑप्शन है। इस तरीके की ड्रेस को आप ऑनलाइन बड़े ही कम दामों में खरीद सकती हैं। अगर किसी बड़े ब्रांड की ऑफ शोल्डर ड्रेस आप खरीदेंगी तो इसका दाम 2 से 3 हजार रहेगा।

### सिंगल शोल्डर ड्रेस

अगर आप ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन कर कंफर्टेबल नहीं हैं तो सिंगल शोल्डर ड्रेस एक बेहतर ऑप्शन है। इसे आप बाजार से 1000 से भी कम रूपयों में खरीद सकती हैं। इसमें आपको डांस करने में भी आसानी रहेगी।

### सिंपल ड्रेस है सबसे बेस्ट

अगर वेस्टर्न ड्रेस देखकर आप कंफ्यूज होती हैं तो सबसे बेहतर आप्शन यही है।

आप अपनी पसंद की कोई भी ड्रेस ले सकती हैं। सिंपल ड्रेस आपको 500 से 1000 तक में मिल जाएगी। इसे खरीदने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी।

# बुध एवं सूर्य की युति से हो रहा है बुधादित्य राजयोग का निर्माण

ज्योतिष शास्त्र में ग्रह गोचर और युति को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रहों की युति का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है, साथ ही इनके कारण विभिन्न प्रकार के योग का निर्माण भी होता है. यह योग कुछ राशियों के लिए शुभ होते हैं तो कुछ लिए अशुभ माने जाते हैं। बता दें कि 7 फरवरी 2024 को बुध देव मकर राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में पहले से सूर्य देव उपस्थित हैं, ऐसे में मकर राशि में सूर्य और बुध की युति का संयोग बनेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि सूर्य-बुध की युति के कारण बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा, जिसका प्रभाव सभी राशियों पर सकारात्मक व नकारात्मक रूप से पड़ेगा। लेकिन इन सभी तीन राशियां ऐसी हैं जिन्हें बुधादित्य राजयोग से बहुत लाभ मिलेगा।




### मेष राशि

मेष राशि के जातकों पर बुधादित्य राजयोग का शुभ प्रभाव पड़ेगा। इस अवधि में कार्य और कारोबार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा और पदोन्नति के भी संकेत मिल रहे हैं। रोजगार की तलाश कर रहे जातकों को भी इस अवधि में सफलता प्राप्त हो सकती है।

### मकर राशि

सूर्य और बुध की युति का शुभ प्रभाव मकर राशि के जातकों पर भी पड़ेगा। इस अवधि में पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा और संबंध मजबूत होंगे। योग्य साथी की खोज में जुटे जातकों को इस अवधि में अच्छे प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। साझेदारी में शुरू किए गए कारोबार में लाभ मिलने के संकेत हैं।

### कन्या राशि

कन्या राशि के जातकों पर बुध गोचर और बुधादित्य राजयोग का शुभ प्रभाव पड़ेगा। जो छात्र उच्च शिक्षा के लिए अच्छे संस्थान की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस अवधि में सफलता प्राप्त होगी। शिक्षा के क्षेत्र में भी छात्रों के यह समय शुभ है। प्रेम के क्षेत्र में भी साथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे।

## जल्द स्वराशी में अस्त हो रहे हैं शनि देव, ढैय्या और साढ़ेसाती से बचने के लिए करें ये उपाय

ज्योतिष विज्ञान में ग्रहों के अस्त और उदित होने की क्रिया को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। बता दें कि दो दिन बाद मंगलवार के दिन शनि देव स्वराशी कुंभ में अस्त होने जा रहे हैं, जिसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनि अस्त के कारण जिन राशियों पर शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या चल रही है, उन्हें इस अवधि में सतर्क रहने की आवश्यकता है। साथ ही उन्हें रोजाना एक अचूक उपाय अवश्य करना चाहिए, जिसकी सहायता से शनि के अशुभ प्रभाव से बचाव किया जा सकता है। आइए जानते हैं शनि अस्त का समय और उपाय। शनि देव ने 7 फरवरी को कुंभ राशि प्रवेश किया था और अब 11 फरवरी को इसी राशि में अस्त होने जा रहे हैं। शनि वक्री 8 फरवरी को सुबह 02 बजकर 46 मिनट पर होगा और शनि 33 दिनों तक इसी स्थिति में रहेंगे। जिसके बाद वह 05 मार्च को रात्रिकाल में उदित होंगे। शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या कुंभ, मीन, मकर, वृश्चिक और कर्क राशि पर चल रहा है। इस अवधि में ये राशियां रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें। मान्यता है कि ऐसा करने से शनि के दुष्प्रभाव से बचाव किया जा सकता है।



**हनुमान चालीसा दोहा** श्रीगुरु चरन सरोज रज, निजमन मुकुरु सुधारि। बरनउं रघुबर बिमल जसु, जो दायक फल चारि।। बुद्धिहीन तनु जानिके, सुमिरौं पवन-कुमार। बल बुधि बिद्या देहु मोहिं, हरहु कलेस बिकार।।

**चौपाई** जय हनुमान ज्ञान गुन सागर। जय कपीस तिहुं लोक उजागर।। राम दूत अतुलित बल धामा। अंजनि-पुत्र पवनसुत नामा।। महाबीर बिक्रम बजरंगी। कुमति निवार सुमति के संगी।। कंचन बरन बिराज सुबेसा। कानन कुण्डल कुँचित केसा।। हाथ बज्र औ ध्वजा बिराजे। कांधे मूंज जनेउ साजे।। शंकर सुवन केसरी नंदन। तेज प्रताप महा जग वंदन।। बिद्यावान गुनी अति चातुर। राम काज करिबे को आतुर।। प्रभु चरित्र सुनिबे को रसिया। राम लखन सीता मन बसिया।। सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा। बिकट रूप धरि लंक जरावा।। भीम रूप धरि असुर संहारे। रामचन्द्र के काज संवारे।। लाय सजीवन लखन जियाये। श्री रघुबीर हरषि उर लाये।। रघुपति कीन्ही बहुत बड़ाई। तुम मम प्रिय भरतहि सम भाई।। सहस बदन तुम्हरो जस गावैं। अस कहि श्रीपति कण्ठ लगावैं।। सनकादिक ब्रह्मादि मुनीसा। नारद सारद सहित अहीसा।। जम कुबेर दिगपाल जहां ते। कबि कोबिद कहि सके कहां ते।। तुम उपकार सुग्रीवहिं कीन्हा। राम मिलाय राज पद दीन्हा।। तुम्हरो मंत्र बिभीषन माना। लंकेश्वर भए सब जग जाना।। जुग सहस्र जोजन पर भानु। लील्यो ताहि मधुर फल जानू।। प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं। जलधि लांघि गये अचरज नाहीं।। दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।। राम दुआरे तुम रखवारे। होत न आज्ञा बिनु पैसारे।। सब सुख लहै तुम्हारी सरना। तुम रच्छक काहू को डर ना।। आपन तेज सम्हारो आपै। तीनों लोक हांक तें कांपै।। भूत पिसाच निकट नहिं आवै। महाबीर जब नाम सुनावै।। नासै रोग हरे सब पीरा। जपत निरन्तर हनुमत बीरा।। संकट तें हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।। सब पर राम तपस्वी राजा। तिन के काज सकल तुम साजा।। और मनोरथ जो कोई लावै। सोई अमित जीवन फल पावै।। चारों जुग परताप तुम्हारा। है परसिद्ध जगत उजियारा।। साधु संत के तुम रखवारे।। असुर निकन्दन राम दुलारे।।

अष्टसिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता।। राम रसायन तुम्हरे पासा। सदा रहो रघुपति के दासा।। तुह्मरे भजन राम को पावै। जनम जनम के दुख बिसरावै।। अंत काल रघुबर पुर जाई। जहां जन्म हरिभक्त कहाई।। और देवता चित्त न धरई। हनुमत सेइ सर्ब सुख करई।। सङ्कट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा।। जय जय जय हनुमान गोसाईं। कृपा करहु गुरुदेव की नाईं।। जो सत बार पाठ कर कोई। छूटहि बन्दि महा सुख होई।। जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा। होय सिद्धि साखी गौरीसा।। तुलसीदास सदा हरि चेरा। कीजै नाथ हृदय महं डेरा।। **दोहा** पवनतनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप। राम लखन सीता सहित, हृदय बसहु सुर भूप।।

# 10 हजार घंटों में बनकर तैयार हुआ था अथिया शेट्टी का लहंगा





अथिया शेट्टी और केएल राहुल शादी के बंधन में बंध गए। शादी का ये कार्यक्रम बेहद की करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच संपन्न हुआ। पूरे दिन दोनों के फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब थे। लोग जानना चाहते थे कि अथिया और राहुल ने किस तरह से ड्रेसअप किया है। जब शाम को अथिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शादी की फोटोज डालीं तो उन पर फैंस ने जमकर प्यार बरसाया। फोटोज पोस्ट करने के बाद अथिया और राहुल ने फॉर्म-हाउस से बाहर आकर पैपराजी और फैंस के लिए जमकर पोज दिए। इस दौरान सबकी नजर अथिया के लहंगे पर थी। अपने वेडिंग डे पर अथिया ने अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन किया हुआ लहंगा पहना था। इस लहंगे को बनने में कई हजार घंटों का समय लगा था। इसे पहन कर अथिया बिल्कुल अप्सरा जैसी लग रही थीं। वहीं राहुल भी दूल्हे के कपड़ों में काफी जच रहे थे। लोगों को दोनों का ही वेडिंग लुक काफी पसंद आया।

## लहंगा तैयार होने में लगा 416 दिन का समय

अगर बात करें अथिया शेट्टी के पिंक कलर के इस लहंगे की तो अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन किया हुआ ये लहंगा तैयार होने में 416 दिन का समय लगा था।

इस पर जरदोजी का बेहद बारीक काम हुआ था।

## हाथ से हुआ है काम

दस हजार से ज्यादा घंटो तक मेहनत करके अथिया के गुलाबी लहंगे पर पेस्टल रंग की चिकनकारी का बारीकी से काम किया गया था। खास बात ये थी कि, उनके लहंगे को मशीन से नहीं, बल्कि कारीगरों ने हाथ से बुना है। इसमें रेशम की जरदोजी और नेट का काम भी है।

## ऑर्गेंजा सिल्क से तैयार किया गया दुपट्टा

वहीं अगर बात करें अथिया के दुपट्टे की तो इसे ऑर्गेंजा सिल्क से तैयार किया गया था। जो काफी खूबसूरत लग रहा था।

## मेकअप था काफी हल्का

अपने वेडिंग लुक को कंप्लीट करने के लिए अथिया ने हेवी ज्वैलरी के साथ मेकअप काफी हल्का रखा था। ताकि, उनका अंदाज सबसे अलग दिखे। उनके कलीरे भी काफी अलग तरह के थे।

## राहुल भी लगे बेहद स्मार्ट

अगर बात करें केएल राहुल की तो उन्होंने भी डिजाइनर अनामिका खन्ना की आइवरी शेड वाली शेरवानी पहनी थी। जिसमें केएल राहुल काफी हैंडसम नजर आए। उन्होंने मैचिंग दोशाला से अपने वेडिंग लुक को पूरा किया था।

# सर्दी-खांसी में कौन से फल का सेवन है फायदेमंद और कौन सा बढ़ा सकता है परेशानी



सर्दियों का मौसम आ गया है। इस मौसम में कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। ज्यादातर लोगो को सर्दी में खांसी जुकाम की शिकायत हो जाती है। खांसी होने पर खाने पीने को लेकर परहेज भी शुरू हो जाते हैं। ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए, ऐसी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए, जो खांसी की शिकायत को अधिक बढ़ा दें। खांसी के दौरान फलों के सेवन को लेकर भी कई तरह के भ्रम हैं। लोग सलाह देते हैं कि खांसी जुकाम होने पर खट्टे फल या रसीले फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे खांसी की समस्या बढ़ जाती है। लेकिन क्या आपको पता है कि खांसी आने पर असल में कौन से फलों का सेवन करना चाहिए और कौन से फल खाने के परहेज करना चाहिए। आइए जानते हैं खांसी जुकाम में फलों के सेवन के फायदे और नुकसान।

आहार और पोषण विशेषज्ञ के मुताबिक, खांसी की समस्या में सिट्रिक फलों का सेवन करवना चाहिए। सिट्रिक फल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम करते हैं। इनके सेवन से खांसी की समस्या कम होती है। ये रहे खांसी में फायदेमंद फल। विशेषज्ञ बताते हैं कि खांसी आने पर सेब का सेवन भी कर सकते हैं। सेब खाने से खांसी कम हो सकती है। सेब में पाएं जाने वाले औषधीय गुण वायरल इंफेक्शन को दूर करते हैं। खांसी की शिकायत में किवी का सेवन असरदार है। किवी में विटामिन सी और ई भरपूर मात्रा में होता है, जिसका सेवन एलर्जी और इंफेक्शन को कम करता है और इम्यूनिटी पावर को बूस्ट करता है। ऐसा कोई भी फल नहीं है, जिसके खांसी के दौरान सेवन से नुकसान हो सकता है। हालांकि किसी फल से एलर्जी होती है, तो उसका सेवन न करें। ध्यान देने योग्य बात ये है कि खांसी आने पर रात या शाम के वक्त खट्टे फलों का सेवन कम करना चाहिए। इसके अलावा अगर फल फ्रिज में रखें हैं, तो उनके सेवन से बचना चाहिए।

## मधुमेह के मरीजों को ड्रैगन फ्रूट खाना चाहिए या नहीं

पिछले कुछ सालों में तेजी से लोकप्रिय होने वाले ड्रैगन फ्रूट को लेकर आज भी काफी असमंजस बना हुआ है। इस फल का नाम इसके बनावट के देखते हुए रखा गया है। भारत में जिसे ड्रैगन फ्रूट कहकर पुकारते हैं, दुनिया के कई हिस्सों में कैक्टस फल और स्ट्रॉबेरी नाशपाती के रूप में भी जाना जाता है। इसका स्वाद मीठा होता है। लेकिन ताज़ा होने पर यह फल और भी आनंद देता है। परफेक्ट स्नैक होने से लेकर आपके मॉकटेल तक, ड्रैगन फ्रूट पोषक तत्वों से भरपूर है, जो इसे एक बेहतरीन फल बनाता है। क्योंकि यह एक मीठा फल है, तो इसे खाने से पहले डायबिटीज के मरीज कई बार सोचते हैं। ड्रैगन फ्रूट एंटीऑक्सिडेंट, फाइटोन्यूट्रिएंट्स, विटामिन और खनिजों जैसे गुणों से भरपूर फल है। ये सभी आपकी सेहत के लिए चमत्कार कर सकते हैं। इसमें फाइबर भी होता है, जो आपके रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। ड्रैगन फ्रूट को लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स फ्रूट माना जाता है। जानकारों के मुताबिक इसका जीआई 48-52 के बीच कम है, इसलिए इसका सेवन कम मात्रा में करने से ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि ड्रैगन फ्रूट रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और आपके मधुमेह को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकता है। 100 ग्राम फल खाने से 60 कैलोरी ऊर्जा मिलती है। मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति प्रतिदिन 100 ग्राम से अधिक ड्रैगन फ्रूट का सेवन नहीं कर सकता है। यह ब्लड शुगर स्पाइक्स को कम करने और वजन घटाने में सहायता करेगा। वहीं अगर अन्य फलों के साथ इसका सेवन किया जाए तो लगभग 50 ग्राम का सेवन किया जा सकता है। सामान्य अध्ययन में ड्रैगन फ्रूट खाने वाले लोगों में कोई साइड इफेक्ट नहीं दिखाया गया है। हालांकि, अगर किसी को फलों से एलर्जी है, तो वे जीभ की सूजन, जलन या जीभ की खुजली जैसे लक्षण दिखा सकते हैं। आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ड्रैगन फ्रूट भी बहुत अच्छा है। यह ओमेगा -3 फैटी एसिड से भी भरपूर होता है, जो इसे हृदय-स्वस्थ आहार के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त बनाता है। ड्रैगन फ्रूट खाने के फायदे यहीं खत्म नहीं होते। चूंकि यह ओमेगा -3 और अन्य पोषक तत्वों में उच्च है, यह आपके कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकता है और फैट से होने वाले रोग को कम कर सकता है।

## ड्रैगन फ्रूट खाने का तरीका

ड्रैगन फ्रूट के सेवन का सबसे अच्छा तरीका है कि इसे ताजा काटकर खाएं। हालांकि, कुछ व्यंजन हैं जिन्हें आप इस मीठे गुलाबी आनंद को बेहतरीन बनाने के लिए आज़मा सकते हैं। आप ड्रैगन फ्रूट जूस और स्मूदी भी ट्राई कर सकते हैं। आप इसे कस्टर्ड के साथ भी डाल सकते हैं या पुडिंग बना सकते हैं। इसके अलावा, आप इसे खीरे, टमाटर और अन्य मधुमेह के अनुकूल सब्जियों से भरे सलाद में शामिल कर सकते हैं।



## थायराइड की समस्या में रामबाण हैं ये तेल

बदलती लाइफस्टाइल और गलत खानापान की वजह से आप कई तरह की बीमारियों के शिकार होते हैं। अक्सर आप लोगों से सुनते होंगे- मुझे थायराइड है, ऐसे में वजन कभी बढ़ जाता है, तो कभी घट जाता है। दरअसल, थायराइड की समस्या ग्रंथी से जुड़ी है। यह एक तितली के आकार की ग्रंथी होती है, जो गर्दन में श्वासनली के सामने होती है। थायराइड हार्मोन का काम करता है। जब हार्मोन के स्तर में अचानक से उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है तो इस बीमारी के लक्षण दिख सकते हैं।

थायराइड के ये हैं लक्षण

मांसपेशियों और जोड़ों में लगातार दर्द होना। महिलाओं में पीरियड्स के दौरान पेट में अधिक दर्द होना या पीरियड्स में अनियमितता। हर वक्त थकान महसूस होना या घबराहट की समस्या। गर्दन में सूजन या भारीपन का अहसास होना। वजन बढ़ना या घटना। नींद न आने की समस्या। बालों का पतला होना।

## मददगार हैं ये तेल

चंदन के तेल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जिन लोगों को थायराइड की समस्या है, यह तेल उनके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इस तेल के मालिश से अनिद्रा, तनाव आदि को दूर किया जा सकता है। यह तेल हेयर फॉल को कंट्रोल करने में सहायक है। लैवेंडर के तेल में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करता है। यह तेल डिप्रेशन की समस्या को कम करने में मददगार है। पुदीना के तेल में उच्च मात्रा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। जो थायराइड की समस्या में लाभदायक है। इसमें मौजूद गुण मूड स्विंग, पाचन शक्ति और अन्य समस्या को दूर करने में मदद करता है। लेमन ग्रास ऑयल में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल से थायराइड से संबंधित एलर्जी या सूजन से राहत पा सकते हैं।

# फरवरी में उठाना चाहते हैं स्कूबा डाइविंग का लुत्फ



फरवरी का महीना घूमने के लिए परफेक्ट होता है। इस महीने में बसंत ऋतु की शुरुआत हो जाती है। इसके लिए फरवरी में मौसम बेहद सुहाना रहता है। इस महीने में न ज्यादा गर्मी और न ज्यादा ठंडी पड़ती है। पर्यटक सैर सपाटे और प्रकृति का दीदार करने के लिए फरवरी के महीने का चयन करते हैं। इस मौके पर लोग अपने दोस्तों और फैमिली के साथ वेकेशन पर जाना पसंद करते हैं। अगर आप भी फरवरी में दोस्तों के साथ वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो वेकेशन को यादगार बनाने के लिए स्कूबा डाइविंग डेस्टिनेशन पर जा सकते हैं। आजकल स्कूबा डाइविंग ट्रेंड में है। बड़ी संख्या में पर्यटक देश के विभिन्न हिस्सों में स्कूबा डाइविंग के लिए जाते हैं। अगर आप फरवरी के महीने में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो गोवा बेस्ट डेस्टिनेशन है। फरवरी के महीने में गोवा में गोवा कार्निवल का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा, आप गोवा में स्कूबा डाइविंग का भी आनंद उठा सकते हैं। आप स्कूबा डाइविंग के लिए पुदुचेरी भी जा सकते हैं। वेकेशन के लिए पुदुचेरी परफेक्ट डेस्टिनेशन हैं। वहीं, आप अपने दोस्तों के साथ पुदुचेरी में स्कूबा डाइविंग का आनंद उठा सकते हैं। इस मौके पर समुद्र की खूबसूरती से भी रूबरू हो सकते हैं। पर्यटन के लिए अंडमान निकोबार सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए अंडमान निकोबार जाते हैं। यहां कई खूबसूरत द्वीप हैं। इनमें एक शहीद द्वीप है। जहां आप अपने दोस्तों के साथ स्कूबा डाइविंग का आनंद उठा सकते हैं। अगर आप मुंबई के आसपास ही स्कूबा डाइविंग का आनंद उठाना चाहते हैं, तो तारकर्ली परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह खूबसूरत बीच महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित है। यह बीच दुर्ग के किनारे स्थित है। आप किले की भी सैर कर सकते हैं। साथ ही यादगार तस्वीर सहेज सकते हैं। स्कूबा डाइविंग के लिए नेत्रानी परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आप यहां पर बोटिंग, सर्फिंग, फिशिंग आदि चीजों के साथ स्कूबा डाइविंग का भी आनंद उठा सकते हैं। यह खूबसूरत द्वीप मुरुदेश्वर से तकरीबन किलोमीटर दूर है। आप दोस्तों के साथ घूमने और स्कूबा डाइविंग के लिए नेत्रानी जा सकते हैं।

## दार्जिलिंग के आसपास इन जगहों पर घूमने की कर सकते हैं प्लानिंग



जनवरी का महीना घूमने के लिए परफेक्ट होता है। इस महीने में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। लोग आसपास की खूबसूरत जगहों पर घूमने जाते हैं। आप भी गणतंत्र दिवस के वीकेंड पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो दार्जिलिंग और उसके आसपास इन जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

### दार्जिलिंग

अगर आप वीकेंड पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो सबसे बेस्ट हिल स्टेशन दार्जिलिंग है। घूमने के लिए यह परफेक्ट डेस्टिनेशन है। बड़ी संख्या में पर्यटक दार्जलिंग घूमने आते हैं। आप यहां सक्या मठ, माकडोग मठ, और जापानी मंदिर देव दर्शन के लिए जा सकते हैं। वहीं, एडवेंचर के लिए आप टाइगर हिल की सैर कर सकते हैं।

### मिरिक

अगर आप प्राकृतिक खूबसूरती का दीदार करना चाहते हैं, तो दार्जिलिंग के पास मिरिक बेस्ट डेस्टिनेशन है। यह खूबसूरत जगह दार्जिलिंग जिले में स्थित है। मिरिक में कई पर्यटन स्थल हैं। खासकर, मिरिक में स्थित झील पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। आप वीकेंड पर अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए मिरिक जा सकते हैं।

### कुर्सियांग

आप मिरिक के अलावा घूमने के लिए कुर्सियांग का भी चयन कर सकते हैं। यह खूबसूरत हिल स्टेशन दार्जिलिंग से महज 32 किलोमीटर दूर है। अगर आप टॉय ट्रेन की सवारी करना चाहते हैं, तो कुर्सियांग जरूर पहुंचे। साथ ही कुर्सियांग में रेलवे संग्रहालय देखने जा सकते हैं। पर्यटकों के लिए कुर्सियांग किसी जन्नत से कम नहीं है।

### कलिंपोंग

कलिंपोंग पर्यटन के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यह शहर उन व्यापार के लिए भी जाना जाता है। इसके अलावा, कालिंपोंग बौद्ध मठों, पुराने चर्चों और माउंट कंचनजंगा के आश्चर्यजनक दृश्यों के लिए सबसे लोकप्रिय है। वर्तमान समय में यह हिल स्टेशन बंगाल का प्रमुख डेस्टिनेशन है। दार्जिलिंग से कालिंपोंग की दूरी महज 50 किलोमीटर है।

### तकदाह

अगर आप ट्रेकिंग के लिए किसी हिल स्टेशन की तलाश में हैं, तो तकदाह का चयन कर सकते हैं।



आसान शब्दों में कहें तो वीकेंड पर तकदाह की सैर कर सकते हैं। यह खूबसूरत डेस्टिनेशन भी दार्जिलिंग में स्थित है। दार्जिलिंग से तकदाह की दूरी महज 25 किलोमीटर है।

## स्काई डाइविंग का आनंद उठाने के लिए देश की इन खूबसूरत जगहों की करें सैर

स्प्रिंग सीजन घूमने के लिए परफेक्ट माना जाता है। इस सीजन में न ज्यादा ठंड और न ज्यादा गर्मी पड़ती है। इसके लिए लोग सैर सपाटे पर जाते हैं। वहीं, कुछ लोग एडवेंचर ट्रिप पर जाना पसंद करते हैं। अगर आप भी आने वाले दिनों में एडवेंचर ट्रिप पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो स्काई डाइविंग के लिए देश की इन खूबसूरत जगहों की सैर कर सकते हैं।

### बीर-बिलिंग

बीर-बिलिंग पैराग्लाइडिंग के लिए जाना जाता है। यहां आप अपने दोस्तों के साथ स्काई डाइविंग का मजा उठा सकते हैं। बीर-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग ओलंपिक का आयोजन हो चुका है। इसके लिए यह डेस्टिनेशन दुनियाभर में प्रसिद्ध है। बीर-बिलिंग में घूमने के लिए कई परफेक्ट डेस्टिनेशन हैं।

### सोलंग घाटी

आप स्काई डाइविंग के लिए सोलंग घाटी जा सकते हैं। यह खूबसूरत घाटी हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है। सोलांग गांव के समीप होने के लिए घाटी का नाम सोलंग है। मनाली से सोलंग घाटी की दूरी महज 14 किलोमीटर है। पर्यटक सोलंग घाटी में स्कीइंग, स्काई डाइविंग और पैराशूटिंग के लिए आते हैं।

### श्रीनगर

कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। बड़ी संख्या में पर्यटक जन्नत का सैर करने श्रीनगर जाते हैं। यहां आप स्काई डाइविंग का भी आनंद उठा सकते हैं। खासकर, डल झील के ऊपर पैराग्लाइडिंग का आनंद उठाने का अलग ही मजा है।

### कामशेत

अगर आप मुंबई के आसपास स्काई डाइविंग के लिए जाना चाहते हैं, तो कामशेत जरूर जाएं। कामशेत के बारे में बहुत कम लोगों को पता है। मुंबई से कामशेत की दूरी महज 100 किलोमीटर है। इस खूबसूरत शहर में घूमने के लिए पवना झील, शिंदे वाडी हिल्स, भैरी और बेडसा गुफाएं हैं। आप अपने दोस्तों के साथ स्काई डाइविंग के लिए कामशेत जा सकते हैं।

### एंबी वैली

अगर आप स्काई डाइविंग का आनंद उठाने चाहते हैं, तो दोस्तों के साथ एंबी वैली जा सकते हैं। यह खूबसूरत डेस्टिनेशन देशभर में प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में पर्यटक एंबी वैली घूमने आते हैं। मुंबई से एंबी वैली की दूरी 120 किलोमीटर है। वहीं, पुणे से 90 और लोनावाला से 25 किलोमीटर दूर है।

# जैसलमेर के लज़ीज जायके, जो आपकी ट्रिप का मजा कर देंगे दोगुना

गोल्डेन सिटी के नाम से मशहूर जैसलमेर एक बेहद ही खूबसूरत और रंगीला शहर है। जैसलमेर भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है। जो अपने खूबसूरत किले, झीलों और महलों के लिए मशहूर है। इस शहर में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की एक अलग ही झलक देखने को मिलती है। इस शहर को घूमने का सबसे अच्छा टाइम अक्टूबर से फरवरी है। जब यहां का मौसम घूमने के अनुकूल होता है और इस बार तो जैसलमेर डेजर्ट फेस्टिवल का आयोजन भी फरवरी में ही हो रहा है, तो ये एकदम बेस्ट मौका है इस शहर को एक्सप्लोर करने का। जैसलमेर आएं तो यहां के किले, लेक देखने के साथ ही यहां के मशहूर जायकों को भी चखें, क्योंकि इन्हें चखे बिना आपकी यात्रा अधूरी है।



## मखानिया लस्सी

जैसलमेर आएं तो यहां की मखनिया लस्सी को जरूर करें ट्राय। दही से बनने वाली इस लस्सी का जायका बढ़ाने के लिए इसमें सूखी चेरी, काजू, किशमिश और बादाम जैसे ड्रायफ्रूट्स डाले जाते हैं। साथ ही इसमें दूध और मक्खन भी होता है, जो पीने में टेस्टी होने के साथ ही बहुत हेल्दी भी होती है। जैसलमेर के लोकल फूड ज्वॉइंट्स के अलावा आप यहां के कैफे में भी इसका लुत्फ उठा सकते हैं।

## चाने जैसलमेर के

चाने जैसलमेर के, यहां की बहुत ही मशहूर डिश है। जिसे काले चने, बेसन और दही से तैयार किया जाता है। ऊपर से देसी घी, लाल मिर्च और हरी धनिया डालकर सर्व किया जाता है। वैसे इसे जैसलमेर काला चना कढ़ी के नाम से भी जाना जाता है। जिसे यहां रोटी और चावल के साथ लोग खाना पसंद करते हैं। तो इसे भी एक बार जरूर चखें।

## मटन साग

नॉन वेजिटेरियन डिशेज की बात करें, तो मटन साग इस लिस्ट में टॉप पर है। इसे मटन, पालक और राजस्थान के तीखे-चटक मसालों के साथ बनाया जाता है। अगर आप नॉन वेजिटेरियन हैं तब तो आपको इसे जरूर ट्राय करना चाहिए। जिसका स्वाद आपको सालों रहेगा याद।

## केर सांगरी

केर सांगरी का स्वाद आपको लगभग राजस्थान के हर एक शहर में चखने को मिल जाएगा, लेकिन अगर आप जैसलमेर आए हैं तो इसे भी चख लें। सांगरी एक लंबी फली होती है और केर छोटे-छोटे गोले होते हैं। इस सब्जी को बहुत सारे तेल और मसालों के साथ पकाया जाता है। जो खाने में बेहद जायकेदार होती है। तो इसे भी एक बार चखना तो बनता है। इसके अलावा जैसलमेर के लजीज़ जायकों को चखने के लिए आप गड़ीसर लेक के सामने का भी रूख कर सकते हैं।

लोकल डिशेज़ के अलावा यहां और दूसरी तरह की डिशेज़ का स्वाद भी ऐसा होता है कि आप उंगलियां चाटते रह जाएंगे। शाम के समय यहां आना बेस्ट रहेगा जब आप खानपान के साथ गड़ीसर लेक में होने वाले फाउंटेन शो के भी मजे ले सकते हैं। यहां से आपको जैसलमेर का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को डेढ़ लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण देने के लिए रखा जायेगा




खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए नियुक्त करने की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश (उप्र) में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए नियुक्त करने की व्यवस्था की है। उप्र विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को अपने बजट भाषण के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 195 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख रुपए प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। खन्ना ने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि 'स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर' की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

## मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोडी बनी विजेता

पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गयी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में दी मात, सीरीज को 1-1 से किया बराबर



विशाखापट्टनम में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला भारत बनाम इंग्लैंड के बीच खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। जहां सीरीज का पहला मैच इंग्लैंड ने जीता था वहीं भारत ने दूसरा मुकाबला जीतकर अपना हिसाब बराबर कर दिया है।

भारत बनाम इंग्लैंड के बीच विशाखापट्टनम में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। जहां सीरीज का पहला मैच इंग्लैंड ने जीता था वहीं भारत ने दूसरा मुकाबला जीतकर अपना हिसाब बराबर कर दिया है। इस दौरान भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से मात दी है।

वहीं मैच का नतीजा चौथे दिन दूसरे स्थान के आखिर में निकला। इंग्लैंड की टीम ने चौथे दिन 399 रनों के जवाब में 67/1 से आगे खेलना शुरू किया। मेहमान टीम 292 रन बनाकर ढेर हो गई और मैच 106 रनों से हार गई। पूरे दिन मैच रोमांचक रहा, लेकिन जो रूट और बेन स्टोक्स का विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया, लेकिन उनको कुलदीप यादव ने स्ब्बुड्ड आउट किया।

क्रॉली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज इंग्लैंड का अर्धशतक भी इस पारी में नहीं जड़ पाया। इस तरह बैजबॉल फेल हो गई। अब तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा। आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने इस पारी में तीन-तीन विकेट निकाले, जबकि एक-एक सफलता इस पारी में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को मिसी। दोहरा शतक पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने जड़ा था और शतक दूसरी पारी में शुभमन गिल के बल्लेबाज से निकला था।

# युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका : हरमनप्रीत




हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा। उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा।

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा। उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड, ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी।

हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा, हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा, इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा। भारत के अलावा प्रो लीग के इस चरण में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भाग ले रही है। ये टीमें एक-दूसरे का एक बार भुवनेश्वर में और एक बार राउरकेला में सामना करेंगी। भारतीय कप्तान ने कहा, हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने से हमें एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी। इसके साथ ही यह आयोजन पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

भारत इस सत्र के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा, उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। मेजबान टीम इसके बाद 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड को चुनौती पेश करेगी।

## मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोडी बनी विजेता

पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गयी। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# रोहित शर्मा ने की बुमराह-यशस्वी की तारीफ, बताया चैंपियन खिलाड़ी




वहीं विशाखापट्टनम टेस्ट जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दो खिलाड़ियों यशस्वी जायसवाल और जसप्रीत बुमराह रहे। यशस्वी ने जहां पहली पारी में दोहरा शतक जड़ते हुए 209 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में 6 विकेट हॉल निकालने के साथ दूसरे पारी में 3 विकेट चटकाए।

इंग्लैंड के खिलाफ भारत को दूसरे टेस्ट में बेहतरीन जीत मिली है। वहीं विशाखापट्टनम टेस्ट जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने दो खिलाड़ियों यशस्वी जायसवाल और जसप्रीत बुमराह रहे। यशस्वी ने जहां पहली पारी में दोहरा शतक जड़ते हुए 209 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में 6 विकेट हॉल निकालने के साथ दूसरे पारी में 3 विकेट चटकाए। रोहित इन दोनों ही खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस से मैच के बाद काफी खुश नजर आए। कप्तान ने इंग्लैंड को 106 रनों से रौंदने के बाद सबसे पहले जसप्रीत बुमराह की तारीफ की। रोहित ने बुमराह को चैंपियन खिलाड़ी बताया। रोहित शर्मा ने कहा, जसप्रीत बुमराह हमारे लिए चैंपियन खिलाड़ी हैं। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं, तो आपको ऑलओवर प्रदर्शन को भी देखना होता है। हम बल्ले से अच्छे थे। आप जानते हैं, कि इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं है। हम चाहते थे कि हमारे गेंदबाज आगे बढ़ें और उन्होंने वैसा ही किया। यशस्वी जायसवाल को लेकर कप्तान बोले, यशस्वी जायसवाल एक अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छी तरह समझता है। उसे अभी लंबा सफर तय करना है, हमारी टीम के लिए उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है। आशा है वह विनम्र बने रहेंगे। विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छा था।

रोहित शर्मा ने इस मैच में एक चीज को पॉइंट आउट किया जिसे भारतीय टीम अगले मैच में सुधारने की पूरी कोशिश करेगी। भारतीय बल्लेबाजों को विशाखापट्टनम की पिच पर अच्छी शुरुआत तो मिली, लेकिन वह इसे बड़े स्कोर में तबदील नहीं कर पाए। रोहित ने कहा कि खिलाड़ी अभी युवा हैं और उन्हें सीखने की जरूरत है। रोहित ने आगे कहा कि, अगर मुझे कुछ कहना हो ता बहुत से बल्लेबाजों ने शुरुआत तो की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सके। लेकिन मैं समझता हूं कि वे युवा हैं और खेल में नए हैं। हमारे लिए उन्हें कॉन्फिडेंस देना अहम है। ऐसी युवा टीम का इस तरह की टीम से मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है।

# भारत को गर्व है जाकिर हुसैन, शंकर महादेवन सहित पांच भारतीय की ग्रैमी जीत पर प्रधानमंत्री की बधाई



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय ग्रैमी विजेताओं जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन और सेल्वगणेश वी को उनके फ्यूजन बैंड शक्ति द्वारा 5 फरवरी को ग्लोबल म्यूजिक एल्बम ग्रैमी जीतने के बाद बधाई दी।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय ग्रैमी विजेताओं जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन और सेल्व गणेश वी को उनके फ्यूजन बैंड शक्ति द्वारा 5 फरवरी को ग्लोबल म्यूजिक एल्बम ग्रैमी जीतने के बाद बधाई दी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा-और को बधाई! आपकी असाधारण प्रतिभा और संगीत के प्रति समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीत लिया है। भारत को गर्व है! ये उपलब्धियां आपकी कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं डालते रहें। यह नई पीढ़ी के कलाकारों को बड़े सपने देखने और संगीत में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए भी प्रेरित करेगा।

जॉन मैक्लॉघलिन, जाकिर हुसैन, गायक शंकर महादेवन, तालवादक वी सेल्वगनेश और वायलिन वादक गणेश राजगोपालन का फ्यूजन बैंड, शक्ति, 5 फरवरी को लॉस एंजिल्स में आयोजित ग्रैमी अवार्ड्स में ग्लोबल म्यूजिक एल्बम विजेता बन गया। उन्होंने अपने नवीनतम एल्बम द मोमेंट के लिए पुरस्कार जीता।

प्रधान मंत्री के अलावा, एआर रहमान और रिकी केज जैसे प्रशंसित संगीतकारों ने भी खुशखबरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। रहमान ने पुरस्कार समारोह से एक सेल्फी साझा की और पोस्ट को कैप्शन दिया, भारत के लिए ग्रैमी की बारिश हो रही है।

ग्रैमी विजेताओं को बधाई उस्ताद ज़ाकिर हुसैन, शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) सेल्व गनेश (पहला ग्रैमी)। रिकी केज ने कहा कि यह रात भारत की कई जीतों के नाम रही। केज स्वयं तीन बार ग्रैमी विजेता संगीतकार हैं। ग्रैमीज़ का आयोजन 5 फरवरी को लॉस एंजिल्स में किया गया था।

# नए गाने में अक्षय कुमार बने शंभू भक्त, फैंस ने की उनके लुक और आवाज की तारीफ



अक्षय कुमार अपनी कम महत्वपूर्ण प्रोफ़ाइल और कड़ी मेहनत वाले व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैं। साल में लगभग 3-4 फिल्में रिलीज होने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले इस अभिनेता को प्रशंसकों द्वारा उनकी कई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए पसंद किया जाता है।

अक्षय कुमार अपनी कम महत्वपूर्ण प्रोफ़ाइल और कड़ी मेहनत वाले व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैं। साल में लगभग 3-4 फिल्में रिलीज होने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने वाले इस अभिनेता को प्रशंसकों द्वारा उनकी कई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए पसंद किया जाता है। भगवान शिव के रूप में अभिनेता के हालिया प्रदर्शन को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। फिल्म जिसमें पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में थे, अमित राय द्वारा लिखित और निर्देशित थी।

राय ने जनवरी 2024 में आयोजित 69वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ कहानी का पुरस्कार भी जीता। और अब अक्षय कुमार %शंभू% नामक एक आध्यात्मिक गीत के साथ वापस आ गए हैं, जिसमें उन्होंने अपनी आवाज दी

है। यह गाना हिंदू देवता भगवान शिव को समर्पित है और इसकी लंबाई 3 मिनट और 22 सेकंड है। गाने में सुधीर यदुवंशी और विक्रम मॉन्ट्रोज़ की आवाज़ भी है और गीत अभिनव शेखर द्वारा रचित हैं।

कुमार ने एक कट्टर शिव भक्त के रूप में अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। एमवी में अक्षय को पारंपरिक पोशाक पहने दिखाया गया है, जो एक शिवभक्त की भावना को बड़ी भक्ति के साथ दर्शाता है। वह पवित्र त्रिपुंड तिलक और प्रतीकात्मक टैटू पहनते हैं, जो सभी शिव के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दर्शाते हैं। पोस्टर में लहराती हुई जटाएं, रुद्राक्ष की माला, एक नाक की अंगूठी और हाथ में त्रिशूल के साथ दिव्य माहौल को दर्शाया गया है, जो शिव पूजा में एक महत्वपूर्ण प्रतीक है।

कुमार के नवीनतम गीत रिलीज को लेकर प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं और इंस्टाग्राम पर एक उपयोगकर्ता ने कुमार और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए लिखा, %आपसे बेहतर शिव का किरदार कोई नहीं निभा सकता।% कई प्रशंसकों ने अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित कुमार और टाइगर श्रॉफ की ईद 2024 रिलीज %बड़े मियां छोटे मियां% के लिए भी अपनी प्रत्याशा व्यक्त की।

# भोजपुरी सेंसेशन मोनालिसा ने अपने लुक से इंस्टाग्राम पर मचाया धमाल



तस्वीरों में मोनालिसा का ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनका अंदाज बेहद कातिलाना है। मोनालिसा के लुक की बात करें तो वह पीले रंग के लोअर, क्रॉप्ड शर्ट और पीले ट्यूब टॉप में कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं।

मोनालिसा के लेटेस्ट फोटोशूट ने धूम मचा रखी है। फैंस बोले ड्रीम गर्ल भोजपुरी सेंसेशन मोनालिसा ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर अपने लुक से धमाल मचा दिया है। इन लेटेस्ट तस्वीरों में मोनालिसा बेहद हॉट आउटफिट में नजर आ रही हैं, जिसने उनके फैन्स को दीवाना बना दिया है।

इन तस्वीरों में मोनालिसा का ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनका अंदाज बेहद कातिलाना है। मोनालिसा के लुक की बात करें तो वह पीले रंग के लोअर, क्रॉप्ड शर्ट और पीले ट्यूब टॉप में कातिलाना पोज देतीनजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में मोनालिसा अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करतीनजरआ रही हैं।

ग्लॉसी मेकअप के साथ अपने स्टाइलिश ओपन हेयर लुक को मैच करते हुए मोनालिसा ने तहलका मचा दिया है। मोनालिसा ने अपने लुक को स्पोर्ट्स शूज से पूरा किया। फैंस मोनालिसा की तस्वीरों की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

# विधु विनोद चोपड़ा से पहले इस डायरेक्टर को दी गयी थी 12वीं फेल के निर्देशन की कमान, जानें कि वजह से रिजेक्ट की थी सुपरहिट फिल्म



विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की फिल्म 12वीं फेल पिछले साल अगस्त में 100 दिन पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 67 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए विक्रांत को बेस्ट एक्टर के फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

विक्रांत मैसी और मेधा शंकर की फिल्म 12वीं फेल पिछले साल अगस्त में 100 दिन पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 67 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए विक्रांत को बेस्ट एक्टर के फिल्मफेयर अवॉर्ड से भी नवाजा गया। इस बीच फिल्म की पूरी टीम ने फिल्म के 100 दिन पूरे होने का जश्न भी मनाया। इस फिल्म की कहानी अनुराग पाठक की किताब 12वीं फेल पर आधारित है। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है।

फिल्म की अपार सफलता के बाद फिल्म के निर्माता विधु विनोद चोपड़ा ने फिल्म के निर्देशन से जुड़ा एक बड़ा राज खोला। उन्होंने बताया कि पहले इस फिल्म का निर्देशन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी करने वाले थे, जिसके लिए उन्होंने हामी भी भर दी थी। हालाँकि, विधु विनोद चोपड़ा ने यह भी खुलासा किया कि आखिर किस बात ने उन्हें निर्देशन की बागडोर खुद संभालने के लिए प्रेरित किया।

हाल ही में 12वीं फेल की सक्सेस पार्टी में डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा ने फिल्म से अपने सफर की शुरुआत के बारे में बात की। उन्होंने मनोज के साथ अपनी शुरुआती मुलाकात के बारे में भी बताया, जो 12वीं फेल की किताब के लिए ब्लर्ब की तलाश में उनके पास आए थे। विधु विनोद चोपड़ा ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्होंने मनोज को सूचित किया कि अगर उन्हें किताब अप्रभावी लगती है, तो उन्हें (मनोज को) इसे प्रकाशित भी करना होगा। भले ही इसका मतलब इसे बकवास करार देना हो। बाद में, चोपड़ा ने संजय लीला भंसाली और राजकुमार हिरानी जैसे लोगों के साथ पुस्तक साझा करने के मनोज के अनुरोध पर भी सहमति व्यक्त की।

छह महीने बाद जब मनोज अपनी किताब के लिए लौटे तो विधु विनोद चोपड़ा ने कहा कि वह सचिन तेंदुलकर और राजकुमार हिरानी जैसी मशहूर हस्तियों से समर्थन पाकर बहुत खुश हैं। विधु विनोद चोपड़ा ने खुलासा किया कि उन्होंने हिरानी से संपर्क किया और पूछा कि क्या वह फिल्म का निर्देशन करने पर विचार करेंगे। चोपड़ा ने आगे बताया, राजू ने मुझे बताया कि वह पहले से ही एक फिल्म लिख रहे हैं, लेकिन अगर मैं फिल्म लिखूंगा तो वह इसका निर्देशन करेंगे। इस वजह से ही विधु विनोद चोपड़ा को इस फिल्म का निर्देशन करना पड़ा, जिससे उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिला।

# कांग्रेस ने पेटीएम मामले में सीबीआई की चुप्पी पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक पर 29 फरवरी 2024 के बाद काम करने पर रोक लगा दी है। अब इसे लेकर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक को प्रतिबंधित कर दिया है और 29 फरवरी के बाद उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। रिजर्व बैंक ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। साल 2017 से अनियमिताएं हो रहीं थी। जब आरबीआई ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं तो फिर सीबीआई इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए है?

श्रीनेत ने आरोप लगाया कि ईडी के 95 प्रतिशत केस सिर्फ राजनेताओं के खिलाफ हैं। उन्होंने सवाल किए कि इतने सारे उल्लंघन के बावजूद पेटीएम को इतनी लंबी राहत क्यों दी जा रही है? मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर ईडी ने अब तक क्या कार्रवाई की है? पेटीएम ने भाजपा और पीएम केयर्स फंड में को कितना दान किया है?

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक में मनी लॉन्ड्रिंग होने की आशंका जताई और साथ ही पेमेंट बैंक में सैंकड़ों करोड़ रुपये के लेनदेन होने पर भी चिंता जताई। यही वजह है कि आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक की सेवाओं पर 29 फरवरी के बाद रोक लगा दी है। फिलहाल पेटीएम की रिजर्व बैंक के साथ बात हो रही है। रिजर्व बैंक ने अनियमितताओं को दूर करने को कहा है। रिजर्व बैंक के प्रतिबंध के बाद पेटीएम के शेयरों में 40 फीसदी की गिरावट आयी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिजर्व बैंक को पेटीएम की केवाईसी में कई अनियमितताएं मिली हैं। आरोप है कि पेटीएम ने लाखों ग्राहकों की केवाईसी ही नहीं की थी।

# सरकार ने लोकसभा से मांगी 78,673 करोड़ के अतिरिक्त खर्च की अनुमति, दो नए बिल भी हुए पेश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम पांच बजे लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगे। पीएम मोदी इस दौरान सदन को संबोधित करेंगे। बता दें कि वर्तमान में संसद में बजट सत्र जारी है। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से हुई थी। पीएम मोदी आज इसी अभिभाषण के लिए राष्ट्रपति को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि सीएनजी तथा बिजली से चलने वाले वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि सीएनजी स्टेशनों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि सीएनजी स्टेशन 2014 में 738 थे जो अब बढ़ कर 6159 हो गए हैं। यह 79 फीसदी की वृद्धि है। उन्होंने बताया कि गैस अवसंरचना और पाइपलाइन बिछाने के काम में भी तेजी आई है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ लाने-ले जाने वाले पोतों पर लाल सागर में हूती और अन्य विद्रोही गुटों के हमलों के मद्देनजर सरकार ने इसके लिए कई उपाय किए हैं।



पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में बताया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, भूराजनीतिक स्थिति और बाजार में स्थिरता है। लाल सागर में ऐसे हमलों की वजह से हालात बिगड़ने की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा ''देश के बाहर के तत्वों के इन हमलों की पृष्ठभूमि में गहन विचार विमर्श कर समुचित कदम उठाए गए हैं।''

उन्होंने बताया कि सीएनजी के दामों में कटौती की फिलहाल कोई योजना नहीं है, लेकिन वैश्विक बाजार में इनके दामों में कमी आने पर इस बारे में जरूर विचार किया जाएगा। बीते दो साल के दौरान वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में अस्थिरता रही है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में सीएनजी के दामों की समीक्षा की गई।

केंद्र सरकार ने सोमवार को बताया कि उड़ान योजना के तहत 529 में से किसी भी मार्ग को रद्द नहीं किया गया है और सभी मार्गों पर उड़ानों का परिचालन जारी है। नागरिक विमानन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए मार्गों की शुरूआत के लिए नीलामी प्रक्रिया होती है, जिसमें एयरलाइन कंपनियां शामिल होती हैं।

उन्होंने कहा, ''लेकिन पहले से ही किसी भी एयरलाइन को कोई भी मार्ग नहीं दिया जाता है। निविदा प्रक्रिया के भी निश्चित नियम होते हैं, जिनका एयरलाइन कंपनियों को पालन करना होता है।''

देश के विभिन्न अल्पसंख्यक वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक नेता आज संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिलने के लिए संसद पहुंचे। वे संसद की कार्यवाही भी देखेंगे। इस मौके पर ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ इमाम डॉ. इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा, ÷पैगाम-ए-मोहब्बत है, पैगाम देश है।

# गोभी मंचूरियन को लेकर गोवा में बवाल



**पणजी।** गोवा के शहर में गोभी मंचूरियन को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। एक पार्षद का दावा है कि गोभी मंचूरियन तैयार करने में सिंथेटिक रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही कहा कि विक्रेता अस्वच्छ वातारण में काम करते हैं। इसके चलते व्यंजन की ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिए गए थे कि अगर वो स्टॉल लगाएंगे तो, वे गोभी मंचूरियन नहीं बेचेंगे। हालांकि एफडीए के वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इस दावे का खंडन किया है। लेकिन एफडीए ने कहा कि विक्रेताओं को निम्न गुणवत्ता वाले सॉस का उपयोग करने के लिए भी फटकार लगाई गई थी, जो उपभोग के लिए हानिकारक हैं। लाल रंग में परोसे जाने वाला गोभी मंचूरियन को लेकर विवाद खड़ा हुआ । गोवा में मापुसा नगर परिषद ने हाल ही में स्टालों और दावतों से प्रतिबंधित कर दिया। इस पहल का नेतृत्व पिछले महीने बोडगेश्वर मंदिर उत्सव के दौरान पार्षद तारक अरोलकर ने किया था। गौरतलब है कि परिषद ने सर्वसम्मति से प्रतिबंध का समर्थन किया। 2022 में श्री दामोदर मंदिर में प्रसिद्ध वास्को सप्ताह मेले के दौरान, खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने स्वच्छता संबंधी चिंताओं के कारण मोरमुगाओ नगर परिषद को पकवान बेचने वाले स्टालों को विनियमित करने का निर्देश दिया। बता दें विक्रेताओं ने कार्रवाई की निंदा की। हमें अधिकारियों से गोभी मंचूरियन न बेचने के निर्देश मिले थे।

# यमुना की सफाई के लिए उतरेंगी गंगा सेविकाएं, रोजाना आरती के लिए बनाई गई यह रणनीति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रकल्प गंगा समग्र के राष्ट्रीय अधिवेशन में यमुना




की सफाई करने के लिए संकल्प लिया गया है। आने वाले समय में गंगा समग्र की गंगा सेविकाएं यमुना की स्वच्छता पर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जनसहयोग से यमुना की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगी। उत्तराखंड के हरिद्वार-ऋषिकेश में होने वाली गंगा आरती की तरह प्रतिदिन यमुना आरती करने के लिए भी उचित प्रयास करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके लिए यमुना के घाटों की साफ-सफाई करने के साथ जनसहयोग को बढ़ावा देने की नीति अपनाने का विचार किया गया है।

गंगा समग्र का तीन दिवसीय अधिवेशन गोरखपुर उत्तर प्रदेश में रखा गया था। रविवार को संपन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्यकर्ताओं को गंगा और यमुना सहित देश की सभी नदियों के जल को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए जनसहयोग के जरिए उचित रास्ते तलाशने के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, गंगा समग्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र प्रसाद, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

गंगा समग्र की दिल्ली प्रांत संयोजिका नेहा शालिनी दुआ को राजधानी में यमुना की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। गंगा समग्र के अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री आशीष गौतम का स्वागत करने के बाद नेहा शालिनी दुआ ने कहा कि स्वच्छता के पैमाने के तौर पर वायु की शुद्धता को महत्व दिया जाता है। उसे मापकर ही यह बता दिया जाता है कि कोई शहर प्रदूषित है, या नहीं।

नेहा शालिनी दुआ ने कहा कि अब इस पैमाने का विस्तार करते हुए जल, मिट्टी और वायु सबको इसमें शामिल कर लेना चाहिए, क्योंकि ये सभी किसी प्राणी और किसी शहर को साफ रखने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही यमुना की सफाई के लिए सबके सहयोग से प्रयास करेंगी।

# भुजबल जिस भी पार्टी में रहे, उसे नुकसान पहुंचाया जरांगे की चेतावनी- मराठा आरक्षण पर न बोलें

**मुंबई।** मराठा सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छगन

**मीडिया**

**जालना के अंतरवाली सराती गांव में मीडिया से बात करते हुए जरांगे ने कहा वे (भुजबल) कुछ नहीं समझते।**

भुजबल पर आरोप लगाया है कि वे मराठा आरक्षण को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं, उससे डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचा रहे हैं। छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि सरकार मराठाओं को आरक्षण देने के लिए ओबीसी आरक्षण में पिछले दरवाजे से एंट्री करा रही है। भुजबल, अजित पवार की एनसीपी का हिस्सा हैं। भुजबल ने ये भी आरोप लगाया है कि मराठाओं को



आरक्षण के लिए जो डाटा इकट्ठा किया गया है, उसमें भी काफी खामियां हैं। भुजबल ने कहा है कि उन्होंने नवंबर में ही इस्तीफा दे दिया था।

जालना के अंतरवाली सराती गांव में मीडिया से बात करते हुए जरांगे ने कहा वे (भुजबल) कुछ नहीं समझते। ये कानून है, एक सरकार है और पढ़े-लिखे लोगों की समिति इस पर काम कर रही है, लेकिन भुजबल अपनी ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। वह डिप्टी सीएम फडणवीस और अजित पवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। जरांगे ने कहा मुझे लगता है कि भुजबल चाहते हैं कि लोग भूख से मर जाएं फिर चाहे वो मराठा हों या फिर किसी अन्य जाति के। पिछड़े वर्ग को समझना चाहिए और भुजबल का साथ नहीं देना चाहिए। जरांगे ने दावा किया भुजबल जिस पार्टी में रहते हैं, उसे ही नुकसान पहुंचाते हैं। अगर वे इस्तीफा देना चाहते हैं तो दे दें, लेकिन मराठा आरक्षण के खिलाफ न बोलें।

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने शनिवार को खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल 16 नवंबर को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। भुजबल ने कहा कि वह दो महीने से अधिक समय तक चुप रहे, क्योंकि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने उन्हें इस बारे में नहीं बोलने के लिए कहा था। अब डिप्टी सीएम फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मुख्यमंत्री इस पर स्पष्टीकरण दे पाएंगे, लेकिन मैं अभी केवल इतना ही कह सकता हूं कि भुजबल का इस्तीफा मैंने या मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किया है।

## चुनाव प्रचार अभियान में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों से पोस्टरों एवं पर्चों में प्रचार के लिए किसी भी रूप में बच्चों का इस्तेमाल करने से मना किया है। राजनीतिक दलों को भेजे परामर्श में निर्वाचन आयोग ने दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरीके से बच्चों का इस्तेमाल किए जाने के प्रति अपनी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति से अवगत कराया। आयोग ने कहा, किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है, जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई नेता जो किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद होता है तो इस परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

# सेनेगल में स्थगित हुए चुनाव, श्रीलंका ने 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी सैल ने एलान किया

**गिरफ्तार**

**श्रीलंकाई नेवी ने 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।**

है कि 25 फरवरी को होने वाले आम चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। इसके बाद इस फैसले के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और सरकार विरोधी प्रदर्शन किए। पुलिस ने कई विपक्षी नेताओं और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। वहीं अमेरिका ने इस फैसले की आलोचना की है और जल्द ही चुनाव की नई तारीखों का एलान करने की मांग की है। यूरोपीय संघ ने भी सेनेगल की सरकार के फैसले की आलोचना की है।

सेनेगल के राष्ट्रपति ने शनिवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों की



सूची पर सहमति नहीं बन पा रही है। सैल ने कहा कि नवंबर 2023 को चुनाव की तारीखों के लिए जो चुनावी कानून लागू हुए थे, उन्हें भी हटाया जा रहा है। अपने संबोधन में सैल ने चुनाव की नई तारीखों का कोई एलान नहीं किया। इसके चलते राजधानी दकार में कई जगह हिंसक प्रदर्शन भी हुए और बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया है।

श्रीलंकाई नेवी ने 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। भारतीय मछुआरों के पास से श्रीलंकाई नेवी ने दो ट्रॉलर्स भी जब्त किए हैं। श्रीलंका का आरोप है कि भारतीय मछुआरे उनकी जलसीमा में आकर मछलियां पकड़ रहे थे। भारतीय मछुआरों को हिरासत में लेने के बाद कांकेसंथुराई हार्बर ले जाया गया, जहां से उन्हें माइलादी फिशरीज इंस्पेक्टर को आगे की कार्रवाई के लिए सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि 3 फरवरी 2024 की रात को श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा। आरोप है कि वे श्रीलंका की उत्तरीय जलसीमा में मछलियां पकड़ रहे थे।

## बलूचिस्तान में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर विस्फोट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब कुछ ही दिनों में आम चुनाव होने वाले हैं। जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं। वैसे-वैसे देश में विस्फोटों और हमलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बीच रविवार को बलूचिस्तान के नुश्की जिले में स्थित पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के दफ्तर के बाहर एक बम विस्फोट हो गया। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं आई है।

बलूचिस्तान पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि ईसीपी दफ्तर के गेट के बाहर विस्फोटक रखा गया था, जिसमें विस्फोट हो गया। विस्फोटक के प्रकृति की जांच की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है। अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। उम्मीद है, जल्द ही आरोपी हमारी गिरफ्त में होंगे।

# 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैन्यकर्मी, राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नही

**माले।** 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा।

संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार

**अपील**

**मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है।**

ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।

मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने



कहा, हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा।

मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि अगर इससे देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।

## डेनवर में अंधाधुंद फायरिंग में दो की मौत, चार घायल

**वाशिंगटन।** डेनवर के रिहायशी इलाके में रविवार सुबह गोलीबारी का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस वारदात में दो लोगों की जान चली गई और चार घायल हो गए। पुलिस विभाग के प्रवक्ता सीन टॉवेल ने बताया कि इसमें एक आदमी और एक लड़के की मौत हो गई। अन्य पीड़ितों की हालत कितनी गंभीर है इसका मालूम नहीं चला है। वहीं इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी भी नहीं हुई है, ऐसे में अभी सबूत जुटाए जा रहे हैं। गोलीबारी की घटना ग्रीन वैली रेंच इलाके में हुई। प्रारंभिक विवरण पुलिस द्वारा लगभग 2:30 बजे एक सोशल मीडिया पोस्ट में जारी किया गया और लगभग छह घंटे बाद पीड़ितों की मृत्यु की सूचना दी गई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का कहना है कि उन्होंने बचपन में नस्लवाद को महसूस किया।

# नहीं थम रही चिली के जंगलों में लगी भीषण आग 64 लोगों की मौत, 1100 से ज्यादा घर राख

**वीना डेल मार।** मध्य और दक्षिण क्षेत्र में 92 जंगलों में आग

**राख**

**दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 64 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए।**

लगी है। बड़ी चिंता यह है कि आग घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर फैल रही है। इस कारण लोगों, घरों और सुविधाओं के प्रभावित करने की बहुत अधिक आशंका है।

दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 64 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का



प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है।

तटीय शहर वीना डेल मार के आसपास के इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है। उस वक्त भूकंप के कारण लगभग 500 लोग मारे गए थे। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने टेलीविजन संबोधन में कहा कि स्थिति बहुत कठिन है। फिलहाल आग 43 हजार हेक्टेयर में फैल चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भीषण आग ने शहर के पहाड़ी इलाके विला इंडिपेंडेंसिया को भी अपनी चपेट में ले लिया है। सड़कों पर जली हुई कारें खड़ी दिखाई दे रही हैं।

मध्य और दक्षिण क्षेत्र में 92 जंगलों में आग लगी है। बड़ी चिंता यह है कि आग घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर फैल रही है। इस कारण लोगों, घरों और सुविधाओं के प्रभावित करने की बहुत अधिक आशंका है।

बता दें कि चिली में गर्मियों के दौरान जंगल की आग आम बात है। पिछले साल यहां रिकॉर्ड गर्मी के दौरान लगी आग में 27 लोगों की मौत हो गई और 400,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हुई थी।

# खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर



ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

# कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आंतरिक शिकायत निस्तारण प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में आज कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता महिला अध्ययन केंद्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रो. अनुराधा अग्रवाल तथा इलाहाबाद हाई कोर्ट की वकील सुष्मिता मुखर्जी रहीं। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। आंतरिक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ समिति की प्रभारी डॉ दीपशिखा बनर्जी ने अतिथियों का परिचय दिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रीना यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। एडवोकेट सुष्मिता मुखर्जी ने यौन उत्पीड़न को परिभाषित करते हुए विशाखा गाइडलाइन की जानकारी दी साथ ही छात्राओं की जिज्ञासा को शांत करते हुए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रोफेसर अनुराधा प्रो. अनुराधा अग्रवाल ने यौन उत्पीड़न के विभिन्न केसेस की जटिलताओं के विषय में उदाहरण समेत छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक रहना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिखा दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में डॉ अजीता ओझा, डॉ विजयलक्ष्मी, डॉ माधुरी राठौर, डॉ निर्मला गुप्ता, डॉ अनुज कुमार वर्मा, डॉ रूपम मिश्रा, डॉ अंजली शिवहरे, डॉ रमा गुप्ता, डॉ शालिनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने ली शपथ



**प्रयागराज। (अवधनामा संवाददाता)** इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने आज सोमवार को शपथ ग्रहण किया। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंची थीं और उन्होंने मुख्य न्यायाधीश पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रयागराज के प्रभारी मंत्री व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। समारोह इलाहाबाद हाईकोर्ट में आयोजित हुआ। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमके गुप्ता समेत अन्य न्यायाधीश व अधिवक्ता भी शामिल रहे।

## उत्कृष्ट मर्सीया गो को किया गया सम्मानित



**प्रयागराज।** रानीमण्डी स्थित इमामबाड़ा आग़ा महमूद में अज़ाने अज़ा कमेटी की ओर से देश के मानिंद सोज़ख्वानों को याद करते हुए आज के दौर में सोज़ व सलाम को फरोग़ देने वालों को शॉल मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ, फतेहपुर, इलाहाबाद, मुज़फ्फरनगर के मशहूर मर्सीयाख्वानो ने देर रात तक चले कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों ने भी बेहतरीन आवाज़ और सुर में मर्सीया पढ़ कर दाद बटोरी। तेरह वर्षीय मुस्तफा लखनवी ने सबसे कम उम्र में बेहतरीन आवाज़ में मर्सीया पढ़ कर जमकर वाहवाही लूटी वहीं मोहम्मद अली शाह ज़ैदी, कलीम अब्बास नक़वी व प्रयागराज के सुप्रसिद्ध सोज़ख्वानों रियाज़ मिर्ज़ा व शुजा मिर्ज़ा ने मर्सीया पढ़ अपने जौहर से सामईन की वाह वाही बटोरी। काज़िम आब्दी ग़ाज़ीपुरी व मौलानी मोहम्मद अली गौहर ने मर्सीयाख्वानी को अज़ादारी का मरकज़ बताते हुए तफसीली तक़रीर में इसकी बारीकीयों से रुबरु कराया। वहीं सोज़ख्वानी के फरोग़ में योगदान देने वाले ख्यातिलब्ध सोज़ख्वानो पर विस्तृत व्याख्यान दिया। अज़ाने अज़ा कमेटी की ओर से शबे सोज़ व सलाम में उत्कृष्ट सोज़ख्वानों को सम्मानित भी किया गया।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की तरफ से कर्मचारियो की पूर्व से लम्बित सामूहिक समस्याओ एवं ज्वलंत बिन्दुओ पर निगम प्रबंधन, प्रशासन को संविदा, नियमित कर्मचारियो एंव लखनऊ क्षेत्र के संघ संगठन अवध डिपो के शाखा अध्यक्ष दानिश उमर को बिना जांच पड़ताल निलंबित किये जाने व क्षेत्र के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओ का आर्थिक शोषण उत्पीड़न व श्रम अधिकारो के हनन के सम्बन्ध में संघ के आवाहन आज क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय मे धरना प्रदर्शन कार्यक्रम करके कर्मचारियों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त एस. पी. शुक्ला को मांगपत्र ज्ञापन सौंपा।

मांगे पूरी न होने पर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने चेताया कि समय रहते समस्याओ का समाधान नही होता है तो उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ लखनऊ क्षेत्र12 फरवरी को प्रात~ काल से कार्य वहिष्कार व चक्काजाम कारने को मजबूर हो जायेगा जिस कारण आम जनमानस को होने वाली परेशान व औद्योगिक आसांत के लिये निगम प्रबंधन जिम्मेदार होगा। धरना कार्यक्रम में राकेश कुमार क्षेत्रीय अध्यक्ष, सुधीन्द्र वर्मा क्षेत्रीय मंत्री, मोहम्मद नसीम प्रदेश प्रभारी, रजनीश मिश्रा प्रदेश मीडिया प्रभारी, एस के शुक्ला क्षेत्रीय कार्यशाला अध्यक्ष सहित सैकड़ो कर्मचारी शामिल हुए।



## जितनी आवश्यक पूजा उतना ही आवश्यक सेवाः डॉ. एस एस उपाध्याय

*अवधनामा संवाददाता*

प्रयागराज। माघ मेला के अपर संगम मार्ग पूर्वी पटरी पर चल रहे ध्यान, योग व स्वास्थ्य, शोध व प्रशिक्षण संस्थान के निशुल्क चिकित्सा शरीर में शिविर में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। ध्यान योग व स्वास्थ्य शोध व प्रशिक्षण संस्थान के सचिव डॉ एस एस उपाध्याय प्रतिदिन अपने सहयोगी चिकित्सकों के साथ माघ मेला कैंप में श्रद्धालुओं एवं शरणार्थियों का पूरे मनोयोग से निशुल्क इलाज करते हैं। ज्ञात हो कि डॉ. एस. एस. उपाध्याय विश्व आयुर्वेद परिषद उत्तर प्रदेश के सचिव भी हैं। डॉ उपाध्याय का कहना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने बताया कि यह कैंप विगत कई वर्षों से लगातार माघ मेला, अर्ध कुंभ एवं कुंभ मेला में कार्यरत रहा है। कनेक्ट में प्रतिदिन डेढ़ से 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया जा रहा है। कैम्प में चिकित्सा करते हुए ध्यान योग व स्वास्थ्य शोध व प्रशिक्षण संस्थान कैसा एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के सचिव डॉ एस एस उपाध्याय के साथ ही विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रयागराज अध्यक्ष डॉ एस सी दुबे, डॉ. बी डी तिवारी, आलोक, रवि, बंदना, अमित, शिवांगी और भानू सहित अन्य लोग भी योगदान दे रहे हैं।



## एयूः सहायक प्रोफेसर के खिलाफ छात्रा से दरिंदगी का मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** स्नातक की एक छात्रा से दुष्कर्म करने और धमकी देने के आरोपी इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर के खिलाफ आखिरकार मुकदमा दर्ज हो गया है। पीड़िता की तहरीर पर कर्नलगंज पुलिस ने दुष्कर्म व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपित की तलाश में जुट गई है। बताया गया है कि एक युवती इवि में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा है। उसका आरोप है कि 15 जनवरी 2024 को प्रोफेसर अजय कुमार सागर ने लवकुश पार्क मम्फोर्डगंज बुलाया। इसके बाद प्रोफेसर आत्महत्या की धमकी देते हुए अपने कमरे पर ले गया और वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इससे उसकी हालत खराब हो गई और कमरे पर नहीं लौट पाई। मजबूरी में प्रोफेसर के कमरे में रात भर रुकना पड़ा। सुबह जब वह लौटने लगी तो प्रोफेसर ने धमकाया कि किसी को बताने पर उसके लिए अच्छा नहीं होगा।

# बिना स्पष्ट सोच के शोध संभव नहीः प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी

## कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम से मिलेगी शोधार्थियों मददः प्रो. वंदना सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में सोमवार को दो सप्ताह का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम रिसर्च मेथाडोलॉजी डाटा एनालिसिस यूजिंग एसपीएसएस एंड एकेडमिक राइटिंग पर आधारित है। यह इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर ) नई दिल्ली के सौजन्य से किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं उच्च शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन प्रोफेसर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के आयाम स्थाई होते हैं। समय, स्थान और विषय के अनुसार उसकी व्याख्या में परिवर्तन किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी विषय पर शोध तभी करिए जब आपके मन में उस पर कोई सोच और विचार हो। साथ ही इसमें स्पष्टता हो। कहा कि शोध ज्ञान के सृजन को बढ़ाता है। उन्होंने



कहा कि विज्ञान, तकनीक समाज के लिए है, अगर इसमें दर्शन, दृष्टि और विचार नहीं हो तो यह समाज का विकास की जगह विनाश कर सकता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शिक्षकों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके ज्ञान में वृद्धि हीं नहीं बल्कि उन्हें नई जानकारियों से भी अवगत करायगा। इससे आपको अपने को अपग्रेड के साथ-साथ अपने शोधार्थियों के निर्देशन में भी सहायता मिलेगी। इस तरह के प्रोग्राम से हम एक- दूसरे विश्वविद्यालय के लोगों के साथ सांस्कृतिक, शैक्षणिक संबंध भी बना सकते हैं। इससे आपको पब्लिकेशन में भी मदद मिलेगी।

विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय मानविकी संकाय के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर रामजी लाल ने विश्वविद्यालय में अपने कार्यकाल को विस्तृत रूप से वर्णन करते हुए कहा कि यह विभाग देश के कई विभागों में से एक रहा। अमेरिका में रह रहे यहां के विद्यार्थियों ने भी इस विभाग को काफी मदद पहुंचाया है। विभाग ने आईसीएसएसआर के कई ऐसे प्रोग्राम कराया जिसने रिसर्च की दिशा बदल दी। उन्होंने कहा कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम विश्वविद्यालय में एक नई वातावरण पैदा करेगा।

कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत, सह समन्वयक डॉक्टर मनोज पांडेय ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की रुपरेखा पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला।

संचालन डॉ. अनु त्यागी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया । इस अवसर पर प्रो. वीडी शर्मा, प्रो. एसके पाठक, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुधीर उपाध्याय समेत कई शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया बैकों का भ्रमण



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा थानाध्यक्ष बक्सा व पर्याप्त पुलिस बल के साथ बैंक, वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बक्सा अन्तर्गत स्टेट बैंक, एक्सिस बैक, यूनियन बैक, बैक आँफ बडौदा का भ्रमण किया गया। बैंक के अन्दरध्बाहर लगें सीसी टीवी कैमरों, अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी अन्य संसाधनों को चेक कर सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मी एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश- निर्देश दिए गए।

# नौजवानों का सपा मुखिया अखिलेश यादव पर ही भरोसा हैः विवेक रंजन

## मछलीशहर लोकसभा से सपा को जिताने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर (केराकत)।** समाजवादी पार्टी की केराकत विधानसभा की मासिक बैठक सोमवार को डाक बंगला केराकत रोड़ स्थित कैंप कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता सपा विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान और संचालन पवन मंडल ने किया। बैठक में केराकत विधानसभा के विभिन्न गांवों के कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे और सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव में सपा गठबंधन को जिताने और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनवाने का संकल्प लिया। साथ ही विधानसभा

के हर गांवों बाजार में अति पिछड़ा अल्पसंख्यक और दलित समाज को पीडीए चौपाल के माध्यम से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि व पीडीए जन चौपाल के प्रभारी सपा के प्रदेश सचिव विवेक रंजन यादव ने कहा कि प्रदेश के ओबीसी,दलित,अल्पसंख्यक छोटे और मध्यमवर्गीय नौजवानों को केवल सपा मुखिया अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर ही भरोसा है और उनसे ही उम्मीद है।समाजवादी पार्टी गांवों और बाजारों में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक और व्यापारियों के बीच पीडीए चौपाल का आयोजन कर भाजपा के धोखे और झूठ को उजागर किया जा रहा है।

सपा प्रदेश सचिव विवेक रंजन ने कहा कि देश के ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोग भाजपा कि गलत नीतियों से त्राहि त्राहि कर रहे हैं। पीडीए के मतदाता इस बार भाजपा को यूपी से हटाने और सपा गठबंधन को सत्ता में बैठाने का मन बना चुका है।

बैठक को भगवती चन्द सरोज, सुबाष यादव,पंधारी यादव, सुरेश यादव, हरेंद्र यादव, आनंद कुमार, आशीष कन्नौजिया, दूधनाथ यादव, विनय सरोज, राम आसरे यादव



,अखिलेश सरोज, उदय राज यादव, आज़ाद कुरैशी, गफ्फार हाश्मी, रफीक अहमद, संतोष यादव, आदि लोगों ने सम्बोधित किए।

## पिकअप की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला की मौत

**(जौनपुर) खुटहन।** दौलतपुर गांव में शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर सोमवार को स्कूटी सवार दंपती सामने से आ रही पिकअप के चपेट में आ गए। स्कूटी पर बैठी पत्नी का मौके पर ही मौत हो गई। चालक पति भी घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायल को उपचार हेतु सीएचसी भेजा। मौका पाकर चालक पिकअप सहित मौके से फरार हो गया। ओइना गांव निवासी दिनेश अपनी 55 वर्षीय पत्नी मीरा देवी को स्कूटी से खरीदारी को खुटहन बाजार लाया था। जहां से दोनों वापस घर लौट रहे थे। उक्त गांव में सामने से तेज गति से आ रही पिकअप से स्कूटी में धक्का लग गया। मीरा दाहिने सड़क पर गिर गई। पति दिनेश बायीं तरफ गिरे।वाहन का पहिया पत्नी मीरा के सिर को रौंदते हुए चला गया। पति दिनेश को भी गंभीर चोटें आई है। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित समस्त कार्यसमिति ने ली

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, आजमगढ़ के सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, मंत्री व समस्त कार्यसमिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सोमवार को एल्डर कमेटी के चेयरमैन शत्रुधन चौहान एड0 व चुनाव अधिकारी शिवधन प्रसाद चौरसिया एड0 ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव एड0 व मंत्री रामनयन यादव एड0, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सैयद सादिक अली रिजवी एड0, गोपालकृष्ण राय एड0, घनश्याम राय एड0, जियालाल यादव एड0,कोषाध्यक्ष लौटू राम मौर्य एड0, सहमंत्री अभिमन्यु चौहान एड0, अमरजीत कुमार मल्ल एड0, आनन्द कुमार एड0, सत्यविजय राय एड0, प्रकाश सिंह एड0, बृजभूषण चौहान एड0, बालकृष्ण यादव एड0, रईस अहमद एड0, पंकज कुमार एड0, प्रवीण कुमार एड0 आदि लोगों को शपथ दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि अमरेन्द्रनाथ सिंह पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मंत्री मौजूद रहें। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को आद्या प्रसाद सिंह, सूर्यभान सिंह, अजय कुमार सिंह, जयप्रकाश यादव,



कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश मौजूद रहें तथा विशिष्ट अतिथि ऋत्विक जायसवाल प्रमुख समाजसेवी व विजय यादव अध्यक्ष जिला परिषद् आजमगढ़ मौजूद रहें। इसके अलावा दीवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, मंत्री आनन्द श्रीवास्तव, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्यारे मोहन श्रीवास्तव, मंत्री जयप्रकाश यादव एवं समस्त तहसील बार एसोसिएशन, टैक्स बार रणविजय यादव, घनश्याम तिवारी, श्रीराम यादव, बृजेश यादव, देवकरन सिंह, राजेश राय, भृगुनाथ राम, देवमुनि राजभर आदि लोगों ने सम्बोधित किया व निवर्तमान अध्यक्ष, मंत्री व कार्यसमिति को धन्यवाद ज्ञापित किया व नवनिर्वाचित अध्यक्ष, मंत्री व समस्त कार्यसमिति के पदाधिकारियों व सदस्यगण को बधाई व शुभकामना दिया।

## मुठभेड़ में बदमाश नमन सिंह को लगी गोली

जौनपुर। बीती रात में बक्सा व तेजीबाजार की संयुक्त पुलिस टीम के साथ बदमाश से मुठभेड़ हो गई। इस एनकाउंटर की भी पुलिस की स्क्रिप्ट पुरानी है । अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष बक्सा मय हमराह पुलिस फोर्स साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन में गस्त पर थे कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक शातिर अपराधी धनियामऊ बाजार में बड़ी घटना को अंजाम देने हैदरपुर के रास्ते के धनियामऊ बाजार मे आ रहा है, मुखबीर की सूचना पर प्र0नि0 तेजीबाजार को अवगत कराते हुए हैदरपुर रेलवे अण्डर पास पर चेकिंग की जा रही थी कि एक अभियुक्त मोटरसाइकिल से आते हुए दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया लेकिन बदमाश पुलिस फोर्स को देखकर भागने लगा तथा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर ठन्डी सड़क पर केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** भारतीय जनता जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर ठन्डी सड़क स्थित अपर्णा वाशम मे केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आजमगढ़ प्रभारी अशोक सिंह के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रिय चुनाव कार्यालय पर ही शक्ति वन्दन अभियान की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जिला प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है । आज केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। आगे पार्टी की समस्त गतिविधियां इसी कार्यालय से संचालित होंगी। आज इसी कार्यालय से शक्ति वन्दन अभियान का शुभारम्भ किया गया है। जिसके लिए जिला महामंत्री नागेन्द्र पटेल को जिला संयोजक बनाया गया है। महिला मोर्चा की इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी है।

शक्ति वन्दन अभियान के अन्तरगत10 फ्रवरी को जिला स्तर पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम, विधानसभा स्तर पर 11से14 फ्रवरी तक नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम होगा। 12 से 21 फ्रवरी तक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सम्पर्क कार्यक्रम किया जाएगा।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में सक्सेज एवम ब्लेसिंग सेरेमनी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**आजमगढ़।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं के बच्चों के लिए शुभकामना और 12वीं के बच्चों के लिए आगामी परीक्षा में अच्छी सफ्लता के लिये आशीर्वाद व 12वी के बच्चों को सफ्लता के साथ ही भविष्य के लिये शुभकामनाएं के साथ ही आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम 9वी वह 11वीं के बच्चों के द्वारा 10वीं व 12वीं के बच्चों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर तालियो के साथ स्वागत किया गया तत्पश्चात 10वीं और 12वीं के बच्चों ने विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह व प्रधानाचार्य जुबेर हसन के साथ फीता खोलकर कार्यक्रम का कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह व दयनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही पूजा कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया उसके बाद बच्चों ने विभिन्न



सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अपने संबोधन के माध्यम से 10वीं व 12वीं बच्चों को अपनेपन का एहसास कराया वही 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया जिसमें पर्ची के द्वारा द्वारा उनके कला कौशल को प्रदर्शित किया गया इसके साथ ही बच्चों ने रैंप वॉकिंग व मिमिक्री, बेस्ट फ्रेंड, बेस्ट टीचर, बेस्ट यादगार आदि का भी प्रदर्शन किया। 12वी के बच्चों ने स्कूल में अपने द्वारा बिताए गए संस्मरण का उल्लेख राइटिंग बोर्ड पर कर विद्यालय के इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। इसके साथ ही 12वी के बच्चों ने स्कूल में अपने बीते हुए समय को याद कर भाव विभोर होकर रुंधे हुवे गले से कहाकि हम पूरे जीवन भर विद्यालय की बातों को भूल नहीं पाएंगे उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ ही सहपाठियों की भी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा शैक्षणिक वातावरण हमें कहीं देखने को नहीं मिलेगा जिस प्रकार से हमारे शिक्षकों ने हमें शिक्षा दिया वह निश्चित रूप से प्रशंसनीय व अनुकरणीय है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जुबेर हसन ने बच्चों को भविष्य में भी कहीं भी किसी भी प्रकार की जरूरत होने पर हमेशा विद्यालय परिवार को साथ रहने का आश्वासन देने के साथ ही यदि पढ़ाई के समय बच्चों को शिक्षकों द्वारा डांट दिया गया हो तो उसका मलाल न रखकर आशीर्वाद समझे।विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने बच्चों से हमेशा अपने शिक्षकों और माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार और उनके आदेशों का पालन करने के साथ ही जीवन में अनुशासन के महत्व को बताते हुए कहा की शिक्षा का उच्च स्तर तभी पता चलता है जब हम अपने जीवन में संयम, सहनशीलता और अनुशासन का पालन करने लगते हैं तभी वास्तविक शिक्षा का उद्देश्य पूरा होता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनके अच्छे कार्यो के लिए विद्यालय परिवार द्वारा सर्टिफिक्रेट प्रधान किया गया, इसके बाद बच्चों के साथ केक कटिंग और फोटो सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिये नाश्ते के साथ भोजन का भी प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सुनील तिवारी व अंशिका सिंह ने संयुक्त रूप से।किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दयनाथ सिंह बृजेंद्र पांडे, सुनील त्रिपाठी, नीलम चौहान, सुबिया सईद, आरती सिंह, किशन मिश्रा, एजाज अहमद, प्रभाकर सिंह, एके शुक्ला, दामिनी सिंह, कुमकुम दुबे, आलोक यादव, अनीता सिंह, अभय सिंह रमन यादव आदि रहे।

# सेवानिवृत हुए होमगार्ड को थाना परिसर में दी गई विदाई



अतरौलिया। सेवानिवृत हुए होमगार्ड को थाना परिसर में दी गई विदाई। बता दे की थाना क्षेत्र के बनवारी पट्टी सेनपुर निवासी होमगार्ड धर्मेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय बृजनंदन यादव जिनका आज रविवार को अपने पद से सेवा निवृत होने पर उन्हें थाना परिसर में स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर उनकी विदाई की गई। धर्मेंद्र यादव 1993 में होमगार्ड की नौकरी ज्वाइन किये तत्पश्चात अतरौलिया ,कोतवाली आजमगढ़, सिधारी, न्यायालय के बाद पुनः अतरौलिया में कार्यरत रहे। 4 फ्रवरी दिन रविवार को सेवानिवृत होने के उपरांत थाना परिसर में बीओ भीम सिंह थानाध्यक्ष सविंद्र राय, हेड कांस्टेबल रवि शंकर भारती, श्रील यादव, सीताराम यादव, उपनिरीक्षक संतोष यादव समेत अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर पूरे सम्मान के साथ उनकी विदाई

किये। थानाध्यक्ष ने कहा कि धर्मेंद्र यादव कर्मठ एवं ईमानदारी के साथ अपने ड्यूटी का निर्वहन करते रहे। आजमगढ़ तक अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देकर इन्होंने अपने कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया और लोगो के बीच अपनी एक पहचान बनाई।इस मौके पर अश्वनी सिंह, रणविजय, राधेश्याम यादव, राधेश्याम राजभर, शिव शंकर तिवारी ,श्रवण कुमार, प्रहलाद यादव ,दिनेश सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड ने एसबीआई एनर्जी अपॉर्च्युनिटीज फंड लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े फंड हाउस, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने एनर्जी थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड स्कीम एसबीआई एनर्जी अपॉर्च्?युनिटीज फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड पारंपरिक और नई ऊर्जा की खोज, उत्पादन, वितरण, परिवहन और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों में शामिल घरेलू और/या विदेशी कंपनियों के मिक्स में निवेश करेगा, जिसमें तेल और गैस, यूटीलिटी और बिजली जैसे क्षेत्र शामिल हैं। हालांकि, यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) में निवेश की अवधि 6-20 फरवरी, 2024 है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शमशेर सिंह ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र कई दशकों के आत्मनिर्भर भारत की कहानी है क्योंकि हमारे देश का लक्ष्य ऊर्जा की कमी से आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ना है। सीओपी 26 (पंचामृत रणनीति), ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम जैसी पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा पहलों के साथ-साथ पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों में केंद्रित नीतिगत पहलों के प्रति हमारे देश की प्रतिबद्धताएं ऊर्जा क्षेत्र को हमारे देश की जरूरतों के अनुरूप बढ़ने के लिए पर्याप्त अनुकूल गति दे रही हैं। देश के सबसे बड़े फंड हाउस के रूप में, हमारा मानना है कि एसबीआई एनर्जी अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे फंड्स के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता है, क्योंकि उनका लक्ष्य निवेशकों को एक ऐसे थीम से लाभ पहुंचाना है जो एक महत्वपूर्ण बदलाव वाले मोड़ पर है।÷ एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के डिप्टी एमडी और संयुक्त सीईओ डी पी सिंह ने कहा, ÷एसबीआई एनर्जी अपॉर्च्?युनिटीज फंड भारत के ऊर्जा क्षेत्र के विकास में शामिल होने का अवसर है। इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नीतिगत सुधारों के मामले में तेज तरक्की हुई है, जिससे इस सेक्टर के मुनाफा कमाने की क्षमता में सुधार हुआ है।

## एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड का 920 करोड़ का आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खुलेगा 5 फरवरी, 2024 को

**नई दिल्ली।** एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड (द पार्क या कंपनी) सोमवार, 5 फरवरी 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश की बोली/प्रस्ताव खोलेगी। इक्विटी शेयरों की इस कुल पेशकश का आकार 9,200 मिलियन [920 करोड़] तक का है, जिसमें 6,000 मिलियन [600 करोड़] तक का फ्रेश इशू और सेलिंग शेयरहोल्डर का कुल मिलाकर 3,200 मिलियन [320 करोड़] तक का ऑफर फॉर सेल (बिक्री प्रस्ताव) शामिल है। (कुल ऑफर का आकार)। एंकर निवेशक बोली की तारीख शुक्रवार, 2 फरवरी, 2024 होगी। यह बोली/प्रस्ताव अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए सोमवार, 5 फरवरी 2024 को खुलेगी और बुधवार, 7 फरवरी 2024 को बंद होगी।पेशकश का मूल्य दायरा 147 से 155 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 96 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 96 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इशू के बुक रनिंग लीड मैनेजर या बीआरएलएम हैं।

## नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड, एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म ने बाजार नियामक सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है।कंपनी प्रत्येक 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी करके आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है। इसके तहत 500 करोड़ रुपए तक का फ्रेश इश्यू और 21,052,629 इक्विटी शेयरों तक कुल मिलाकर बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।नॉर्दर्न आर्क एक विविध फाइनेंशियल सर्विसेज प्लेटफॉर्म है जो मुख्य रूप से भारत में अल्प-सेवा वाले परिवारों और व्यवसायों की विविध खुदरा ऋण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के मिशन के साथ स्थापित किया गया है। नॉर्दर्न आर्क कैपिटल लिमिटेड, आगे और ऋण देने के लिहाज से भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## एमजी मोटर इंडिया ने अपने बेजोड़ वाहनों के साथ 100 साल पूरे किए



**लखनऊ।** एमजी मोटर इंडिया द्वारा अपना शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार ख़रीदने वालों की ख़ुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस ईवी के नए ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट ईवी, एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किए हैं।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी के जैडएस ईवी 'एक्ज़िक्यूटिव' पेश किया है, जो ईवी पोर्टफोलियो की उपलब्धता बढ़ाकर ईवी को तेजी से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आगे-पीछे दोनों सीटों पर यात्रियों को लक्ज़री से पूर्ण, आरामदायक और सुविधाजनक इन-केबिन अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, विशाल जैडएस ईवी एक्ज़िक्यूटिव 18.98 लाख रुपये के आकर्षक मूल्य में उपलब्ध है। एमजी जैडएस ईवी 75 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स और सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 50.3 kWh प्रिज्मेटिक सेल IP69K रेटेड,SIL-D और L2580 बैटरी के साथ एक पॉवर-पैक्ड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का अनुभव प्रदान करती है। इसकी बैटरी पूरी चार्ज हो जाने के बाद 461 किमी की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है, जिसके कारण यह काफ़ी कॉस्ट-इफ़ेक्टिव मोबिलिटी सॉल्यूशन है।

एमजी हेक्टर 2019 में पेश की गई भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी है। यह कार पैनोरमिक सनरूफ, भारत के सबसे बड़े 35.56 सेमी (14-इंच) एचडी पोर्ट्रेट इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल की और एडीएएस लेवल 2 जैसी श्रेणी की सबसे अच्छी और आधुनिक विशेषताओं के साथ आती है। हेक्टर डीजल में 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन लगा है, और यह इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, हिल असिस्ट कंट्रोल जैसी एक्टिव सुरक्षा विशेषताओं के साथ सभी वैरिएंट्स में सनरूफ प्रदान करता है। एमजी हेक्टर पेट्रोल वैरिएंट का मूल्य 14.94 लाख रुपये और डीजल वैरिएंट का मूल्य 17.50 लाख रुपये से शुरू होता है।

भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के परिवेश को मजबूत करने और ईवी अपनाने की दर बढ़ाने के अपने उद्देश्य की दिशा में एमजी ने कॉमेट ईवी का लॉन्च किया था, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक शहरी ग्राहकों को मोबिलिटी का एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है। एमजी द्वारा कॉमेट ईवी 6.99 लाख* रुपये से शुरूआती मूल्य में प्रदान की जा रही है।

## कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड की इक्विटी शेयरों की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश

कैपिटल स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (बैंक या कैपिटल एसएफबी), बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को 10 अंकित मूल्य के अपने इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलेगा। (ऑफर)एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 6 फरवरी, 2024 होगी। सबस्क्रिप्शन के लिए ऑफर बुधवार, 7 फरवरी, 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को बंद होगा।ऑफर का प्राइस बैंड ?445 से ?468 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 32 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 32 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में कुल मिलाकर ?4,500 मिलियन [450 करोड़] (फ्रेश ईश्यू) और बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा 1,561,329 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (बिक्री के लिए प्रस्ताव) और साथ में इक्विटी शेयरों का एक नया मुद्दा शामिल है। फ्रेश ईश्यू, ऑफर) के साथ।इक्विटी शेयरों की पेशकश 1 फरवरी, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के माध्यम से की जा रही है, जो कंपनी रजिस्ट्रार, पंजाब और चंडीगढ़, चंडीगढ़ (आरओसी) के पास दाखिल किया गया है। आरएचपी के माध्यम से जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (बीएसई के साथ बीएसई, स्टॉक एक्सचेंज) जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड होगा।नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड) और इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## भारत में हृदय रोगियों का इलाज एचडी आईवीयूएस जैसी आधुनिक तकनीकों द्वारा किया जा रहा है

**लखनऊ।** देश में उपलब्ध आधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी के साथ चरक हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉ. मनीष झा, कंसल्टैंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी भारत में हृदय रोगियों को जागरूक बने रहने और आज उपलब्ध कई आधुनिक तकनीकों द्वारा अपने हृदय की देखभाल के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

मेडिकल टेक्नोलॉजी में लगातार विकास हो रहा है, और सर्जन अब हृदय का इलाज ऐसी प्रक्रियाओं द्वारा कराने का सुझाव देते हैं जो कम इन्वेज़िव हों, कम पीड़ादायक हों, और हृदय की समस्याएं दोबारा होने की संभावना को कम करें। इसलिए, इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) के निर्देशन में स्टेंट लगाने से मुश्किल से मुश्किल मामलों में भी अनुकूल परिणाम मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

एचडी आईवीयूएस के बारे में डॉ. झा ने बताया, इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड (आईवीयूएस) की मदद से हम कोरोनरी आर्टरी को अंदर और बाहर से देख पाते हैं। इसमें हमें एचडी व्यू मिलता है, जिससे महत्वपूर्ण नैदानिक जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलती है, जो आम रूप से इस्तेमाल होने वाली इमेजिंग विधियों, जैसे कैथ लैब में होने वाली कोरोनरी एंजियोग्राफी तथा नॉन- इन्वेज़िव सीटी स्कैन से नहीं मिल पाती।

आईवीयूएस निर्देशित प्रक्रियाओं पर विश्व में किए गए कई अध्ययनों में सामने आया है कि इनसे ज़्यादा सटीक परिणाम कम लागत में मिलते हैं। एचडी आईवीयूएस में रक्त वाहिनी की सभी परतों का थ्री-डायमेंशनल विस्तृत इंटरनल इमेज ट्रांसमिशन मिलता है, जबकि एंजियोग्राफी से केवल बाहरी टू-डायमेंशनल व्यू मिल पाता है। इससे ब्लॉकेज को पहचानने, उसके अनुरूप सही आकार का स्टेंट चुनने और उसे सही स्थान पर लगाने में मदद मिलती है, ताकि स्टेंट लगने के बाद भविष्य के लिए मरीज़ का जोखिम कम से कम हो। अत्याधुनिक एचडी आईवीयूएस प्रणाली अल्ट्रासाउंड तरंगों के सिद्धांत पर काम करती है। इसमें एक कैथेटर का इस्तेमाल होता है। यह एक ट्यूब होता है जिसके एक सिरे पर एक विशेष प्रोब या कैमरा लगा होता है, जो अल्ट्रासाउंड कर रियल-टाइम में रक्त वाहिनियों के अंदर की इमेज कैप्चर करता है। ट्यूब का दूसरा सिरा एक मशीन से जुड़ा होता है, जो अल्ट्रासाउंड प्रणाली से प्राप्त इमेज को परिवर्तित कर मॉनिटर पर उसे दिखाती है, जिससे सर्जन को अंदर का पूर्ण 360-डिग्री और स्पष्ट व्यू मिलता है।

# अमेज़ॅन मिनीटीवी ने डाइस मीडिया द्वारा निर्मित, क्रश्ड के अंतिम सीज़न का ट्रेलर पेश किया




**मुंबई।** अमेज़ॅन मिनीटीवी अमेज़ॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अपनी सबसे पसंदीदा किशोर नाटक सीरीज़, क्रश्ड के अंतिम सीज़न को रिलीज़ करेगी, पिछले तीन सीज़न की सफल यात्रा के बाद, सीज़न 4, इस यात्रा का समापन करेगा। स्ट्रीमिंग सेवा ने चौथे और अंतिम सीज़न के लिए मोहक ट्रेलर का अनावरण किया है, जिसमें आध्या और उसके दोस्तों की रोमांचक यात्रा की एक झलक दिखाई गई है, जो सैम के अप्रत्याशित वापसी पर केंद्रित है। सबसे प्रतिष्ठित किशोर ड्रामा सीरीज़ में से एक, क्रश्ड एक मनोरम समापन के साथ एक भव्य वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो प्रशंसकों के साथ संवेदनाओं और मूल्यवान जीवन सीखों का संदेश देगा। डाइस मीडिया द्वारा निर्मित, क्रश्ड सीज़न 4 में रुद्राक्ष जयसवाल, आध्या आनंद, नमन जैन, देसवाल, उर्वी सिंह और अनुप्रिया कैरोली जैसे अन्य कलाकार शामिल होंगे।

ट्रेलर लखनऊ सेंट्रल कॉन्वेंट के छात्रों के जीवन के बारे में बताता है, क्योंकि वे स्कूली जीवन की रोलर-कोस्टर यात्रा को देखते हैं, सीखते हैं और अनुभव करते हैं। जैसे ही हमारे पसंदीदा किशोर नए शैक्षणिक वर्ष में कदम रखते हैं, आध्या के जीवन में चीजें बदल जाती हैं, क्योंकि संविधान इस सीज़न में वापस आ जाता है। दो प्रेमी फिर से एक हो जाते है, लेकिन चीजें अब वैसी नहीं रहती जैसी पहले थीं।

## केदार शिंदे का 'बाइपन भारी देवा' अब सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है



**मुंबई।** बाइपन भारी देवा को दुनियाभर के सिनेमाघरों में लोगों ने पसंद किया है। यह फैमिली ड्रामा, हंसी-मजाक और आंसुओं का एक बढ़िया संगम है। इस मनोरंजक फिल्म में एक-दूसरे से अजनबी छह बहनों की कहानी है, जिन्हें मजबूरी में मंगलागौर (विवाहित महिलाओं का त्यौहार) प्रतियोगिता के लिये एक साथ होना पड़ता है। क्या वे अपने अतीत को जीतकर अपने संघर्षों का सामना कर पाएंगी इसका जवाब अब आपकी उंगलियों के इशारे पर है, क्योंकि यह मूवी डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। माधुरी शिंदे द्वारा निर्मित, वैशाली नाइक द्वारा लिखित और केदार शिंदे द्वारा निर्देशित बाइपन भारी देवा में शानदार कलाकारों ने अभिनय किया है। इनमें रोहिणी हट्टंगडी, वंदना गुप्ते, सुकन्या कुलकर्णी, नूतन असगांवकर, सुरुचि अदारकर और सुचित्रा बेंदेकर शामिल हैं। यह फिल्म दर्शकों को भावनाओं से भरी एक रोलर कोस्टर राइड पर लेकर जाएगी।

## ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट की शुरुआत गुरुग्राम में



**नई दिल्ली।** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन नेक्स्ट का पहला संस्करण 2 फरवरी, 2024 को हॉराइज़न प्लाज़ा, गुरुग्राम में सितारों से भरी शाम के साथ आयोजित किया गया। प्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने युवा दिल की आज़ादी को अपनाने की ओर समर्पित चयनशील कैप्सूल कलेक्शन को प्रदर्शित करते हुए, बाहरी दुनिया और आंतरिक बाधाओं दोनों से मुक्ति की भावना का जश्न मनाया। शोस्टॉपर के रूप में शो का समापन करने वाली कोई और नहीं बल्कि सोनम कपूर थीं, जिन्होंने अपने करिश्माई व्यक्तित्व से इस शाम की शोभा को बढ़ाया।

वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स के प्रभावों को प्रस्तुत करते हुए, फैशन नेक्स्ट को तीन अनूठी थीम्स के आधार पर क्यूरेट किया गया है जो उभरते फैशन के शीर्ष पर हैं- हॉलिडे वियर में लक्ज़री फैशन के प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने वाला, वांडरलक्स; हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक व्याख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला, ग्लॉस ऐंड ग्लैम; और भविष्यवाद से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करने वाला, इंटरग्लैमैटिक।

अपने शोकेस में इन तीन थीम्स को बुनते हुए, फैशन डिज़ाइनर रिमज़िम दादू ने ऐसा कलेक्शन पेश किया, जो ग्लैमर के साथ फ्यूचरिस्टिक फैशन के सार को जोड़ता है। इस कलेक्शन की पहचान दादू की नवीन टेक्सटाइल और तकनीकें हैं। स्कल्प्टेड मैटेलिक कॉर्ड्स और मेश को फ्यूचरिस्टिक फैब्रिक में ट्रांसफॉर्म किया गया हैं, जो उनके कल के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है। डिज़ाइन के भीतर कॉर्डेड फ्रिंज, स्पेस लाइन्स और वेव्स इंटरगैलेक्टिक स्पेक्स और स्टारडस्ट के विज़ुअल स्तोत्र की तरह हैं।

## नए ब्रांड नटफट ने बेजोड़ क्वालिटी के ड्राई फ्रूट्स पेश किए




**गोरखपुर।** हर मां अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहती हैं। आज के बच्चे घर के पौष्टिक खाने के बजाय जंक फूड खाना पसंद करते है। इससे बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। कम उम्र में बच्चों का शरीर और मस्तिष्क विकास कर रहा होता है, इसलिए उन्हें अधिक मात्रा में और अच्छा पोषण चाहिए ताकि वे पूरी तरह विकसित हों।

भारतीय परिवारों में पोषण की कमियों को दूर करने के लिए बच्चों को ड्राई फ्रूट्स देने का चलन रहा है। हालाँकि बाज़ार में उपलब्ध ड्राई फ्रूट्स की गुणवत्ता को लेकर आज की माएं कुछ चिंतित हैं। नटफट की संस्थापक और सीईओ श्रुति के अनुसार मेरे पलने-बढ़ने के दिनों में मेरी मां हर दिन मुझे मस्तिष्क के विकास के लिए ड्राई फ्रूट्स देती थीं। मैंने आईआईटी दिल्ली से पढ़ाई की और मुझे डायरेक्टर गोल्ड मेडल भी मिला। इसके आगे की पढ़ाई मैंने हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल से की। मैं खराब क्वालिटी के ड्राई फ्रूट्स की समस्या से निपटने के लिए ड्राई फ्रूट्स ब्रांड लॉन्च करना चाहती थी। दरअसल बाज़ार में बिकने वाले खुले सूखे मेवों पर धूल जमा होता है। उनमें कंकड़ और कीड़ों का भी प्रकोप रहता है इसलिए वे सेहत के लिए खतरनाक होते हैं। बच्चों की सेहत के लिए अच्छी क्वालिटी के ड्राई फ्रूट्स देना ज़रूरी है। इतना ही नहीं खुले बाज़ार में बिकने वाले ड्राई फरूट्स के ग्रेड गुणवत्ता और सुरक्षा के दृष्टिकोण से खराब होते हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए हमने नट फट लॉन्च किया है।'

ड्राई फ्रूट्स को भारतीयों के खान-पान में बहुत महत्व दिया जाता है और सबसे अधिक भारतीय माएं खुल कर इस पर ज़ोर देती हैं। वे बच्चों को नाश्ते में ड्राई फ्रूट्स देती हैं या फिर ड्राई फ्रूट्स का पाउडर बना कर दूध में मिला कर देती हैं। दरअसल वो पूरे परिवार को शक्तिशाली आहार देकर उनका स्वस्थ रहना सुनिश्चित करती हैं। ड्राई फ्रूट्स न केवल शारीरिक विकास में बल्कि बढ़ते बच्चों के मस्तिष्क के विकास में भी सहायक होते हैं।

## ब्रिटेन में सुनक पर इंफोसिस की मदद का आरोप

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ने दावा किया है कि भारतीय कंपनी इन्फोसिस को पीएम सुनक से नजदीकी के कारण वीआईपी एक्सेस दी गई। एक मीडिया रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी से प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ पारिवारिक संबंध के कारण ब्रिटेन में विस्तार करने में मदद का वादा किया गया था। सूचना की स्वतंत्रता (एफओआई) अनुरोध पर आधारित संडे मिरर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार मंत्री लॉर्ड डोमिनिक जॉनसन ने पिछले अप्रैल में बेंगलुरु में कंपनी के कार्यालय में एक बैठक के दौरान इंफोसिस के यूके संचालन पर चर्चा की थी। बैठक के बारे में जारी एक बयान में कथित तौर पर कहा गया है कि लॉर्ड जॉनसन ने स्पष्ट कर दिया कि वह ब्रिटेन में इंफोसिस की बड़ी उपस्थिति देखने के इच्छुक हैं और इसके लिए जो कुछ भी हो सकता है, वह करने में उन्हें खुशी होगी।

## बॉलीवुड स्टार मौनी रॉय ने ब्लैकज़ोन फीचर फोन और स्मार्टफोन की ब्रैंड एंबेसडर बनकर बटोरीं सुर्खियां



**गोरखपुर।** ब्लैकज़ोन मोबाइल्स ने अपने फीचर फोन और स्मार्टवॉच की रेंज के लिए ब्रैंड एंबेसडर के तौर पर मशहूर भारतीय अभिनेत्री मौनी रॉय के साथ गठजोड़ करने की घोषणा की है। इस साझेदारी से अपनी अनोखी डिज़ाइनों, तकनीकी इनोवेशन और किफायती कीमतों के लिए लोकप्रिय ब्रैंड की बढ़ती लोकप्रियता को और गति मिली है।

ब्लैकज़ोन मेक इन इंडिया को सफल बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इसके लिए मेट्रो शहरों से निकलकर छोटे भारतीय शहरों और कस्बों तक अपनी पहुंचा का विस्तार कर रहा है। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक दिलचस्प रील शेयर करते हुए रॉय ने अपने दर्शकों के लिए ब्लैकज़ोन ब्रैंड को पेश किया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह सिर्फ एक फोन ब्रैंड नहीं है, बल्कि यह आपके स्टाइल को दर्शाता है जिसके हर फोन की अपनी अलग खासियतें हैं और वे बहुत ही शानदार रंगों में उपलब्ध हैं।

## जारी हुआ बहुप्रतीक्षित डिजिटल करेंसी सनातनी



डिजिटल दुनिया और तकनीक को सनातन से जोड़ने के लिए, सनातनी कॉइंस ने सनातनी टोकन लॉन्च किया है। इसे टिकर स्ह्ञ्ञ्ह द्वारा दर्शाया गया है, जो आध्यात्मिकता, प्रौद्योगिकी, तकनीक और समाज को जोड़ने का प्रयास करता है, और एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत साझा करने वाले लोगों के बीच एक मजबूत बंधन बनाता है।इस डिजिटल टोकन का उद्देश्य सनातन धर्म के गहन सिद्धांतों के साथ इससे जुड़े सभी विषयों को साथ जोड़ना है। अत्याधुनिक बीईपी-20 तकनीक से निर्मित यह टोकन आने वाले समय में विश्व में एक गहरी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।यह डिजिटल टोकन लोगों को सशक्त बनाने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर रहा है, इस ब्लॉकचेन के माध्यम से यह हिंदू धर्म से जुड़े लोगों को उनकी संस्कृति से जोड़े रखने में भी मदद करने का प्रयास करेगा। वर्तमान में इसकी सप्लाई करीब 12 बिलियन है, और पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में यह सप्लाई निरंतर बढ़ती रहेगीसनातनी कॉइंस के संस्थापक और भारतीय पुलिस महासंघ के अध्यक्ष अजय राज पांडे के अनुसार, कंपनी का लक्ष्य पारंपरिक मूल्यों और संस्कृतियों को संरक्षित करते हुए दुनिया को सनातन धर्म की विशेषताओं और गूढ़ रहस्यों से अवगत कराना तथा हिन्दू धर्म के लोगों को और सशक्त बनाना है।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की दूरदर्शी विरासत के 200 वर्ष पूरे होने पर टंकारा में 3 दिवसीय भव्य जन्मोत्सव-स्मरणोत्सव

**टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात।** वेदों और वैदिक संस्कृति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए भारत में सुधार आंदोलन की नींव रखने वाले आर्य समाज के संस्थापक, महर्षि दयानंद सरस्वती की इस वर्ष 200वीं जयंती मनाई जा रही है। इस ख़ास अवसर का जश्न मनाने के लिए 10 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक उनके जन्मस्थल टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में एक भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य समारोह में लाखों आर्य समाज अनुयायियों के उत्सव में शामिल होने के लिए टंकारा आने की संभावना है। दुनिया भर से लाखों अनुयायी आर्य संदेश टीवी चैनल और आर्य समाज के अन्य सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इस भव्य समारोह से जुड़ेंगे।आयोजन के तीसरे दिन, 12 फरवरी को, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महर्षि के इस स्मरणोत्सव में दुनिया के अलग अलग कोनों से दो करोड़ से ज्यादा आर्य समाज के वे सदस्य शामिल होंगे जो वैश्विक स्तर पर महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं




का प्रतीक है। जन्मोत्सव के पहले दिन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल एवं राज्यपाल आचार्य देवव्रत और दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगें एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस आयोजन से जुडेंगें। 12 फरवरी, 1824 को टंकारा, जिला मोरबी, गुजरात में जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपना पूरा जीवन वैदिक ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया। महर्षि दयानंद सरस्वती की शिक्षाओं ने धर्म, समाज और राष्ट्र के सामंजस्यपूर्ण भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके दूरदर्शी विचार और संदेश समाज को समृद्धि, स्वतंत्रता और समानता के आदर्शों की ओर हमेशा से प्रेरित करते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में उनके इस अतुलनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा फरवरी 2023 में साल भर चलने वाले समारोहों का उद्घाटन किया गया था जिसके अंतर्गत इस विशेष समारोह का आयोजन टंकारा में किया जाएगा। महर्षि दयानंद की गहन अंतर्दृष्टि और विचारों ने सच्ची भारतीयता और राष्ट्रवाद की गहरी समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह आयोजन हर किसी को उस उत्साह, विचारशीलता और राष्ट्रवाद का एक नया रंग देगा जिसकी नींव महर्षि दयानंद सरस्वती ने रखी थी। 200वीं जयंती समारोह उनकी शिक्षाओं पर विचार करने और उनके अमूल्य योगदान को श्रद्धांजलि देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन में आने वाले मेहमान आर्य समाज की उन शिक्षाओं को आत्मसात करेंगें जो हमें एक उज्ज्वल और अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की ओर ले जाती हैं।

## रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी के साथ श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ पेरिस्कोप टेलीफोटो पेश किया



**नई दिल्ली।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफ़ोन, रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी पेश किया। रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी में दो असाधारण स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो+ 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लॉन्च किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफ़ोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित 'मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं, और युवाओं के अनुरूप ब्रांड की एक नई पहचान प्रस्तुत करते हैं।

रियलमी 12 प्रो+ 5जी में अगली जनरेशन की इमेजिंग तकनीक है और इसमें फुल-फोकल-लेंथ, लॉसलेस ज़ूम क्षमताओं और क्वालकॉम के सहयोग से विकसित प्रोप्राइटरी मास्टरशॉट एल्गोरिदम संभव बनाने के लिए अत्याधुनिक पेरिस्कोप टेलीफोटो टेक्नोलॉजी दी गई है। रियलमी 12 प्रो+ 5जी रियलमी की ओर से सबसे नया प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो युवाओं के लिए फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का अनुभव नए आयाम में ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रियलमी ने सदैव अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिज़ाइन के साथ नई टेक्नोलॉजी प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। रियलमी डिज़ाइन स्टूडियो ने रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी के लक्ज़री वॉच-प्रेरित डिज़ाइन के लिए प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय लक्ज़री वॉच डिज़ाइन मास्टर ओलिवियर सेवियो के साथ भी सहयोग किया है। इतना ही नहीं, रियलमी ने सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफ़ी के लिए ऑस्कर विजेता, क्लाउडियो मिरांडा के साथ भी सहयोग किया है, ताकि इस सीरीज़ के लिए उनकी पुरस्कार विजेता फिल्मों से प्रेरित तीन कैमरा फिल्टर तैयार किए जा सकें। ये तीन कैमरा फ़िल्टर हैं जर्नी फिल्टर – लाइफ ऑफ पाई इंस्पिरेशन, मेमोरी फिल्टर – द क्यूरियस केस ऑफ बेंजामिन बटन स्टाइलिया और मेवरिक फिल्टर – टॉप गन मेवरिक इन्फ्लुएंस।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के 187 अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स अब ग्रामीण भारत में 5.5 लाख से ज्यादा ग्राहकों को सेवायें दे रहे हैं

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी), देश में अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक, अब 187 अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से बिना सेवा-प्राप्त और कम सेवा-प्राप्त 5.5 लाख ग्रामीण ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी जरूरतें पूरी कर रही है। इन यूआरसी के माध्यम से, उज्जीवन एसएफबी सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को कृषि एवं फसल ऋण, किफायती आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और व्यवसाय ऋण की पेशकश करती है। यह बैंक आकर्षक ब्याज दरों पर सावधि जमा एवं बचत खाता तथा चालू खाता भी देती है। यह यूआरसी बैंकिंग की व्यक्तिगत सेवाएं देते हैं, जिनमें डोरस्टेप बैंकिंग और टेक्नोलॉजी इनेबल्ड बैंकिंग का शानदार अनुभव शामिल है। इस प्रकार बैंकिंग से जुड़ी जरूरतों के लिये लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं रहती है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री इत्तिरा डेविस ने कहा, ''उज्जीवन एसएफबी में हमारा मानना है कि सभी को शामिल करने वाली बैंकिंग से लोगों की जिन्दगी बदल सकती है। हमारे अनबैंक्ड रूरल सेंटर सकारात्मक बदलाव को प्रेरित कर रहे हैं। जन-साधारण के बाजार के लिये एक जिम्मेदार बैंक के तौर पर हम प्रासंगिक एवं मायने रखने वाली बैंकिंग सेवाएं लाने पर ध्यान बरकरार रखेंगे। इसके लिये टेक्नोलॉजी के नए-नए समाधानों से बिना सेवा-प्राप्त और कम सेवा-प्राप्त ग्राहकों की सहायता की जाएगी। हमारा मिशन समाज के सभी वर्गों के डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन तथा समृद्धि को बढ़ावा देना है।''

उज्जीवन एसएफबी के पास कृषि एवं फसल ऋण की पूरी रेंज है, जिनकी शुरूआत 26,000 रुपये से लेकर 25 लाख रुपये तक जाती है। इस प्रकार कृषि एवं संबद्ध पेशों के विभिन्न अनुभागों में काम करने वाले ग्रामीणों की बैंकिंग एवं फाइनेंस से जुड़ी आवश्यकताएं पूरी की जाती हैं। उज्जीवन किसान प्रगति कार्ड (केपीसी) एक फसल ऋण (क्रॉप लोन) सुविधा है। यह किसानों को फसल के उत्पादन से जुड़ी जरूरतों के लिये सही समय पर सुविधाजनक लोन देकर उन्हें सशक्त करती है। केपीसी किसान अभिमान लोन आमदनी के अलग-अलग स्रोतों वाले प्रगतिशील किसानों को ज्यादा लोन देते हैं। यह कृषि गतिविधियों में पूंजी का खर्च ज्यादा होने पर आर्थिक सहायता भी देते हैं। उज्जीवन एसएफबी पोल्ट्री और पिसिकल्चर सेगमेंट्स के किसानों को भी कच्चा माल खरीदने, जरूरी बुनियादी ढांचा बनाने और उनकी फसल की कटाई तथा मार्केटिंग के खर्च पूरे करने में सहायता देती है। ऋण विकल्पों की यह विस्तृत श्रृंखलाएं कृषि के क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने के लिये उज्जीवन एसएफबी की प्रतिबद्धता दिखाती हैं।

# कोहरे का कहर : कुशीनगर में भीषण सड़क हादसा, चार मरे

## आंख का आपरेशन कराकर घर लौटते समय जोल्हिनिया के पास हुई हादसा





हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टेंपू

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां हाटा कोतवाली क्षेत्र के जोल्हिनिया चौराहा पर रविवार की आधी रात को हुए हादसे में टेंपो सवार चार लोगों की मौत हो गई, इसमें तीन महिलाएं शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

गोरखपुर के एक निजी अस्पताल से आंख का ऑपरेशन कराकर सभी लौट रहे थे, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की वजह कोहरा बताया जा रहा है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के शांखपार, पिड़रा, पैकौली के आठ लोग रविवार को गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए थे, देर शाम को अस्पताल से छुट्टी मिली। इसके बाद घर आने के लिए सभी लोग टेंपो से चल दिए। घना कोहरा होने के कारण रास्ते में फंस गए। सड़क पर दिखाई नहीं देने के कारण चालक धीरे-धीरे टेंपो चला रहा था। अभी वह हाटा कोतवाली के जोल्हिनिया के समीप हाईवे पर पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज हुई कि टेंपो में सवार हाटा कोतवाली क्षेत्र के पिड़रा भेड़िहारी गांव की गुलाबी देवी (70), शंखापार माफी गांव की उषा देवी (55), पिड़रा गांव के श्रीराम (65), पैकौली लाला गांव की इंद्रावती देवी (70) मौत हो गई, जबकि शंखापार की सुमित्रा देवी, बांसकली, पिड़रा के मुनेश्वर, पैकौली की सुशीला गंभीर रूप से घायल हो गई। इनका इलाज गोरखपुर के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। इसकी खबर मिलते ही घर वालों में चीख पुकार मच गई। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि कोहरा के कारण हाइवे पर हादसा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**चीख पुकार के बीच पहुंचा ढाबा संचालक, बना मददगार**

घटना के वक्त सड़क पर चीख पुकार मची हुई थी। तेज आवाज सुनकर सड़क के किनारे एक ढाबा का संचालक मौके से पहुंचा और सड़क पर गिरे सभी लोगों को खींचकर बाहर करने लगा। उसके बाद 108 नंबर एंबुलेंस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची तीनों एम्बुलेंसों में लोगों को भरकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली लाया गया जहां डॉक्टरों ने सबकी गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

## बंद रेलवे क्रॉसिंग खुलने से व्यापारी मुदित बांटी मिठाइयां

**अमेठी।** ककवा रोड रेलवे क्रॉसिंग पिछले दो दिनों पूर्व पत्थर का पिलर लगाकर बंद कर दी गई थी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने इस पर प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन दिया था। व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मामले को संज्ञान में लिया और रेल मंत्रालय से बात की। सोमवार से पत्थर का पिलर हटाए जाने लगा और रेलवे क्रासिंग खोलने के निर्देश देखते ही व्यापारी मुदित हो गए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और सांसद स्मृति ईरानी के प्रति आभार जताया। नगर के ककवा रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग को ओवरब्रिज बनने के बाद रेलवे ने दो दिन पहले पिलर लगाकर बंद कर दिया। क्रासिंग बंद होते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया और व्यापारी आक्रोशित हो गए। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन दे कर रेलवे क्रासिंग खोलने की मांग की। रविवार शाम बड़ी संख्या में व्यापारी क्रासिंग के पास इकठ्ठा हुए जिसके बाद सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता और भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र मौके पर पहुँचे।

# एनसीसी देश की सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस : मेजर जनरल वाजपेयी

## महायोगी गोरखनाथ विवि में एनसीसी कैडेट्स की रैंक सेरिमनी और कार्यालय का उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) सैन्य अनुशासन और साहसिक प्रशिक्षण की प्रेरणा देता है। यह प्रशिक्षण न केवल जीवन में एक अधिक अनुशासित और जिम्मेदार व्यक्ति बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र व अन्य कई गुणों का भी विकास करता है। एनसीसी में साहसिक प्रशिक्षण के साथ कैडेट्स को जीवन की चुनौतियों का सामना करने का मार्ग भी दिखाया जाता है।

यह बातें महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की रैंक सेरिमनी और कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी देश की सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस है जो युद्ध और शांति में सैन्य सेवा के लिए सैदेव तैयार रहती है। राष्ट्रीय कैडेट कोर ने स्कूली शिक्षा से विद्यार्थियों को सैन्य सेवा के लिए तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया है। रैंक सेरिमनी से पूर्व एनसीसी कैडेटों ने कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद कुलपति और एनसीसी अधिकारी डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कैडेट्स को रैंक पहनाकर एनसीसी सेवा के लिए संकल्पित किया।

सीनियर अंडर ऑफिसर सागर जायसवाल, अंडर ऑफिसर मोती लाल, अंशिका सिंह, सार्जेंट खुशी गुप्ता, आदित्य विश्वकर्मा , कार्पोरल अभिषेक चौरसिया, लांस कार्पोरल हरेश्व साहनी और पूजा सिंह को रैंक प्रदान किया गया। रैंक सेरिमनी के सभी कैडेट्स को कुलसचिवडॉ. प्रदीप कुमार राव ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। परेड का नेतृत्व कैडेट्स सागर जायसवाल ने किया। आयोजन में प्रमुख रूप से कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दूबे आयुर्वेद कॉलेज के डॉ. शांति भूषण, डॉ कुलदीप सिंह, धनंजय पांडेय, डॉ अमित दूबे सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल में इसी सत्र से पढ़ाई शुरू कराने की दिशा में बढ़े सरकार के कदम

- गोरखपुर के सैनिक स्कूल के संचालन के लिए बजट में चार करोड़ रुपये का प्रावधान
- 50 एकड़ के परिसर में 150 करोड़ की लागत से बन रहा ये स्कूल

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर के सैनिक स्कूल के संचालन के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में चार करोड़ रुपये का प्रावधान कर आसन्न सत्र से पढ़ाई शुरू कराने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। सैनिक स्कूल में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। जो भी काम शेष हैं, उन्हें इसी फरवरी माह में पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री गत माह ही यहां निरीक्षण करने के दौरान दे चुके हैं। गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर विस्तृत है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला बना है। यहां बनने वाले हॉस्टल राष्ट्र नायकों के नाम से समर्पित होंगे। साथ ही कैंपस के अलग-अलग स्थानों का नामकरण सेना के जाबांजों के नाम पर किया जाएगा। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित हुए हैं या हो रहे हैं। गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट में सम्मिलित है। अस्सी और नब्बे के दशक में गोरखपुर की पहचान अपराध की नर्सरी के रूप में रही है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों से बदनाम पहचान बदल गई है। अब गोरखपुर की पहचान विकास के मॉडल रूप में होती है। इस मॉडल में सैनिक स्कूल भी एक नगीने के रूप में होगा। यह स्कूल राष्ट्र रक्षा की नर्सरी बनेगा। इसके जरिये छात्र फौज में अफसर बनेंगे। देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे। सैनिक स्कूल की सौगात सिर्फ युवा छात्रों के लिए ही नहीं, गोरखपुर की अपनी निजी पहचान और शान के लिहाज से भी बेहद खास है। सीएम योगी की मंशा है कि सैनिक स्कूल गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गौरव स्तम्भ के रूप में दिखे। कारण, किसी भी क्षेत्र में सैनिक स्कूल का होना बड़ी उपलब्धि होती है।

# यूपी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़े आकार वाला है बजट

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रदेश सरकार का यह बजट पीएम मोदी के संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।। पीएम मोदी की अपेक्षा को पूरा करेगा उत्तर प्रदेश सरकार का बजट। भाजपा की प्रदेश सरकार गरीब कल्याण के लिये समर्पित है,बजट हमारे उसी संकल्पों को पूरा करेगा। यह बातें डा. रमापतिराम त्रिपाठी सांसद देवरिया सदर ने कही।

वहीं दूसरी तरफ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रविन्द्र कुशवाहा सांसद सलेमपुर ने कहा जो हमारा कमिटमेंट और संकल्प है उसे पूरा करने वाला बजट प्रदेश सरकार ने दिया है। यह बजट सर्वसमावेशी है। यह उत्तर प्रदेश को आगे ले जाने वाला बजट है। सूर्यप्रताप शाही कृषि मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 7,36,437 करोड़ का शानदार बजट उत्तर प्रदेश के सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर करने वाला है। इस बजट के माध्यम से हमारी सरकार प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' के लक्ष्य को चरितार्थ किया है। विजय लक्ष्मी गौतम राज्य मंत्री ने कहा यह बजट युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त और सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस बजट में उत्तर प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिये सारे प्रावधान किये गये है। जयप्रकाश निषाद विधायक रुद्रपुर ने कहा प्रभु श्रीराम के रामराज्य में जिस प्रकार सभी की उन्नति-तरक्की एवं खुशहाली का प्रभावी कार्य होता था, रामराज्य के उसी भाव के साथ आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक सम्पुट बजट प्रस्तुत किया गया है जिससे प्रदेश के समस्त वर्ग के कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी विधायक देवरिया ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के द्वारा प्रस्तुत बजट रामराज्य का बजट है। जिससे उत्तर प्रदेश के गरीब, किसान, नौजवान, मध्यमवर्गीय सहित सभी के विकास की असल परिकल्पना का मार्ग प्रशस्त होगा। भूपेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष ने कहा योगी सरकार द्वारा पेश किया गया 7.36 लाख करोड़ का बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़े आकार वाला बजट है, जिसमें सरकार का मुख्य रूप से इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट पर फोकस है।यह बजट भाजपा के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। बजट में लगभग 24 हजार करोड़ से अधिक की नयी योजनाओं को शामिल करते हुये राजकोषीय घाटे को 3.46 प्रतिशत तक रखना बजट में वित्तीय अनुशासन को प्रदर्शित करता है। सुरेन्द्र चौरसिया विधायक रामपुर कारखाना ने कहा बजट में जनता की जरूरतों का ध्यान रखा गया है।गरीब, किसान, युवा, महिलाओं के लिए बजट समर्पित है। इंफ्रास्ट्रक्चर को किया जाएगा और मजबूत ऐसा व्यवस्था इस बजट में किया गया है। दीपक मिश्रा शाका विधायक बरहज ने कहा विकास, सुरक्षा, सुशासन के साथ विरासत की सौगात इस बजट में है। यूपी खुशहाल, हर चेहरे पर मुस्कान, यही है इस बजट की पहचान।

सभाकुअंर कुशवाहा विधायक भाटपाररानी ने कहा आम जन के मन का बजट है। इसमें गांव, गरीब सबका ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा को ध्यान में रखकर पेश इस बजट से नया उत्तर प्रदेश बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। गिरीश चंद तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा बजट सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वसमावेशी बजट है।यह बजट उत्तर प्रदेश को एक नयी दिशा देने वाला बजट है। अलका सिंह नपाध्यक्ष ने कहा यह बजट नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर है। यह बजट उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने वाला बजट है।

# कैंसर एक घातक बीमारी जिसका शीघ्र इलाज जरूरी: सीएमओ




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विश्व कैंसर दिवस पर सोमवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह की अध्यक्षता एवं डॉक्टर संजय कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अंशुमान सिंह ने कहा कि कैंसर एक घातक बीमारी है जिनकी शीघ्र पहचान शीघ्र निदान और शीघ्र इलाज जरूरी है इस दिन को मनाने का मकसद भी लोगों को इसके लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक करना है जिससे लोग इस बीमारी से खुद को बचा सके अपार मुक्ति शिक्षा अधिकारी नोडल डॉक्टर संजय शर्मा ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि लाइफ स्टाइल में जीवन शैली में थोड़े से बदलाव कर इस कैंसर से बचाव किया जा सकता है किसी भी तरह का धूम्रपान कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है स्मोकिंग को वजह से फेफड़े मुंह गले पेनक्रियाज ब्लैडर गर्भाशय ग्रीवा और किडनी के कैंसर होने की संभावना ज्यादा होती है भले ही आप तंबाकू ना खाते हो लेकिन यदि स्मोकिंग करने वालों के बगल में रहते हैं तो इससे भी आपको रंग कैंसर हो सकता है। कार्यशाला के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारियों डा अंकिता उपाध्याय डा काजल साहू डॉक्टर जरीना खान एवं प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा एएनएम को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# शेखपुरवा की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता

## मैन ऑफ द मैच का खिताब अभिषेक तथा मैन ऑफ द सीरीज का खिताब पोलार्ड को

अवधनामा संवाददाता




**बोदरवार, कुशीनगर।** विकास खंड कप्तानगंज के बोदरवार बाजार स्थित पंचायत इंटर कॉलेज के खेल मैदान में पूर्वांचल क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रहे प्रीमियम लिग सीजन -1 क्रिकेट मैच का सोमवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। बोदरवार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिद्वंदी टीम के सामने जीत के लिए 185 रन का लक्ष्य रखा समय रहते शेखपुरवां की टीम ने 6 विकेट से फाइनल मुकाबला जीत लिया।

फाइनल मुकाबले में उतरी शेखपुरवां की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। मुकाबले में उतरी बोदरवार की टीम के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिद्वंदी टीम के सामने 12 ओवर में 185 रन का लक्ष्य रखा। मुकाबले में उतरी शेखपुरवां की प्रतिद्वंद्वी टीम ने इस लक्ष्य को समय रहते हासिल कर मैच को 6 विकेट से जीत लिया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पीजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक एसपी सिंह ने फीता काटकर तथा मैदान में बल्लेबाजी कर मैच का शुभारंभ कराया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने खिलाड़ियों तथा दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा खेल से युवाओं तथा खिलाड़ियों का मानसिक तथा शारीरिक विकास होता है। कुशीनगर विधायक प्रतिनिधि तथा आयोजन के संरक्षक रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल से समाज में सद्भावना तथा भाईचारा विकसित होता है। ग्रामीण अंचल में इस तरह के आयोजन से ग्रामीण खिलाड़ियों को प्रदेश तथा देश स्तर पर पहुंचने का अवसर मिलता है। मैन आफ द मैच का खिताब अभिषेक तथा मैन आफ सीरीज का खिताब पोलार्ड को दिया गया। मुख्य अतिथि एसपी सिंह ने विजेता तथा राकेश मद्धेशिया ने उप विजेता टीम को कप तथा नगद पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान राजेश गुप्त, उमेश मद्धेशिया, नन्द राज पाण्डेय, श्रवण पटेल, सुनील, पंकज शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे है।

## मालगोदाम को शिफ्ट करने हेतु सदर सांसद ने सदन में उठाई आवाज

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा क्षेत्र देवरिया के सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी ने संसदीय क्षेत्र देवरिया मुख्यालय पर स्थित रेलवे स्टेशन निकट मालगोदाम को अहिल्यापुर स्टेशन पर शिफ्ट करने के लिए आवाज उठाई। सदन में आर्टिकल 377 के तहत अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट करते हुए सदर सांसद डा. त्रिपाठी ने कहा कि देवरिया सदर का रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना से आच्छादित है, उससे संबंधित बगल में माल गोदाम है जो की घनी आबादी के मध्य में स्थित है वर्तमान में आबादी का विस्तार होने के कारण यह गोदाम घनी आबादी के बीच में आ गई जिसके कारण जनमानस को आवागमन में, अत्यधिक कठिनाइयां होती हैं ट्रैकों से सड़कों पर जाम लगने से घंटों तक रास्ते जाम रहते हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्रालय से आगरा किया कि माल गोदाम को अहिल्यापुर रेलवे स्टेशन पर स्थापित करना जनमानस के हित में होगा।

# प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



सिंहासनी देवी स्थान पर प्रसाद वितरण करते चेयरमैन नवरंग सिंह व अन्य

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा के वार्ड नंबर मथौली छः (सिरसिया) में स्थित सिंहासनी देवी स्थान पर मां दुर्गा माता, शिव शंकर भगवान, सिंहासिनी देवी, हनुमान जी, क्षत्रिय महराज की प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। जिसके उपलक्ष्य में सोमवार को प्रसाद वितरण व भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत मथौली सहित आस-पास के हजारों श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि बीते 31 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए नगर के समस्त वार्डो में भव्य शोभा यात्रा निकाल कर मूर्तियों का मिलन कराया गया था। तथा चार फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पांचों मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद सोमवार को उक्त मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसङ्गपास क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारा ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षक ब्यास मुनि सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष नवरंग सिंह, भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना, बीईओ जेपी मोर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, सभासद प्रिंस जायसवाल, रविन्द्र सैनी, दिनेश राव, हेमंत सिंह, मानवेन्द्र सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष कुमार सिंह, शिक्षक प्रदीप कुमार गुप्ता, आकाश चौरसिया, उमेश साहनी, आदि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# सकारात्मकता और पढ़ाई में निरंतरता से मिलती है सफलता

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सफलता के मार्ग में बाधाएं हमेशा आती रहती हैं। सफलता उन्हें ही मिलती है जो इन बाधाओं से डटकर लड़ाई लड़ते हैं और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हैं। ईमानदारी से किया गया परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता है। पढ़ाई में निरंतरता अनिवार्य है। सफलता प्राप्ति के लिए सोच सदैव सकारात्मक रखें।

यह बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में आयोजित सम्मान समारोह में यूपीपीसीएस परीक्षा 2023 में 21वीं रैंक प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के पूर्व छात्र कृष्णकांत विश्वकर्मा ने कहीं। डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जीवन में कुछ बनने के लिए सपने देखना बहुत जरूरी है, सपनों के साथ लक्ष्य का होना दूसरी आवश्यकता है। लक्ष्य निर्धारण के बाद इसकी प्राप्ति तक निरंतरता से कठिन परिश्रम करना चाहिए। समय के सही प्रबन्धन एक लक्ष्य के प्रति समर्पण से कठिन से कठिन लक्ष्य आसान हो जाता है। विद्यार्थियां द्वारा पूछे गये विविध प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी में प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु अलग-अलग प्रकार के रणनीति की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज, जंगल धूसड़ के पूर्व प्रधानाचार्य ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी सफलताओं से शिक्षण संस्थानों का मान बढ़ता है। पूर्वांचल में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस बात को कृष्णकांत विश्वकर्मा ने डिप्टी कलेक्टर बनकर साबित कर दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में चयनित कृष्णकांत विश्वकर्मा आज एक प्रेरणा स्रोत के रूप में महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित कर रहे हैं। महाविद्यालय परिवार उनकी इस उपलब्धि पर गौरवान्वित है। संचालन विनय कुमार सिंह एवं संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मतदाता देश का भाग्य विधाता: सीडीओ

**अमेठी।** नगर स्थित राजकीय बालिका इण्टर कालेज में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीडीओ सूरज पटेल ने कहा की मतदाता देश का भाग्य विधाता होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ फूलकली गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक छात्र 8 मतदाताओं को प्रेरित करके उसकी सूची विद्यालय में उपलब्ध करायें। इस बार जनपद अमेठी के मतदान का लक्ष्य 75 फीसदी पार का रखा है। छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया ज़रीन बेगम के नेतृत्व में छात्राओं के द्वारा बनाई गई रंगोली की मुख्य विकास अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने भूरि भूरि प्रशंसा की। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मतदाता गीत नृत्य और लघु नाटिका ने कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान किया। अनीता यादव गाइड प्रभारी एवं शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट सचिन शर्मा निखिल सिंह शबीना कोमल शबनूर आदि के नेतृत्व में छात्राओं ने स्काउट के कई मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# स्मार्टफोन से तकनीकी शिक्षा के संचार में मिलेगी सहूलियत



छात्रा को स्मार्टफोन देते क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय व अन्य

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मुख्यमंत्री का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किए जा रहे स्मार्टफोन से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। उक्त बातें नगर पंचायत मथौली स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कालेज में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा। उन्होंने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं, उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। विशिष्ट अतिथि रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीष चौधरी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि छात्र पढ़ें और बढ़े। सरकार शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है और निरंतर छात्रों को ऐसे संसाधन मुहैया करा रही है जिसके आधार पर बच्चे ऑनलाइन और डिजिटल एजुकेशन प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम को भाजपा नेता ध्रुव श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकोला अनूप श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका फरीदा खातून जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक डॉ राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महाविद्यालय के उप प्राचार्य शकील अफगन रहे। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के कुल 820 छात्रों के लिए स्मार्ट फोन प्राप्त हुआ जिसमें आज 151 का वितरण किया गया है। इस मौके पर सुधीर चौहान, डॉ फरीद, रमेश चंद्र यादव, अभय सिंह, अशोक कसौधन, अशोक कुमार, श्रीराम मिश्र, धीरज, अभय पांडेय, पूजा, मांडवी श्रीवास्तव, रजनीश पांडेय, रामबिहारी राव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**डिजिटल तकनीक को बढ़ावा दे रही सरकार : विजय दुबे**

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक विकास खंड के असना में स्थित राम विचारे त्रिपाठी महिला महाविद्यालय में कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे ने 85 बालिकाओं को स्मार्टफोन वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा की प्रदेश सरकार डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देते हुए शिक्षा को तकनीकी रूप प्रदान कर रही है। शिक्षा की इस ज्योति को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय परिवार बालिकाओं की शिक्षा में सतत प्रयास कर रहा है और मैं विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# रोज़गार मेले में 151 बेरोजगार अभ्यर्थियों को मिला रोजगार



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत राजकीय आईटीआई कटघराकला हुजूरपुर बहराइच मे विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 11 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 203 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 151 बेरोजगार अभ्यर्थियां का चयन किया गया।

रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती प्रीति पाण्डेय ने अभ्यर्थियों का आहवान किया कि ऐसे अवसरों का भरपूर उठाकर अपने लिए रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करें। श्रीमती पाण्डेय ने सेवायोजन पोर्टल पर स्किल वर्कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि दसरे सहपाठियों व ईष्ट मित्रों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित करें ताकि उनके द्वारा रजिस्टर्ड ई-मेल पर उनकी योग्यता के अनुसार वैकेनसी की जानकारी प्राप्त होती रहे। श्रीमती पाण्डेय ने अभ्यर्थियों को यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय डिमाण्ड तथा अपनी शैक्षिक योग्यता एवं रूचि के अनुरूप प्रशिक्षण हेतु ट्रेड का चुनाव करें ताकि आपको रोज़गार प्राप्त करने में आसानी हो। राजकीय आईटीआई के कार्यदेशक रामतेज ने आईटीआई व कौशल विकास मिशन अन्तर्गत प्रशिक्षित युवक-युवतियों का आहवान किया कि ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल बाजपेई, एम.आई.एस. प्रबन्धक रवि शंकर पाठक व भानु प्रताप, अभय शर्मा, पीयूष तिवारी, एम.बी. उत्तम, प्रवीण कुमार, सौरभ शुक्ला, ख्वाजा आमिर अहमद, शारदा नंदन गौतम, रमेश, राजकुमार, मोहम्मद अजमल, उपेंद्र कुमार, निरंजन यादव, ज़िया रिजवी, अबू बकर व नदीम अहमद अन्य कार्मिक, अभ्यर्थी व आमजन मौजूद रहे। रोज़गार में के अन्त में सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी श्रीमती प्रीति पाण्डेय एवं कायदेशक राजकीय आईटीआई रामतेज द्वारा संयुक्त रूप से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

## उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं 13 फरवरी से

**बहराइच।** उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फरसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष 2024 की परीक्षाएं 13 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक सम्पन्न होंगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र, डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्रक मदरसा पोर्टल मदरसाबोर्ड डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर जारी कर दिये गए हैं। सम्बन्धित मदरसे अपने लॉग इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रधानाचार्य के हस्ताक्षरोपरान्त सम्बन्धित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराए जाएंगे। जबकि डेस्क स्लिप एवं उपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्र की लागिंग पर उपलब्ध हैं, जिसे परीक्षा केन्द्र द्वारा स्वयं डाउनलोड किया जायेगा।

परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में व्यवस्था दी गई है कि परीक्षा पाली की समाप्ति के उपरान्त परीक्षा केन्द्र द्वारा अपनी लॉग इन से तत्सम्बन्धी सूचना मदरसा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाउगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी मदरसों व परीक्षा केन्द्रों के ज़िम्मेदारान को तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# भगवान श्रीराम के आदर्शों से लेनी चाहिए सीखः अंकुश महाराज

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ल चौबयाना हरदौल स्थित राजराजेश्वर महेश्वर महाकालेश्वर मन्दिर में पूज्य अंकुश महाराज का श्रीराम सत्संग का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान में संजय ताम्रकार भगतजी सत्ता सरकार परिवार ने महाराजजी की भव्य अगुवाई की। महाराज ने सत्संग वाणी में कहा कि भगवान कहते हैं कि तूं मेरे में मन लगा दे, मेरे में मन लगाने से भारी-से-भारी संकटों से तर जायेगा।

राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश पंथ ने महाराजजी की भव्य अगुवानी की। पूज्य महाराजजी ने रामकथा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इसके श्रवण मात्र मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और उनके पापों का शमन हो जाता है। नगर के चौबयाना हरदौल राजराजेश्वर महेश्वर महाकालेश्वर मन्दिर में आयोजित एक दिवसीय संगीतमयी रामकथा सत्संग में प्रवचन करते कथावाचक पूज्य अंकुश महाराज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से सीख लेने की आवश्यकता है। रामकथा के उद्देश्य पर कहा इसके श्रवण मात्र मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और उनके पापों का शमन हो जाता है। इस दौरान प्रेस क्लब संरक्षक सरदार मंजीत सिंह सलूजा, भाजपा नेता डा.दीपक चौबे, अपना दल एस पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन सैनी, वरिष्ठ पत्रकार माधव सुनील चौबे कान्हा, अमित संज्ञा, कृष्णकांत सोनी, आलोक, कमलेश साहू, पुष्पा झां सहित तमाम पत्रकार आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए महाराजजी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम सभी के लिए आदर्श हैं। उनके प्रेम, त्याग जैसे व्यक्तित्व से सीख लेनी चाहिए। उनके बताए रास्ते पर चलकर जीवन को धन्य बनाना चाहिए। प्रवचन के दौर में कथावाचक ने कहा कि गुरु के बताए रास्ते पर चलने से मनुष्यों का कल्याण हो जाता है, वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। समय-समय पर भगवान एवं भक्तों के बीच परीक्षा भी होती रहती है, लेकिन मनुष्य नासमझ होता है और वह इसको समझ नहीं पाता है। भक्तों के अंदर भगवान के प्रति इतनी भक्ति होनी चाहिए कि भगवान का उन्हें दर्शन हो सके। पूज्य महाराजजी ने राजराजेश्वर महेश्वर महाकालेश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। समस्त मोहल्लेवासियों ने महाराजजी के ऊपर पुष्प वर्षा की। महेश्वर मन्दिर में संगीतमयी वातावरण में हर कोई खुशी से झूमता दिखाई दिया। इस दौरान दीपक जैन, प्रेम अग्रवाल, मुन्ना जोशी, सुनील ताम्रकार, इंजी.ओ.पी.वर्मा, कैलाश सोनी, राहुल चन्देल, बृजभान, राहुल नामदेव, लखन सोनी बाबा आदि मौजूद रहे।

## तहसील स्तरीय अण्डर-18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**ललितपुर।** वर्ष 2023-24 में ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता के अन्तर्गत तहसील-सदर स्तर पर तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्पोर्ट्स स्टेडियम पर किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण का सीडीओ/नोडल अधिकारी के.के.पाण्डेय ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि व नोडल अधिकारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्र्यापण कर प्रतियोगिता आरम्भ की विधिवत घोषणा की गयी। एथलेटिक्स प्रशिक्षक रविन्द्र कुमार व क्रिकेट प्रशिक्षक अजरूद्दीन ने मुख्य अतिथि व नोडल अधिकारी को बैज अलंकृत कर अभिवादन किया। प्रतियोगिता में अण्डर-18 बालक-बालिका, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वालीवाल का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस बालिका वर्ग में के.आई.सी. बिरधा की खुशी राजा प्रथम, नगर पंचायत जीआईसी की ममता कुशवाहा द्वितीय एवं पब्लिक स्कूल की ऊषा देवी तृतीय रहीं। खो-खो में बालक वर्ग से के.आई.सी.बिरधा व शांतिनाथ इं.कां.सीरोंनजी ने फाइनल में प्रवेश किया।

# यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने में आमजन भी करें सहयोगः आलोक कुमार तिवारी

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था को परखने ललितपुर पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने भी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का जिक्र करते हुये यातायात विभाग को निर्देशित किया कि वह यातायात के प्रति लोगों में जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली अनहोनी घटनाओं को लेकर जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के संयुक्त पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी यातायात पुलिस कर्मियों के साथ लगातार शहर में यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में जुटे हुये हैं। वर्तमान में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर यातायात पुलिस काफी संजीदा नजर आ रही है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने सोमवार को शहर में पैदल भ्रमण करते हुये जहां एक ओर वाहन चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के प्रति जागरूक किया तो वहीं दूसरी ओर दुकानदारों



से सड़क किनारे स्थायी या अस्थाई रूप से अतिक्रमण को बढ़ावा न देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए आमजन भी यातायात विभाग का सहयोग करे, ताकि शहर को जाम के झाम से मुक्त रखा जा सके। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करे और लाइसेंस लेकर ही वाहन चलायें। इसके अलावा चार पहिया वाहन चालक नियमानुसार सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुये कहा कि चार पहिया वाहन चालक किसी भी दशा में शीशों पर काली फिल्म और अवैध रूप से हूटर का प्रयोग न करें।

## डीआईजी ने ललितपुर में पैदल भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी ने रेंज के जनपद ललितपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ललितपुर के संवेदनशील इलाकों, व्यस्त बाजारों, प्रमुख मार्गों, तथा शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार घण्टाघर चौराहे में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गयी। भ्रमण के दौरान जनसंवाद स्थापित कर लोगों को मजबूत कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। डीआईजी झांसी द्वारा बताया गया कि रेंज की पुलिस शासन की मंशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। आगामी चुनावों के दृष्टिगत अराजक तत्वों एवं महौल बिगाडनें वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रमुख बाजारों, स्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा रहे है। पुलिस को पैदल गस्त करते हुये निरन्तर विजिबल रहने हेतु तथा सर्तक दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। डीआईजी झांसी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह चल रहा है।

# शिवम सोनी पर सराफा व्यापारी ने लगाया आभूषण हड़पने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** अठारह लाख रुपये के जेवरात को लूट की फर्जी कहानी बताकर षडयंत्र करने वाले सराफा कारोबारी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। रविवार को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने सराफा व्यापारी द्वारा बतायी गयी लूट की घटना को फर्जी करार दिया तो वहीं अब दूसरी ओर जिस सराफा व्यापारी से ज्वैलरी लेकर बेचता था, उसने भी पकड़े गये सराफा व्यापारी पर एफआईआर दर्ज कराते हुये ज्वैलरी हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है।

शहर के मोहल्ला आजादपुरा निवासी राजकुमार सोनी पुत्र रामकिशन सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कटरा बाजार में राज ज्वैलर्स के नाम से प्रतिष्ठान का संचालन करता है।



बताया कि मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर निवासी शिवम सोनी पुत्र अवध सोनी सिविल लाइन्स कुछ माह से उसके प्रतिष्ठान से सोने के जेवरात विभाग के कर्मचारियों (ग्राहकों) को बिक्री के लिए दिखाने ले जाते थे। बताया कि उस माल को वह दिखाने ले जाते थे और उसमें बिक्री पश्चात बाकी माल का हिसाब-किताब करके वापस कर देते थे। बताया कि शिवम सोनी ने कई बार ऐसा किया और उसका हिसाब भी ठीक रहा। बताया कि 2 फरवरी 2024 को शाम करीब 7 बजे ग्राहक को सामान दिखाने की बात कहकर 3 चूड़ी सेट, 4 हार, चैन व अंगूठी सोने के आभूषण जिसका वजन मय पैकेट के

**पुलिस ने की एफआईआर दर्ज, विवेचना शुरू**


298 ग्राम ले गये थे। अगले दिन जब सामान वापस मांगा को वह टहलाते हुये रहे। 3 फरवरी को शाम को फिर से उसने सामान वापस करने की मांग की तो शिवम सोनी ने उसके साथ लूट होने की बात कही और आना-कानी करने लगा। सराफा व्यापारी राजकुमार सोनी ने बताया कि उसे पूर्ण विश्वास है कि उक्त सोने का आभूषण उक्त शिवम सोनी के पास ही है एवं सामान वापस न करने की मंशा से वह झूठ बोल रहा है एवं सामान वापस नहीं करना चाहता। पीड़ित सराफा व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने शिवम सोनी के खिलाफ धारा 203 व 406 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एग्जाम रिजल्ट में नॉट क्वालीफाई आने पर डीएम से मिले छात्र



**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** मामला है फिरोजाबाद के एसआरके पीजी कॉलेज का जहां बीए फर्स्ट सेमिस्टर के छात्र छात्राओं ने जिलाधिकारी को रिजल्ट में नॉट क्वालीफाई आने पर एक ज्ञापन दिया। जिसमे छात्र छात्राओं का कहना था बीए फर्स्ट सेमिस्टर के रिजल्ट में नॉट क्वालीफाई आया था जिसके लिए छात्र छात्राओं ने आंदोलन भी किया था आंदोलन करने के बाद बहुत से बच्चो का क्वालीफाई हो गया है। जिसमे से हम एसआरके पीजी कॉलेज के छात्र छात्राएं है और हमारा क्वालीफाई बीए फर्स्ट सेमिस्टर नही हुआ है जिसमे री एग्जाम होना है उसके लिए प्रत्येक बच्चे से 1050 की धनराशि मांगी जा रही है बच्चों का कहना है कॉलेज प्राचार्य से भी बहुत बार निवेदन किया लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 8 को हमारा एग्जाम भी है।

## ग्राम प्रहरी चौकीदारों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर ग्राम प्रहरी चौकीदार संघ ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। ग्राम प्रहरी चौकीदारों का कहना है कि हम चौकीदार 2500 रुपए कम वेतन में चौबीस घंटे सातों दिन गांव की निगरानी रखवाली करते हुए अपराधिक गतिविधियों की सूचना थाने पर देते है। महंगाई की मार को झेलते हुए कई वर्षो से अपनी मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाते रहे है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने से पहले चौकीदार संघ के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को भाजपा कार्यालय लखनऊ बुलाकर यह वादा किया था की आप मेरा साथ दीजिए मेरी सरकार यानी भाजपा की सरकार बनने पर आप सभी ग्राम प्रहरी चौकीदारों को वेतन वृद्धि करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जायेगा और सरकार ना बनने पर केंद्र सरकार द्वारा 10500 रुपए प्रति माह दिलाया जायेगा। लेकिन दो बार सरकार बनने पर चौकीदार पद का नाम बदलने के अलावा कोई आशा जनक मांग पूरी नहीं की।

## हज़रत बाबा दीन अली शाह का उर्स 7 फरवरी से

**इटावा अवधनामा संवाददाता।** हज़रत बाबा दीन अली शाह व मस्तान शाह रह0का 40 वाँ तीन दिवसीय उर्स मुबारक 7 फरवरी से 9 फरवरी तक पूरी शानो-शौकत व अदबो एहतराम के साथ मनाया जायेगा।हिन्दोस्तान के मशहूर कब्बाल जिन्होंने मैं तो रु-ब-रु-ऐ यार कलाम से पूरे मुल्क में शोहरत पाई है अनवर साबरी एंड पार्टी फिरोजाबाद मेहफिले सिमा में बांधेंगे समा। उक्त जानकारी दरगाह शरीफ के ख़ादिम,उर्स के आयोजक मोहम्मद शाहिद वारसी व नातिया मुशायरे के संयोजक वाई0के0शफी चिश्ती ने संयुक्त रूप से दी।आगे उन्होंने बताया कि चाणक्य होटल के सामने स्थित हज़रत बाबा दीन अली शाह व मस्तान शाह रह0का सालाना उर्स मुबारक की सरपरस्ती फनाह शाह बाबा निज़ामी इटावी की होगी।उर्स का आगाज़ सुबह बाद नमाज़ फजर कुरआन ख्वानी से होगा दरगाह शरीफ पर।शाम बाद नमाज़ असर नज़र पेश की जायेगी।आठ फरवरी गुरुवार को दिन में ज़ोहर की नमाज़ के बाद चादर पोशी की जायेगी।रात्रि को बाद नमाज़ इशा मेहफिले सिमा का आयोजन होगा।उर्स के अंतिम दिन 9 फरवरी दिन शुक्रवार को सुबह बाद नमाज़ फजर हज़रत का कुल शरीफ होगा।नातिया मुशायरे के संयोजक वाई0के0शफी चिश्ती ने बताया कि उर्स के पहले दिन 7 फरवरी बुधवार को रात्रि में नातिया मुशायरे का कार्यक्रम होगा।

# महिला टी-20 लीग चैंपियन का महा मुकाबला शुरू

## पुलिस लाइन में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का डीएम-एसपी ने किया उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालौन द्वारा उत्तर प्रदेश महिला टी-20 लीग चैंपियनशिप शुरू हो गया है, जिसमें जालौन जिले के अलावा प्रदेश के कई जिलों की अंडर 23 की महिला टीम भाग ले रही हैं, उरई पुलिस लाइन ग्राउंड पर पहली बार आयोजित 6 दिवसीय महिला टी-20 टूर्नामेंट 5 फरवरी से शुरू होकर 11 फरवरी तक चलेगा जिसमें कानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, उन्नाव, लखनऊ और जालौन की महिला टीम भाग ले रही हैं।



टूर्नामेंट का उद्घाटन 5 फरवरी को डीसीए के मुख्य संरक्षक मुख्य संरक्षक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा उद्धघाटन किया गया, उसके पश्चात खिलाड़ियों से परिचय। बारिश के कारण एक बजे तक इंतजार करने के बाद बी सी सी आई के नियम अनुसार दोनो मैच के लिए चारों टीमों को एक एक प्वाइंट दिया गया। डीसीए सचिव विकास कुमार शर्मा ने बताया कि यूपीसीए द्वारा अधिकृत महिला टी-20 लीग टूर्नामेंट में सभी रजिस्टर्ड महिला खिलाड़ी भाग ले रही है ये टूर्नामेंट जिले में पहली बार आयोजित हो रहा है अभी तक जिले में पुरुष खिलाड़ी ही अपनी बल्लेबाजी और बॉलिंग का हुनर दिखाते थे मगर अब महिलाएं भी अपने बल्ले से चौके छक्के चौके लगाएगी और अपनी गेंदबाजी का प्रदर्शन करेंगी, प्रत्येक दिन दो मैच खेले जाएंगे और प्रत्येक टीम को तीन-तीन मैच खेलने को मिलेंगे इसके लिए दो पूल बनाए गए है दोनों फूलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम 11 फरवरी को फाइनल खेलेगी। संचालन शरद श्रीवास्तव, उद्बोधन यूपीसीए के डायरेक्टर श्याम बाबू, और स्वागत टूर्नामेंट के कनवीनर प्रदीप सियोठिया ने किया, इसके अलावा अन्य मैच का उद्घाटन माननीय जिला जज लल्लू सिंह, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर एडीएम एफ.आर , डीसीए उपाध्यक्ष सुरेश निरंजन भैया जी, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, हाई कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, संयुक्त सचिव विनय कुमार सिंह, हरेंद्र विक्रम सिंह, डीसीए के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट राजेंद्र लल्ला, उदयवीर सिंह, शरद श्रीवास्तव, डॉ राकेश रंजन शर्मा के अलावा रिक्की सिंह, सचिन पाटकर, राजकुमार, कमल सैनी,अनिल कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

## सेठ बद्री प्रसाद कॉलेज के स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

**कोंच।** सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा यातायात के नियमों के बारे में ग्राम जुझारपुरा में रैली निकाली गई और घर घर जाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र गोपाल जी ने कहा कि हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलना चाहिए इससे हमें कई फायदे हैं, जैसे अगर वाहन फिसल कर गिर भी जाता है तो हमारे सिर पर चोट नहीं आती, सर्दी और गर्मी में भी फायदा पहुंचता है। छात्रा मंजू ने बताया वाहन को हमेशा रोड पर धीमी गति से चलना चाहिए, ओवरटेक करते समय पूरी सावधानी बर्तनी चाहिए। आगे आने वाले वाहन को देखकर ओवरटेक करें। वहीं मुस्कान ने बताया कि बड़ा वाहन चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करें, शराब पीकर वाहन ना चलाएं चलती बाइक पर मोबाइल से बात ना करें, अपनी लाइन पर ही चलें। जागरूकता कार्यक्रम में तमन्ना यासमीन पायल राठौर ममता कुमारी गरिमा रिषभ योगेंद्र सिंह रेहान पियूष आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## यह कैसा है नारी शक्ति मिशन, जो पुरुषों के ही ऊपर निर्भर है, चाहे वह नारी कर ले लाख जतन

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर, दुबेपुर।** विकास खंड कार्यालय के ब्लॉक कर्मियों के मध्य उठा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उच्च अधिकारी मौन हैं, लगता है कि इस मामले में वह किसी माननीय के दबाव में है। ज्ञात हो स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महिला संविदा कर्मी ने प्रभारी ए डी ओ पंचायत के ऊपर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। इसके संबंध में जिले के तमाम उच्च अधिकारियों तक उसने अपनी शिकायत की,पर कही पर सुनवाई नहीं हुई । थक हार करके उसने राज्य महिला आयोग की शरण में जाना उचित समझा। राज्य महिला आयोग से प्राप्त निर्देशों के क्रम में ही सी डी ओ सुल्तानपुर अंकुर कौशिक द्वारा सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी सुल्तानपुर ( विकास) व आशीष कुमार (अर्थ और संख्या अधिकारी) सुल्तानपुर के नेतृत्व में जांच कमेटी बनाई गई।उक्त जांच कमेटी के समक्ष 27 जनवरी 2024 को सुबह 10 बजे कक्ष संख्या आठ में चश्मिदीदो की गवाही का वीडियो बनाया गया, लिखित में बयान भी दर्ज किया गया तथा शपथ पत्र भी लिया गया ।उक्त प्रक्रिया पर अभी तक कार्रवाही होना लंबित है। देखना यह है कि जिले की जिलाधिकारी महिला , जिले की सांसद श्रीमती मेनका संजय गांधी महिला,ब्लॉक दुबेपुर की ब्लॉक प्रमुख महिला, जांच कमेटी की अध्यक्ष महिला, निर्देश देने वाला विभाग राज्य



महिला आयोग, फिर भी पीड़ित महिला छटपटा रही है।उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है।अबकी आरोपी के द्वारा तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। जनपद के प्रमुख अधिकारियों की जांच को धता बताते हुए,आरोपी ने स्वयं ब्लॉक पर एक जांच कमेटी बनवा लिया, जिसकी अध्यक्ष आरोपी ने अपने अधीनस्थ एक महिला सचिव को बना करके घटना की जांच करने का ढोंग किया।तथा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तमाम महिला कर्मचारियों से अपने सामने अपने मन माफिक अपने पक्ष में उनके बयान लिखवाने का कार्य किया जा रहा है।जनपद के उच्च अधिकारी मौन साधे हुए हैं। तीन माह पूर्व ब्लाक पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत तैनात खुशबू मोदनवाल से जो कंप्यूटर ऑपरेटर है,आरोपी प्रभारी ए डी ओ पंचायत दिनेश सिंह ने अपने पक्ष में रिपोर्ट तैयार करवा लिया है।ऐसा आरोप पीड़िता ने लगाए हैं।उसके अनुसार आरोपी ए डी ओ पंचायत के उक्त विकास खंड में उसी पद पर नियुक्त रहते हुए उसे न्याय मिलना संभव नहीं लगता।उसके अनुसार यदि उसे उचित न्याय नहीं मिला तो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में न्याय की गुहार लगाएगी।

# सिक्किम के पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगी डॉ. एम.पी. सिंह की नवीन कृति : लक्ष्मण प्रसाद आचार्य

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पुस्तकें हमें नयी राह दिखाती हैं । अपने भ्रमण को संस्मरण के रूप में प्रस्तुत कर डॉ.एम.पी.सिंह ने समाज की बेहतर सेवा की है।डॉ.एम.पी.सिंह की कृति हिमालय के आंगन से सिक्किम के पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। यह बातें सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहीं। वह क्षत्रिय भवन सभागार में राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ.एम.पी.सिंह की दो कृतियों के लोकार्पण समारोह व कृति चर्चा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर की तिरंगा यात्रा में मैं डॉ.एम.पी.सिंह के साथ था।* उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों का भ्रमण कर उसके बारे में जो लिखा है उसे पढ़ कर



देश विदेश के पर्यटक इन क्षेत्रों में भ्रमण के लिए काफी आकर्षित होंगे। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप ने कहा कि साहित्य समाज को रास्ता दिखाता है । डॉ.एम.पी.सिंह की कृतियां साहित्य जगत को अनमोल उपहार हैं। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राधेश्याम सिंह ने कहा कि बिरवा काव्य संग्रह पके हुए कवि की नवोदित कृति है। संवेदना,दर्शन और रमणीयता इन कविताओं के केंद्र में हैं। इस कृति में प्रकृति संरक्षण ,प्रेम ,आत्मा की यात्रा व पीढ़ियों का द्वंद आदि की कविता महत्वपूर्ण है । यह पहला संग्रह बताता है कि डॉ.एम.पी.सिंह प्रौढ़ सजग व संवेदनशील कवि हैं। कृतिकार डॉ.एम.पी.सिंह ने अपनी दोनों कृतियों की रचना प्रक्रिया को बताते हुये कहा कि *हिमालय के आंगन पुस्तक में कश्मीर, दार्जिलिंग और सिक्किम की यात्राओं पर संस्मरण लिखे गए हैं।* बिरवा पुस्तक में विभिन्न समयों पर उपजी बत्तीस कविताओं का संग्रह है। सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण से शुरू हुए समारोह में मंचस्थ अतिथियों ने डॉ एम पी सिंह की दो नवीन कृतियों का लोकार्पण किया।स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आर .ए.वर्मा , आभार ज्ञापन क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह व संचालन प्रोफेसर निशा सिंह ने किया।क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, एमजीएस इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश सिंह,भाजपा नेता राम चंद्र मिश्र आदि ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कृतिकार डॉ.एम पी सिंह ने सुलतानपुर जनपद की पहचान बाध से बने अनेक उत्पाद देकर अतिथियों को सम्मानित किया। समारोह में राणा प्रताप पीजी कालेज के प्रबंधक बालचंद्र सिंह एडवोकेट, प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी, डॉ.ओंकारनाथ द्विवेदी, डॉ.सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, डॉ.जे.पी. सिंह , डॉ.ए.के. सिंह, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि , पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय,शिव कुमार सिंह, जगजीत सिंह छंगू ,समेत अनेक महत्वपूर्ण व्यक्ति, शिक्षक, साहित्यकार, समाजसेवी आदि बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद पुलिस सक्रिय

**सुल्तानपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा



पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया।सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थानों के पुलिस कर्मचारियों द्वारा बैंक ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों द्वार संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी।जनपद की पिकेट ड्यूटी तथा बार्डर ड्यूटी पर बैरियर लगा कर संदिग्ध व्यक्ति एंव वाहन को चेक किया गया। जनपद के मुख्यमार्गों, चौराहों आदि पर पैदल गश्त व जनपद की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गई हैं।

अवधनामा



# क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने एनटीपीसी रिहंद में आयोजित रिहंद महोत्सव 2.0 का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना की स्वयंसेवी संस्था वर्तिका महिला मण्डल समिति द्वारा रिहंद महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए गए दो दिवसीय आनंद मेले में हजारों की तादात में रिहंद व उसके समीपवर्ती ग्रामीणों ने जमकर लुत्फ उठाया।

आनंद मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एन.एस राव एवं अध्यक्षा उत्तरा महिला क्लब विजया राव ने विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता के साथ मेले के मुख्य द्वार पर बंधे फीते को काट कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों ने गणेश जी के पूजन के साथ द्वीप प्रज्ज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। अगली कड़ी में मुख्य अतिथि ने सहअतिथियों के साथ केक काट कर एवं रंगबिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़कर आनंद मेले का परंपरागत तरीके से का शुरुआत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने एनटीपीसी रिहंद सीएसआर के अंतर्गत वर्तिका महिला मण्डल समिति के सहयोग से आस-पास के ग्रामीण बच्चों को पोर्टबल टेबल वितरित किया। इसके साथ ही विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों को सहायक उपकरण एवं ट्राईसाइकिल भी प्रदान की। मेंसट्रूअल हाईजीन को ध्यान में रखते हुए डोड़हर स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को सैनिटरि नैपकिन वेंडिंग मशीन वितरित किया गया। कार्यक्रमों की कड़ी में आनंद मेले का विषय सशक्त नारी, सशक्त भारत लोगो का उद्घाटन किया गया जो नारी शक्ति को दर्शाता है। इसके साथ ही सैंड एवं बॉटम ऐश से बने हस्तशिल्प नें अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया जिसमें राम मंदिर, चंद्रयान, नारी शक्ति एवं एनटीपीसी रिहंद संयंत्र को दर्शाया गया है। तदोपरांत मुख्य अतिथियों नें सांझा चूल्हा का उद्घाटन किया जो की वर्तिका महिला मण्डल समिति द्वारा संचालित किया जाएगा। इसमें कार्यरत ग्रामीण महिलाओं को किचन संबंधी बर्तन दिये गए जिससे उनको किचन संचालन में मदद मिलेगा। इसके पश्चात अतिथिगणों ने मेले में लगे सभी स्टालों पर बारी-बारी से पहुँच कर उनका निरीक्षण एवं भ्रमण किया। मेले में लगे विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टालों के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद भी मुख्य अतिथि, सहअतिथियों व मेले में भ्रमण करने वाले दर्शकों ने चखा। इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न जनजाति खाद्य एवं महुआ लड्डू, लोह एवं ढोक्करा शिल्प, लकड़ी एवं सुपाड़ी खिलौने, आदिवासी जेवर, बांस शिल्प इत्यादि संबंधी स्टाल पर दर्शकों की काफी भीड़ देखी गई। जनजातीय द्वारा प्रस्तुत दुमकच नृत्य मेले में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। तत्पश्चात मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों ने अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सशक्त नारी, सशक्त भारत की थीम पर आयोजित इस मेला स्थल में सभी वर्गों के लोगों के मनोरंजन एवं खान-पान के लिए कई सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उपस्थित अतिथियों एवं अन्य लोगों नें गेम्स एवं फन के साथ मेले का भरपूर आनंद उठाया। इसी कड़ी में 3 दिवसीय जनजातीय उत्सव का भी आयोजन 06 से 8 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। यह जनजातीय उत्सव स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए किया जाएगा।

## भाजपा सरकार की नीतियों से कर्ज में डूब रहा देश

**सोनभद्र।** ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू राम पांडेय की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम घोरावल में सम्पन्न हुआ, संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम राज सिंह गोंड मौजूद रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष राम राज सिंह गोंड ने कहा कि जनपद के 10 ब्लॉकों में संवाद कार्यक्रम के जरिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद किया जा रहा है। और संगठन के मजबूती के लिए रणनीति तैयार किया जा रहा है। लोकसभा में कांग्रेस मजबूती के साथ लड़ेगी। इसको लेकर खाका तैयार किया जा रहा है। इस दौरान न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेता जगदीश मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिये मजदूरों, किसानों, युवाओं, छत्राओ, कामगारों, कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके लिए न्याय के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे है। उक्त मौके पर ब्लाक अध्यक्ष लल्लूराम पांडेय, संगीता श्रीवास्तव, राजबली पांडेय, प्रदीप सिंह, आशीष सिंह, रामप्यारे गोंड, इरसान यादव, राजू पाठक, सुरेश कोल, अशोक पांडेय, प्रभावती देवी, फूल सिंह गोंड, गणेश गोंड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लापता युवक का खेतों में दफन शव मिला



अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने वादी की तहरीर पर दो पर लिखा मुकदमा

**हमीरपुर।** जनपद में बीते चार दिवस से लापता युवक का खेतों में दफन शव की सूचना मिलने से हड्कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रधिकारी राठ सहित स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँच युवक के शव को खोदकर बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन के लिए भेजा है।पुलिस इस पूरे मामले में गहनता से जांच पड़ताल में जुटी है।।

यह पूरा मामला मझगवां थानाक्षेत्र के इटौरा गांव का है। जहाँ एक 40 वर्षीय युवक मानसिंह पुत्र भानसिंह बीते 4 दिवस पूर्व लापता हो गया था जिस पर उसकी पत्नी अहिल्या द्वारा बीते 4 फरवरी को गुमसुदगी दर्ज कराई गई थी।जिस पर उसकी पत्नी अहिल्या द्वारा संबंधित थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई गई थी। सोमवार के रोज गुमसुदा के भाई द्वारा संबंधित थाने में सूचना दी गयी कि भाई को खेत मे दफन किया गया है।घटना की सूचना पर सीओ राठ व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच बताई हुई जगह कोतवाली राठ के ग्राम इकठौर निवासी उत्तम पुत्र भानसिंह राजपूत के खेत मे खुदाई की गई तो गुम ब्यक्ति मानसिंह का झुलसा हुआ शव मृत अवस्था में जमीन में दफन किया हुआ पाया गया।

पुलिस ने इस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पोस्टमार्टम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेजा है। वही मृतक परिजन व पत्नी कि तहरीर दे आरोप लगाते हुए बताया कि म्रतक मानसिंह और कोतवाली राठ के ग्राम इकठौर निवासी उत्तम पुत्र भानसिंह राजपूत से कुछ पैसे का लेनदेन था।जिस के कारण वादविवाद होने के चलते उत्तम पुत्र भानसिंह व उसके पुत्र तेज सिंह पुत्र उत्तम राजपूत द्वारा मार कर खेत मे दफन कर दिया।तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपराध को छुपाने पर धारा 201 तथा जान से मारने के आरोप में 302 में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस मामले में कुछ लोग म्रतक द्वारा खेत की रखवाली करते समय नील गाय भगाने के दौरान करेंट लगना भी कहा जा रहा है ।पर पुलिस पूरे मामले में गहनता से जांच में जुटी है तथा आरोपित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी कर रही है।

# एनटीपीसी सिंगरौली के धरती पर माधो आये चार दिवसीय सम्भागीय नाट्य समारोह



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** कानपुर द्वारा प्रस्तुति का शीर्षक ÷माधो आये÷ था इस नाटक का निर्देशन जितेंद्र शंकर अवस्थी ने किया तथा यह नाटक एक मशहूर मराठी लेखक पु0 ल0 देशपांडे द्वारा रचित ÷विट्ठल तू आला आला÷ का हिन्दी अनुवादन था, जिसे श्री जयराम करकरे ने माधो आये÷ के रूप में प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली) थे। यह नाट्य समारोह उत्तर प्रदेश संगीत एवं नाटक अकादमी, लखनऊ एवं एनटीपीसी सिंगरौली, सोनभद्र के सहयोग द्वारा 31 जनवरी से 03 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से एनटीपीसी सिंगरौली के सरस्वती सभागार, कर्मचारी विकास केंद्र मे आयोजित किया गया। इस नाट्य कथा के माध्यम से कलाकारों ने हमारे समाज के तृष्णा तथा लोभ का सजीव चित्रण दर्शाया कि किस प्रकार हम अपने आराध्य के दर्शन एवं पूजन के लिए जाते हैं, तब हमारे मन के अंदर भगवान से सांसारिक सुख व आर्थिक लाभ पाने की कामना रहती है, जिस कारण प्रायः हम ईश्वर को रिझाने के लिए तरह तरह के फल,फूल तथा पकवान उनके समक्ष प्रस्तुत कर अपने अज्ञान व अंधकार से भरी श्रद्धा का आडंबर करते रहते हैं। यहीं दूसरी तरफ हमारे समाज में कुछ ईश्वर के सच्चे सेवक भी हैं जो हमें सही मार्ग दिखलाने का प्रयास करते हैं परंतु अज्ञान में डूबा हुआ लोभी मनुष्य जीवन पर्यन्त माया मोह की चाकरी करने में ही लगा रह जाता है, तथा वह भूल जाता है कि ईश्वरीय शक्तियाँ ही सर्वोपरि है। इस नाट्य कार्यक्रम ने एनटीपीसी सिंगरौली के सरस्वती सभागार में उपस्थित सभी दर्शकों को ईश्वर के प्रति सच्चे प्रेम व सम्पूर्ण समर्पण के लिए जागरूक कर दिया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग के महाप्रबंधक गण, सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, वनिता समाज की सदस्याएँ तथा एनटीपीसी के तमाम कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# पार्टी कार्यालय पर नारी वंदन कार्यशाला में बतायी जानकारियां

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की नारी वंदन कार्यशाला सम्पन्न हुयी कार्यशाला मे बतौर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक रामसुन्दर निषाद ने किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि संसद के नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने के बाद अब इसको लेकर हम सभी कार्यकर्ता जिले की आधी आबादी के बीच मे जायेंगे हर विधानसभा मे महिलाओं का विशेष सम्मेलन करेंगे जिसको नारी शक्ति वंदन सम्मेलन से जाना जायेगा। महिला आरक्षण बिल संसद मे पारित होने के बाद खास तौर आधी आबादी को ये बताया जायेगा कि प्रधानमंत्री मोदी जी की कोशिश से तीन दशक से लटका बिल पास हुआ है जिसमे महिलाओं को चुनाव मे 33 प्रतिशत का आरक्षण मिलेगा इसके साथ ही दूसरे दलो द्वारा जिस तरह से जनगणना व परिशिमन की बात कहकर ये प्रचारित किया जा रहा है कि इसे इतनी जल्दी लागू नही किया जा सकेगा उसके बारे मे भी महिलाओं को जागरुक किया जायेगा। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबी को नजदीक से देखा ही नही है बल्कि उस जीवन को जीया भी है, जिसका उदाहरण चुल्हे पर खाना बनाते हुए देश की ज्यादातर महिलाएं विभिन्न रोगो से ग्रसित हो जाती थी जिसको लेकर मोदी जी के नेतृत्व मे सरकार बनते ही उज्जवला योजना को लागू किया गया और ज्यादे से ज्यादे महिलाओं को इससे लाभान्वित किया गया। कार्यशाला मे उपस्थित डीसी मनरेगा ने कहा कि स्वयं सहायता समूह से केवल महिलाएं आच्छादित होती है, समूह के पूरी स्किम की जानकारी एक महिने तक देने के बाद समूह का गठन किया जाता है ग्राम पंचायत स्तर पर बीओ होते है जो समूह के उपर की कड़ी होते है और ब्लॉक स्तर पर मिशन मैनेजर होते है व जनपद स्तर पर डीसी एनआरएलएम कोआर्डिनेट करते है, पहले ग्रुप को ढाई हजार रुपये की राशि बैग व्यवस्था के लिए किया जाता है, इसके बाद 15 हजार की राशि रिवाल्विंग फण्ड के रुप मे दिया जाता है, समूह गठित होने के 6 महिने के बाद सक्रिय समूह को एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। समूह को मनरेगा मे भी सहभागिता दी गई है। ग्राम पंचायत मे स्थित सामुहिक शौचालय की भी व्यवस्था के लिए समूह कि महिलाओं को सहभागिता दी जा रही है जिसमे 6 हजार रुपये का मानदेय रखा गया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को निरंतर सम्मान देने का काम किया जा रहा है, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व नारी शक्ति को सशक्त बनाया जा रहा है। चाहे महिलाओं की समृद्धि या सम्मान की बात हो हर क्षेत्र मे नारी की भूमिका को अग्रणी रुप में देखा जा रहा है मोदी जी ने 27 साल से अटके हुए महिला आरक्षण बिल को पास कराकर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र मे एक बड़ी मिशाल कायम किया है। महिलाओं के समूह को सरकार द्वारा बैंक से 7 प्रतिशत ब्याज पर बड़े पैमाने पर ऋ़ण उपलब्ध कराया जा रहा है। जो समूह समय पर ऋ़ण की वापसी कर रहे है उनको ब्याज मे 3 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

## डीएम व पुलिस अधीक्षक नें फीता काटकर किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**हमीरपुर।** पर्यटन विभाग द्वारा बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउण्ड में प्रदर्शनी का उदघाटन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर द्वारा किया गया, जिसमें पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, निर्वाचन, खादी ग्राम उद्योग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग सहित अन्य सराकरी विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला,पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा,जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा,अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव,परियोजना निदेशक साधना दीक्षित सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# बुण्देलखण्ड महोत्सव में शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** शहीदों की याद में मनाए जा रहे बुण्देलखण्ड महोत्सव में शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया इस दौरान पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया जबकि छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद हमीरपुर की ओर से विकास खण्ड के पाटनपुर में आयोजित शहीदों की याद में बुण्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान शहीदों की याद में आरती के साथ ही देशभक्ति गीतों और नारों के साथ गांव में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें देशभक्ति के नारों से गांव गूंज उठा। उसके बाद स्वागत गीत, रंगोली, तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जबकि कस्बे के राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं पिंकी और रिंकी ने गढवाली गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर पहाड़ों की संस्कृति की झलक पेश की जिसको सभी ने सराहा।उसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गजोधर कुशवाहा, रघुवर कुटार,सूरज भान शर्मा,मनबोधनसिंह गौतम सहित अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी नवनीत, तहसीलदार बलराम गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल सहित स्कूलों के अध्यापक और बच्चों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# खोए हुए 125 मोबाइल फोन पुलिस ने जनता को सौंपे

अवधनामा संवाददाता



- साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस, एसओजी की संयुक्त टीम को मिली सफलता
- मोबाइल फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का ईनाम मिला

**बांदा।** साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने जनता के खोये हुए करीब 25 लाख रुपये अनुमानित कीमत के कुल 125 मोबाइल फोन को बरामद किए। सोमवार को एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान लोगों को उनके मोबाइल सौंपे। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का ईनाम दिया है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने जनता के खोये हुए मोबाइल बरामद करने के निर्देश दिए थे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस सेल व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए तहकीकात शुरू कर दी थी। आखिरकार साइबर क्राइम पुलिस थाना, सर्विलांस व एसओजी की सयुंक्त पुलिस टीम ने जनता के खोए हुए 125 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने सोमवार को मीडिया से रूबरू होते हुए जानकारी दी। बताया कि बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। बरामद मल्टी मीडिया मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक ने जिनके मोबाइल खोए हुए थे, उन्हें बुलाकर सौंपे। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल फोन बरामद करने वाली पूरी टीम को 25 हजार रुपये ईनाम दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना विजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक राधाकृष्ण तिवारी प्रभारी सर्विलांस, ललित नारायण मिश्र, रजनीश कुमार, विश्ववीर सिंह, अश्वनी प्रताप सिंह, आशीष शर्मा, कमल सिंह सेंगर, अमित कुशवाहा, मनीष कुमार मिश्र, अमित त्रिपाठी, प्रतीक यादव, सूर्याश, आरक्षी अनिल कुमार, आरक्षी अंकित सिंह, हिमांशु वर्मा, महिला कांस्टेबल ज्योति उपाध्याय शामिल रहे।

# नगर पालिका व नगर पंचायत के वार्डों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** उप्र शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में आज दिनांक-04 दिसम्बर 2023 को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 3, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 1. नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान सन्त कुमार, सुजीत कुमार, दिनेश, बिमलेश कुमार, आकाश कुमार सहित अन्य लोग रहे।

# शतचंडी महायज्ञ कलश यात्रा निकली



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** श्री शतचण्डी महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा सरीला क्षेत्र के माँ माहेश्वरी धाम भेड़ी के पावन प्रांगण से निकाली गई। माँ माहेश्वरी धाम पर हरिद्वार व प्रयागराज से पधारे महा नाँगा संतों के आगमन से शोभायात्रा की शोभा शोभायमान रही। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य इगोठा दुष्यंत सिंह परिहार ब्लॉक प्रमुख गोहांड अरविन्द सिंह मुखिया यज्ञ प्रबंधक गुलाब सिंह नन्ना, शिव कुमार द्विवेदी शोभा यात्रा मे शामिल हुए।

सर्व प्रथम विद्वान ब्राह्मणो के द्वारा विधि विधान से कलश पूजन किया गया। शोभा यात्रा में बालिकाएं व महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर जय माता दी के जयकारे लगाए। कलश यात्रा में एक दर्जन डीजे व एक सैकड़ा से अधिक घोड़े ढोल की थाप पर थिरकते चल रहे थे। बेतवा नदी किनारे स्थित 22 वी सिद्ध शक्ति पीठ स्थान माँ महेश्वरी माता मन्दिर से शुरू हुई कलश यात्रा समापन गांव भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पहुंचने पर हुआ। यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिकिशन द्विवेदी ने बताया की नौ दिवसीय यज्ञ मे दिन मे विद्वान कथा वाचक के द्वारा श्री राम कथा व रात्रि मे राम जन्म से लेकर रावण बध तक श्री रामलीला व 11 फरवरी की रात्रि मे जागरण का कार्यक्रम होगा तथा 14 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमे लाखो भक्तो की आने की संभावना है। इस मौके पर क्षेत्र वासी एवं गाँव के हजारों भक्त सम्मलित रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्रोन कमरो से निगरानी कर पुलिस बल ग्राम प्रधान धीरज सिंह चौहान,ज्योति प्रकाश शास्त्री जी,रामकुमार तिवारी, अंजी तिवारी, अखिलेश शुक्ला, नीलू चौहान, वीरू द्विवेदी, दीनू द्विवेदी, जगत सिंह, बबलू मुखिया, शैलेन्द्र सिंह, विकास सिंह, नवनीत सिंह रघघू सिंह,राहुल श्रीवास्तव, विक्कू सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान भाई तिलहनी फसलों में माहू कीट रोग से बचाएं

अवधनामा संवाददाता

- जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाइयों को दी जानकारी

**बांदा।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा. प्रमोद कुमार ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि इस समय तापमान में परिवर्तन व बदली रहने की स्थिति में तिलहनी फसल सरसों, अलसी में माहू कीट के प्रकोप की सम्भावना रहती है। इसके लिए किसान भाईयों से अपील है कि वे अपने खेतों की नियमित निगरानी करते रहें।

तिलहनी फसल सरसों, अलसी में माहू कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोरपिड 17.8 प्रतिशत एसएल एंव क्लोरोपाइरीफास 20 प्रतिशत जनपद के समस्त विकासखण्ड में स्थित कृषि रक्षा इकाईयों पर उपलब्ध है, योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ही मिलेगा। उक्त रसायन की मात्रा 500 से 600 मिली0 प्रति एकड़ 250-300 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। कृषक भाई उक्त रसायन को क्रय करते हैं तो उनको उक्त रसायन पर 50 प्रतिशत की छूट डीबीटी के माध्यम से कृषक के खातें में भेज दिया जायेगा।

कृषक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त रसायन का प्रयोग माहू कीट के नियंत्रण के लिए समय से करते हुये अधिक से अधिक उत्पादन लें और योजना का लाभ उठायें। उक्त रसायन को क्रय करते समय अपने साथ किसान भाई अपने साथ पंजीयन नम्बर, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, एंव खतौनी की छायाप्रति अवश्य लायें। इसमें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी और अपने ब्लाक में स्थित कृषि रक्षा इकाई के प्रभारियों को अवगत कराएं।

# पौधरोपण के लिए खुदवाए जाएं गढ्डे



अवधनामा संवाददाता

- 64 लाख पौधों का रोपण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित: जिलाधिकारी

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनपद लगभग 64 लाख वृक्षों के वृक्षारोपण किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गड्ढों की खुदाई कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने हेतु ठोस अपशिष्ट पदार्थो एवं मेडिकल वेस्ट तथा मैटेरियल वेस्ट का उचित प्रबन्धन सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को करने के लिए प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि नदी एवं नालों में प्रदूषित जल का शोधन करने के उपरान्त ही प्रवाहित किया जाए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढाये जाने हेतु नदियों के किनारे पांच किमी के आस-पास बिना रसायनयुक्त खादों का प्रयोग कर खेती कराये जाने के सम्बन्ध में कृषि विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में गंगा ग्राम समितियों का गठन करने तथा अपशिष्ट पदार्थो के प्रबन्धन के लिए सभी आरसीसी सेन्टरों को संचालित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने करिया नाले एवं निम्नी नाले को बायोरेमिडेशन के कार्य को कराये जाने के संबंध अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये। उन्होंने गौ-आधारित प्राकृतिक खेती को भी प्रत्येक विकास खण्ड में दस-दस कलस्टर बनाकर संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, जिला वनाधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# प्रदेश को आर्थिक विकास की ओर उन्मुख करने वाला समावेशी बजट : लक्ष्मी नारायण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। योगी सरकार द्वारा राम राज्य की दिशा में किये जा रहे प्रयास भी इस बजट के माध्यम से सफल होंगे। इस बजट में युवाओं से लेकर बेरोजगारों, किसानों से लेकर गरीब और महिलाओं, श्रमिक कल्याण, चिकित्सा, इन्फ्राक्ट्रक्रर, खेलों के विकास व सरकारी तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने बेहतरीन और समावेशी बजट के लिए उत्तर प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री से लेकर पूरे सदन को धन्यवाद दिया है।

मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि बजट में प्रदेश में औसत गन्ना उत्पादकता 72 मी.टन से बढ़कर 84 मी.टन हो गयी है। गन्ने के साथ सहफसली खेती का आच्छादन बढ़ने से कृषकों को 25 प्रतिशत आमदनी हुयी है। वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में 29.66 लाख हेक्टेयर मे गन्ने की खेती तथा चीनी का उत्पादन 110 लाख टन

**■ बोले, चीनी का उत्पादन 110 लाख टन से अधिक होने का अनुमान**

से अधिक होने का अनुमान है। पिपराईच एवं मुण्डेरवा में स्थापित 5 हजार टीसीडी क्षमता की नयी चीनी मिलों में 27 मेगावाट की बिजली उत्पादन संयंत्र तथा सल्फरलेस शुगर प्लांट की स्थापना की गयी है। किसान सहकारी चीनी मिल ननौता जनपद सहारनपुर की कार्यक्षमता में सुधार हुआ। सहकारी चीनी मिल लि. गजरौला जनपद अमरोहा की पिराई क्षमता 2500 टीसीडी से बढ़ाकर 4900 टीसीडी करने तथा सल्फरलेस रिफाइण्ड शुगर का उत्पादन करते हुए 1 लाख ली. प्रतिदिन एथनॉल उत्पादन क्षमता की आसवनी एवं कम्पप्रेस्ड बायोगैस की स्थापना कार्य प्रगति पर है। जनपद मथुरा की बंद पड़ी छाता चीनी मिल की भूमि पर 03 हजार टीसीडी क्षमता की नयी चीनी मिल की स्थापना का कार्य प्रगति पर है तथा जनपद मेरठ मे मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में बी-हैवी शीरे पर आधारित 60 के.एल.पी.डी. क्षमता की आसवनी की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास कायम करने का काम कर रही है, ऐसा ही काम आने वाले दिनों में और मजबूती के साथ होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस तेजी के साथ नए एक्सप्रेस-वे, एग्रीकल्चर में विश्वस्तरीय तकनीक और बेरोजगारी दूर करने के प्रयास किय जा रहे हैं इसका लाभ प्रदेश की करोड़ों जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट के जरिए प्रदेश सरकार ने पूरब से लेकर पश्चिम और पश्चिम से लेकर मध्य उत्तर प्रदेश को कुछ ना कुछ देने का काम किया है।

## अंकित का आईएसएस में हुआ चयन

**लखनऊ।** द ओफ पब्लिक इंटर कॉलेज फैजुल्लागंज लखनऊ ब्रांच में एलुमिनाई मीट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र अंकित यादव का चयन भारतीय सांख्यिकी सेवा (आई.एस.एस.) में हुआ है। विधायक डा नीरज बोरा, प्रबंधक रामजन्म सिंह एवं डायरेक्टर ऐश्वर्य सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य छात्र/ छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। डा नीरज बोरा ने सभी सफल विद्यार्थियों की सराहना की तथा अन्य विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र बताए।

इस अवसर पर पूर्व छात्र डॉ बृहस्पति तिवारी जो कि राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में एनेस्थीसिया के डॉक्टर है, को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पार्षद रामू कन्नौजिया, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष राम सरन सिंह, डालीगंज तथा फैजुल्लागंज ब्रांच के प्रधानाचार्य क्रमशः कमर जहां एवं विजयलक्ष्मी सिंह व विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित थे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ा : भूपेन्द्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राज्यवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उत्तर प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सात लाख छत्तीस हजार करोड़ का यह बजट पूरी तरह जनहित को समर्पित है और जनकांक्षाओं को पूरा करने वाला है।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने इसी संकल्पना को ध्यान में रखते हुए बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है।



रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा, उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है। गरीब कल्याण को समर्पित इस बजट ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है।

प्रदेश सरकार ने कुल बजट में 25 फ़ीसदी हिस्सा इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर लगाने की बात कही है। इससे न केवल राज्य में निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोज़गार के लिए नये अवसर मिलेंगे। राजकोषीय घाटा कम कर सरकार 24 हजार करोड़ से ज्यादा की नई जनकल्याणकारी योजनाएँ भी प्रदेश सरकार शुरू करेगी। यह प्रशंसनीय है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक पहचान के केंद्रों के पुनरुद्धार के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बजट में अयोध्या, मथुरा, काशी, चित्रकूट, नैमिष्यधाम, शीतलाधाम, विन्ध्यधाम सहित धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के अन्य जनपदों में विकास के लिए धन का आवंटन स्वागत योग्य है। इन तीर्थों के विकास से न केवल यहाँ तीर्थाटन बढ़ेगा बल्कि रोजगार के तमाम अवसर भी मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि 2017 के पहले की सरकारों का बजट जनता को ठगने वाला होता था। जहां जनहित की बजाय निजी हितों के लिए धन आवंटित होता था। 2017 के बाद यह परंपरा और परिपाटी दोनों बदली है। अब धन का आवंटन जनता के हित और आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है।

# बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों के कल्याण की व्यवस्था : आशीष

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने उत्तर प्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। योगी सरकार के लोकमंगल को समर्पित बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबो, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बेहतरीन और समावेशी बजट के लिए उत्तर प्रदेश के तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री से लेकर पूरे सदन को धन्यवाद दिया है। यह बजट प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 75 राजकीय पालीटेक्निक निर्माणाधीन व अवस्थापना की प्रक्रिया में है। वर्तमान में 1874 निजी क्षेत्र की डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। एकेटीयू द्वारा उत्तर प्रदेश स्टार्ट अप पालिसी-2020 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में सेंटर ऑफ एडवांस स्टडीज के अन्तर्गत एक इनोवेशन हब की स्थापना की गयी है, जिसके अन्तर्गत 15 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित है।

# पिछड़े व दिव्यांगजनों को सशक्त बनाएगा बजट : नरेन्द्र

## पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 35 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। योगी सरकार द्वारा राम राज्य की दिशा में किये जा रहे प्रयास भी इस बजट के माध्यम से सफल होंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं से लेकर बेरोजगारों, किसानों से लेकर गरीब और महिलाओं से लेकर सरकारी तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने बेहतरीन बजट के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री से



लेकर पूरे सदन को धन्यवाद दिया है।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि बजट में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना हेतु 2475 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के छात्रावास निर्माण हेतु लगभग 22 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। इसी तरह दिव्यांग पेंशन योजना हेतु 1170 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना हेतु 42 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है। कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण अनुदान योजना के अन्तर्गत लगभग 49,000 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन के लिए 818.75 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित: कपिल देव

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार व रोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनायें संचालित कर बजट की व्यवस्था की जा रही है। 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख के प्रदेश बजट में युवाओं के साथ अन्य सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने समावेशी बजट के लिए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था हेतु 01 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया है, जिसमें युवाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजनान्तर्गत माध्यमिक स्तर के 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था की गयी है।

# राष्ट्रवादी पसमांदा प्रभावशाली समाज बनाने की दिशा में कार्य कर रहा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 4 फरवरी को प्रथम चरण प्रातः 11:00 से 2:00 बजे, ए-ब्लॉक दारुलशफा, हजरतगंज लखनऊ में भारतीय मूल के पसमांदा मुसलमानों का चरित्र निर्माण एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर तारिक मंसूर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व वीसी एएमयू अलीगढ़ सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा है कि मुसलमानों विशेषकर कर पसमांदा मुसलमानों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी चाहिए और समाज को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से लाभ उठाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व आईएएस अनीस अंसारी सम्मिलित हुए और उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को हर हाल में शिक्षा पर जोर देना चाहिए। बगैर शिक्षा के हम अपने उद्देश्य को प्राप्त



नहीं कर सकते साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक जागरूकता भी बहुत जरूरी है क्योंकि लोकतंत्र में सारी समस्याओं का हल राजनीतिक गलियारों से होता है इसलिए राजनीतिक हिस्सेदारी अति आवश्यक है। हम किसी भी दल में रहे लेकिन राजनीति में हिस्सा जरूर लेना चाहिए। द्वितीय चरण 03:00 से 05:00 बजे भारतीय मूल के पसमांदा समाज का समुदायिक विकास राष्ट्रीय चरित्र निर्माण एवं शासक्तिकरण पसमांदा पंचायत' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री वक्फ एवं हज विशिष्ट अतिथि के रूप में शमीम अख्तर अंसारी (उपश्रमायुक्त उ.प्र.) शामिल हुए।

# म्यूज़िक एकेडमी के एनुअल फेस्ट में बच्चो ने गिटार पर किया 'जय हो'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लिरिक्स म्यूज़िक एकेडमी द्वारा आयोजित लैम्प्स फेस्ट सीज़न 10 में बच्चों ने गिटार, डांस, सिंगिंग, की बोर्ड आदि से अपने हुनर दिखाए। एक दिवसीय इस कार्यक्रम में एकेडमी की कई ब्रांचों के बच्चों ने परफार्म किया।



राजधानी की प्रतिष्ठित लिरिक्स म्यूज़िक एकेडमी द्वारा गन्ना संस्थान में लैम्प्स फिएस्टा सीज़न 10 का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम की एकेडमी के डायरेक्टर आर0के0मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। पत्रकार पुरम ब्रांच के बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। जिसके बाद बच्चों ने अलग अलग 18 प्रस्तुतियां दीं। जिसमें करन अग्रवाल ने बाँसुरी पर शानदार प्रस्तुति दी। उनकी राम आये हैं धुन ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। जिसके

**■ बाँसुरी से बजाया 'राम आये है' दर्शकों ने तालियों से मिलाया सुर में सुर**

बाद शाश्वत, आराध्य सिंह, अन्वेशा, समावृत विक्रम, दिव्यांशी सिंह, प्रानील, अर्चिशा अग्रवाल ग्रुप द्वारा गिटार से प्रस्तुत जय हो सांग ने अभिभावकों में जोश भर दिया। इसके बाद इस ग्रुप ने केसरिया, तु मेरा कोई न आदि शानदार प्रस्तुति दी। सुबह 10:30 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम की एकेडमी के डायरेक्टर आर0के0मिश्रा ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम पाली में गोमतीनगर विस्तार ब्रांच के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरआत हुई। जिसके बाद बच्चों ने कथक डांस, गिटार, बॉलीवुड सांग पर डांस सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दोपहर बाद आशियाना ब्रांच के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। जबकि शाम को पत्रकारपुरम ब्रांच के बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कथक डांसर पण्डित बिरजू महाराज की जयंती पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें याद किया।

# प्रदेश सरकार का बजट दिशाहीन : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रक्रिया व्यक्त करते हुए इसे दिशाहीन बजट बताया है।

श्री तिवारी ने कहा है कि बजट का आकार और संख्या बड़ा होना बजट की सफलता की निशानी नही है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नही किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नही कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है? श्री तिवारी ने कहा है कि बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है, बजट का 10 प्रतिशत अंश भी नई योजनाओं के लिए नही है, जिन योजनाओं में पिछले बजट में भी पैसा खर्च नहीं हो पाया था, और बहुत से महत्वपूर्ण विभाग जिसमें पर्यटन विभाग भी शामिल हैए को नई योजनाओं



के नाम पर कुछ भी नहीं मिलाए जबकि साल भर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और माननीय प्रधानमंत्री जी पर्यटन को लेकर बातें करते रहे लेकिन बजट में वह बातें हकीकत नहीं बन पाई, पर्यटन के अलावा अन्य महत्वपूर्ण विभाग भी हैं जहां से इस प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिल सकता था लेकिन इस बजट में उन्हें कुछ भी नहीं दिया गया। श्री तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए नई योजनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल खड़े करते हुये कहा कि इस बजट में अधिकांश योजनाएं केंद्र सरकार की ही हैं जिन्हें प्रदेश की भाजपा सरकार अपना बनाकर प्रस्तुत कर रही है।

## सीएमएस छात्र नैतिक रावत को 1,54,800 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के छात्र नैतिक रावत को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,54,800 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नैतिक को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफ्लता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने नैतिक की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

# अनूप जलोटा ने डा. भारती गाँधी से मुलाकात कर प्रकट की संवेदना



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा ने आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल, प्रधान कार्यालय में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी से मुलाकात कर सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी के निधन पर अपनी गहरी संवेदनायें प्रकट की।

इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डा. जगदीश गाँधी से जुडे अपने लगाव को याद करते हुए श्री जलोटा ने कहा कि डा. जगदीश गाँधी जैसी महान विभूतियां कभी कभार ही इस धरती पर अवतरित होती हैं। डा. गाँधी ने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा व उनके उज्जवल भविष्य हेतु जो मील के पत्थर स्थापित किये हैं, उन पर वर्तमान व आने वाली पीढ़ियां गर्व सदैव करेंगी। इस अवसर पर श्री जलोटा ने अपने भावनाएं एक गीत से व्यक्त की, जिनके बोल थे - 'एक युग पुरुष आये महात्मा गाँधी, साठ करोड़ लोगों को आजादी दिला गये। दूसरे युग पुरुष आये श्री जगदीश गाँधी, साठ हजार बच्चों को काबिल बना गये।

# प्रदेश सरकार का बजट ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारी निराशा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज विधानसभा में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री जी द्वारा जो बजट पेश किया गया उसमें ऊर्जा क्षेत्र को भारी निराशा हाथ लगी है सबसे बडा चैंकाने वाला मामला यह है कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिसत निजी नलकूप पर छूट लागू की गई और कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिसत छूट दी जाएगी यानी की 1 अप्रैल 2023 से किसानों की बिजली फ्री रहेगी और इस बार 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर विद्युत आपूर्ति हेतु 1800 करोड रूपया की व्यवस्था की गई है यह बडा सवाल है कि वर्ष 2023 -24 में किसानों को फ्री बिजली का लाभ आज तक नहीं मिला और अब रियायत दर पर बिजली का ऐलान किया जा रहा है तो उत्तर प्रदेश सरकार स्पष्ट करें कि फ्री बिजली लागू होगी? या फिर

**■ किसानों में बढ़ेगी नाराजगी : अवधेश कुमार वर्मा**

किसानों के लिए रियायत दर पर सब मिलाकर ऊर्जा क्षेत्र के वर्ष 2023 -24 व 2024-25 के बजट से किसान पूरी तरीके से दो रहे पर खडा है कि उसके लिए कौन सी योजना लागू हो रही है वास्तव में जो भी योजना सरकार लागू कर रही है उसे स्पष्ट करें जिससे किसान अपने बजट के अनुसार अपने विद्युत बिल की व्यवस्था करें।

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा पूरे देश में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति लागू हो गई है और रोस्टर खत्म हो गया इस बजट में इस संबंध में कोई भी योजना का क्रियान्वन हेतु कोई व्यवस्था प्रस्तावित नहीं की गई गर्मी में लगातार विद्युत आपूर्ति हेतु 2000 करोड की व्यवस्था से थोडा बहुत गर्मी में उपभोक्ताओं को सुचार विद्युत आपूर्ति मिल सकती है।

# छात्राओं का शिक्षित होना बेहद जरूरी : स्वाती

## पीरियड्स को लेकर शर्मिंदगी छोड़ें छात्राएं, बन सकती है सर्वाइकल कैंसर की वजह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** देश के नवनिर्माण में आधी आबादी की सशक्त भूमिका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन कानून और महिला स्वास्थ्य-स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर स्वाती फाउण्डेशन ने सोमवार को राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज विकास नगर में विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि आधी आबादी को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ धरातल पर उतारने के लिए बच्चियों का शिक्षित होना बेहद जरूरी है।

इस दौरान स्वाती सिंह ने शुगर कॉस्मेटिक की सीईओ विनीता सिंह सहित आज के दौर की कामयाब महिलाओं का जिक्र करते हुए छात्राओं से उनके जैसी ऊंची उड़ान भरने के लिए हौसला और जज्बा रखने की बात कही। उन्होंने इंदिरा



गांधी, गायत्री देवी, सुषमा स्वराज, किरन बेदी, स्मृति इरानी, कल्पना चावला आदि का भी जिक्र किया।

स्वाती सिंह ने कहा कि संसद में अभी तक साढ़े सात हजार सांसदों में करीब 650 महिलाएं ही पहुंच पाई हैं। दुर्भाग्य से हमारा समाज और विशेष रूप से राजनीतिक दल स्वाभाविक रूप से पितृ सत्तात्मक व्यवस्था की ओर झुकते हैं। इसी सोच को बदलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधी आबादी के सशक्त हस्ताक्षर के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून को लाने का काम किया है। इसकी बदौलत महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को प्रभावी तरीके से सामने लाने में मदद मिलेगी।

पूर्व मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कानून मोदी सरकार की नीति, नीयत और निष्ठा का प्रतीक है। यह मातृशक्ति को एक रचनात्मक भूमिका प्रदान करेगा। यह नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने की भाजपा की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सम्मान और समर्थन मिल रहा है, जिसकी वे वास्तविक हकदार है। उन्होंने महिलाओं को उज्ज्वला योजना के जरिए जहां धुएं से निजात दिलाई, वहीं तीन तलाक की बेड़ियों को तोड़ने का अभूतपूर्व काम किया। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में इस प्रभावी कदम के जरिए निश्चित ही हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी तथा महिलाएं पूरे दमखम के साथ देशवासियों की आवाज लोकतंत्र के मंदिरों में प्रखरता से बुलंद करेंगी।

इस दौरान छात्राओं को माहवारी को लेकर जागरूक किया गया। उन्हें समझाया गया कि पीरियड्स के दौरान शर्मिंदा होने जैसी कोई बात नहीं है। इसमें छिपाने जैसा कुछ नहीं है। इस दौरान लापरवाही बरतना सर्वाइकल कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है।

# कैंसर की फ्री जांच सात फरवरी को टीएमयू में

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद की ओर से 07 फरवरी को हॉस्पिटल में कैंसर जांच निवारण कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप गायनेकोलॉजी, सर्जरी और डेंटल विभाग की ओर से लगेगा। कैंप में मरीज़ों की मुफ़्त सर्वाइकल, स्तन और माउथ कैंसर की जांच विशेषज्ञ मुफ़्त में करेंगे। मुंह और स्तन की जांच डायग्नोस्टिक टेस्ट से की जाएगी और सर्वाइकल कैंसर की जांच पैपस्मीयर की सहायता से की जाएगी। उल्लेखनीय है, स्क्रीनिंग परीक्षण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लक्षण प्रकट होने से पहले पता लगाने में मदद करता है। इन कैंसरों का जितना जल्दी पता चलता है, इनके इलाज में सफलता की संभावना उतनी ही अधिक होती है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह कहते हैं, कैंसर एक घातक

**■ यह कैंप गायनेकोलॉजी, सर्जरी और डेंटल विभाग की ओर से लगेगा**

बीमारी है। वैश्विक स्तर पर कैंसर का बोझ दिनों-दिन बढ़ रहा है। यदि इसका समय पर इलाज नहीं किया गया तो यह शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है।

टीएमयू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सिंह कहते हैं, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर हम संकल्प लें कि कैंसर जैसी बीमारी से हम सब जागरूक रहेंगे। सेहत के प्रति सावधानी और जागरूकता से ही कैंसर से बचा जा सकता है। महिलाओं में स्तन कैंसर प्रमुख है। तम्बाकू इसका सबसे बड़ा कारण हैं। यदि हम कैंसर की बात करें तो 25 प्रतिशत कैंसर का कारण किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन है। सबसे पहले और आवश्यक है कि तम्बाकू को छोडें और एक हेल्दी खाना लें।